3 राजधानी
दिल्ली में जीडीपी 5 सालों में 50% तक बढ़ीः बैजल

6 अभिमत
जातिवाद का अंत नहीं भाजपा की जीत

10 विदेश
रूस ने राहतकर्मियों को बंदी बनाया

11 विविध
अपराधबोध को दें मात

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 135
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 24 मार्च, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



जडेजा फिर से आलराउंडरों की सूची में शीर्ष पर
स्पोर्ट्स-12

# बीरभूम नरसंहारः खिड़कियों को काटकर महिलाओं, बच्चों को जिंदा आग में झोंका

### ● ग्रामीणों ने कहा-अवैध रेत, कोयला और पत्थर खनन की आय को लेकर था झगड़ा

**सौगर सेनगुप्ता** । बागतुई/बीरभूम

'**रात** के 9 बजे थे, वे लोग बम बरसा रहे थे, मेरे जैसे व्यक्ति अपनी जान बचाने के लिए धान के खेतों में छिप गए थे। उम्मीद थी कि हमलावर महिलाओं और बच्चों को छोड़ कर वापस चले जाएंगे, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। औरतों ने खुद को बचाने के लिए घरों में कैद कर लिया। हम सभी लोगों के नहीं मिलने पर अनारुल शेख के आदमियों ने खिड़कियों की जालियों को काटकर महिलाओं और बच्चों को बंदी बना लिया। उन लोगों के सामने मेरे दोनों पोतों ने रहम की भीख मांगी, लेकिन उनका दिल नहीं पसीजा।

मैं दूर से लाचार देखता रहा, आरोपियों ने उन पर डीजल डालकर आग लगा दी। यह सब मेरी आंखों के सामने हो रहा था, मैं 10 लोगों को चीखते-चिल्लाते मरते हुए देखा। खुद को खेत में इस तबाही के मंजर को रोते हुए देखा।' बीरभूम जिले के बगतुई गांव में मंगलवार की खौफनाक रात के बारे में दहशतजदा मिहिलाल और मणिरुल शेख ने कुछ इस तरह की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह हमला प्रतिद्वंद्वी तृणमूल कांग्रेस के गिरोहों द्वारा जवाबी हमला कोयला, बालू व पत्थर के माफिया अपने वर्चस्व को लेकर किया, जिसमें 6 महिलाओं और 2 बच्चों समेत 10 लोगों की मौत हो गई थी। जवाबी हमले से दो घंटे पहले स्थानीय टीएमसी ब्लॉक अध्यक्ष अनारुल शेख के बेहद करीबी रहे उप पंचायत प्रधान भादु शेख की बम से हत्या से कर दी गई थी। मनीरुल ने आरोप लगाया कि भादु और अनारुल का बंगाल झारखंड सीमा पर पर पूरे कोयला-बलुआ-पत्थर रैकेट पर गिरोह का नियंत्रण है। हमले में अपनी मां, पत्नी, एक बेटी और दो पोतों को खो चुके मिहिलाल ने शिकायत की भादू एक डॉन था और टीएमसी जिलाध्यक्ष का बेहद करीबी था। भादु राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य अनुब्रत मंडल रामपुरहाट और आसपास के अन्य शहरों में चुनाव के लिए प्रबंध ( शेष पेज 8 )



बीरभूम में आग लगाए गए घरों को देखते सीपीआईएम नेता

### ममता ने राज्यपाल से कहा-अपने काम पर ध्यान दें

**बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को बंगाल राज्यपाल जगदीप धनखड़ पर बयान देते हुए व्यापक हमला बोला। उन्होंने कहा कि हमें अपने राज्य के लोगों की चिंता है। हम कभी नहीं चाहेंगे किसी को कुछ भी भुगतना पड़े। बीरभूम, रामपुरहाट की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। मैंने ओसी, एसडीपीओ को तुरंत बर्खास्त (बंद) कर दिया है। बनर्जी ने मंगलवार को राज्यपाल को एक पत्र लिखा था जिसमें उन्होंनेउनसे अनुचित बयान देने से परहेज करने को कहा था।

### चुपके से दफनाए गए शवों की शिनाख्त नहीं हुई

**राज्य** सरकार द्वारा न्याय का आश्वासन देने के बाद भी बागतुई के पीड़ित परिजनों ने पुलिस प्रशासन और उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठाना जारी रखा। अपने परिवार के अधिकांश सदस्यों को खोने वाले मिहिलाल से पूछते हैं कि हमारे परिजनों को किसने मारा, किसने दफनाया हमें पता नहीं। मृतकों की पहचान के लिए हमें किसी ने फोन नहीं किया। प्रशासन ने अंधेरे में उनको दफना आएंगे। ऐसे में सबूत कैसे मिलेगा। एक स्थानीय स्कूल के शिक्षक ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि शव की पहचान कैसे होगी जब मान्यता के विपरीत उनको जला दिया गया। इसका मतलब यह सब जानबूझकर किया गया। ऐसे में तो आरोप बच जाएंगे।

### हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान पुलिस से मांगी रिपोर्ट

**कलकत्ता** उच्च न्यायालय ने बीरभूम जिले के रामपुरहाट आगजनी की घटना पर राज्य पुलिस से 24 घंटे के भीतर एक स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले में दस लोगों की मौत के बाद राज्य की राजनीति में हंगामा बरपा हुआ हैं। कोर्ट ने मामले में सख्त रवैया अपनाते हुए स्वतः संज्ञान लिया है। कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव और जस्टिस राजश्री भारद्वाज की बैंच ने कहा कि जिला कोर्ट और डीजीपी सुनिश्चित करें कि घटना के सबूत को नहीं मिटाया जा सके। साथ ही गवाहों और गांव वालों की सुरक्षा दी जाए। यदि किसी शव का पोस्टमार्टम अभी बाकी रहा है तो उसकी वीडियोग्राफी की जाए। कोर्ट ने साथ ही जिला प्रशासन को निर्देश दिया है कि इलाके में सीसीटीवी कैमरें भी लगाए।

# 31 मार्च से हट जाएंगे कोविड प्रतिबंध

### ● मास्क और सामाजिक दूरी के मानदंड रहेंगे जारी

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**कोरोना** वायरस संक्रमण के मामलों में पिछले 7 सप्ताह से लगातार गिरावट को देखते 31 मार्च से देश में सभी कोविड प्रतिबंध हटा लिया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को उपरोक्त फैसला लेते हुए कोविड रोकथाम उपायों को समाप्त करने का फैसला लिया है। हालांकि, एहतियात के तौर पर डब्ल्यूएचओ की चेतावनी और यूरोपीय और एशियाई देशों के कुछ हिस्सों में मामलों में लगातार कोविड मामलों में बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने पहले की तरह मास्क पहनना और सामाजिक दूरियों (सोशल डिस्टेंसिंग) के मानदंडों को बनाए रखने जैसे कोविड के उचित व्यवहार को जारी रखने का निर्णय लिया है।

हालांकि, बुधवार को मंगलवार के आंकड़ों की तुलना में कोविड संक्रमण के मामले लगभग 11 फीसदी अधिक (1,778) थे। कोविड -19 मामलों की कुल संख्या 4,30,12,749 है। आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में 62 मौतें हुई हैं, इसके साथ ही मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,16,605 हो गई है। वहीं सक्रिय मामले घटकर 23,087 रह गए हैं। राज्यों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने निर्णय लिया है कि कोविड रोकथाम उपायों के लिए आपदा प्रबंधन अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने की कोई आवश्यकता नहीं हो सकती है। केंद्र सरकार ने 24 मार्च, 2020 को पहली बार देश में कोविड-19 की रोकथाम के लिए आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत आदेश और दिशा-निर्देश जारी किए थे और इन्हें विभिन्न अवसरों पर संशोधित किया गया था।

गृह सचिव ने कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने भी अपनी क्षमता और प्रणालियों को विकसित कर महामारी के प्रबंधन के लिए अपनी विस्तृत विशिष्ट योजनाओं को लागू किया है, पिछले सात हफ्तों में संक्रमण मामलों की संख्या में भारी गिरावट आई है। भल्ला के अनुसार 31 मार्च को मौजूदा आदेश की समाप्ति के बाद, गृह मंत्रालय द्वारा आगे कोई आदेश जारी नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हालांकि, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने फेस मास्क और हाथ की स्वच्छता के उपयोग सहित कोविड रोकथाम उपायों पर सलाह दी, महामारी के लिए समग्र राष्ट्रीय प्रतिक्रिया का मार्गदर्शन करना जारी रखेगा। गृह सचिव ने हालांकि कहा कि बीमारी की प्रकृति को देखते हुए लोगों को अभी भी स्थिति से सतर्क रहने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि जब भी मामलों की संख्या में कोई वृद्धि देखी जाती है, तो राज्य और केंद्र शासित प्रदेश स्थानीय स्तर पर त्वरित और सक्रिय कार्रवाई करने पर विचार कर सकते हैं, जैसा कि इस संबंध में समय-समय पर स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सलाह दी जाती है। भल्ला ने कहा कि मैं सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सलाह दूंगा कि वे कोविड रोकथाम उपायों ( शेष पेज 8 )



कराड में कोरोना रोधी टीका लगवाते स्कूली बच्चे

# दिल्ली में एक अगस्त से मिलने लगेगा प्रदूषण का रियल टाइम डाटा

### ● मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रीयल टाइम सोर्स अपॉर्शन्मन्ट परियोजना की समीक्षा बैठक की

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली



**राजधानी** दिल्ली में हर साल अक्टूबर के पहले सप्ताह से प्रदूषण का स्तर बढ़ना शुरू होता है और जनवरी के अंत तक रहता है। जहरीली हवा न सिर्फ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह पर्यावरण के लिहाज से चिंता का विषय भी बन गया है।

पर्यावरण विशेषज्ञों के मुताबिक इसका प्रमुख कारण समय रहते प्रदूषण की रोकथाम के लिए जरूरी कदम नहीं उठाना है। लेकिन अब इस समस्या से दिल्ली को निजात मिल जाएगी। आम आदमी पार्टी की सरकार ने प्रदूषण पर अंकुश लगाने की तैयारी कर ली है। अब दिल्ली में 1 अगस्त से प्रदूषण का रियल टाइम वास्तविक डाटा मिलने लगेगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रीयल-टाइम सोर्स अपॉर्शन्मन्ट और प्रदूषण पूर्वानुमान परियोजना को लेकर बुधवार को आईआईटी दिल्ली व आईआईटी कानपुर, द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) की टीमों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें आईआईटी कानपुर की टीम ने अवगत कराया कि दिल्ली में प्रदूषण के वास्तविक स्रोतों का पता लगाने के लिए सुपर साइट की स्थापना जुलाई के अंत तक हो जाएगी। केजरीवाल ने कहा कि इससे प्रदूषण में रियल टाइम कारकों का पता लगेगा, जिससे प्रदूषण के उस सोर्स को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर मुकेश ने बताया कि सुपरसाइट की स्थापना के लिए उपयुक्त स्थान की पहचान की है। पंडारा रोड पर सुपरसाइट स्थापित करने की योजना है।

जुलाई के अंत तक सुपरसाइट की स्थापना कर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। सुपरसाइट 36 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनाई जाएगी। जिसकी ऊंचाई 3 मीटर होगी। इसे जमीन से करीब 9 से 14 मीटर ऊपर बनाया जाएगा। इसके साथ ही एक मोबाइल ऐप भी शुरू हो जाएगा। इसके जरिए अलग-एलग स्थानों पर प्रदूषण के कारणों का पता लगाया जाएगा। दिल्ली वायु प्रदूषण का वास्तविक समय स्रोत विभाजन करने वाला पहला शहर बनेगा। रीयल-टाइम सोर्स अपॉर्शन्मन्ट परियोजना दिल्ली में किसी भी स्थान ( शेष पेज 8 )

# योगी आज चुने जाएंगे भाजपा विधायक दल के नेता



**पायनियर समाचार सेवा** । लखनऊ

**प्रदेश** में 37 वर्ष बाद सत्ता में लगातार दूसरी बार वापसी का इतिहास रचने वाले योगी आदित्यनाथ गुरुवार को फिर मुख्यमंत्री चुने जाएंगे। दोबारा सत्ता की कमान योगी आदित्यनाथ के ही हाथ में होगी, यह पहले से तय है लेकिन इसकी औपचारिक घोषणा केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाए गए गृहमंत्री अमित शाह और सह-पर्यवेक्षक रघुवर दास की मौजूदगी में होने वाली भाजपा विधायक दल की बैठक में होगी।

इसके बाद राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के समक्ष योगी सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। विधायक दल के नेता चुनाव के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, सह पर्यवेक्षक एवं पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान और पार्टी के प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह की मौजूदगी में लोकभवन ( शेष पेज 8 )

### शपथ ग्रहण की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंची

**इसके** बाद 25 मार्च को लखनऊ में शहीद पथ पर स्थित इकाना स्टेडियम में योगी आदित्यनाथ का शपथ ग्रहण समारोह होगा जिसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 24 मार्च से राजधानी में शपथ ग्रहण समारोह के लिए कार्यकर्ताओं की जुटान शुरू हो जाएगी। योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में यूपी में लगातार दूसरी बार प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने जा रही भाजपा ने इस बार शपथ ग्रहण समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए बड़े पैमाने पर तैयारियां की हैं। इसके लिए कार्यकर्ताओं को बकायदा 12 सूत्रीय दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। बैठक में भाजपा के सभी विधायक मौजूद ( शेष पेज 8 )

# धामी फिर बने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री

### ● आठ कैबिनेट मंत्रियों ने भी ली शपथ, प्रधानमंत्री सहित अनेक गणमान्य लोग रहे उपस्थित

**पायनियर समाचार सेवा** । देहरादून

**पुष्कर** सिंह धामी ने बुधवार को एक भव्य समारोह में लगातार दूसरी बार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर प्रदेश की राजनीति में नया इतिहास रचा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय कैबिनेट के कई मंत्री और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित एक शानदार समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने 46 वर्षीय धामी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

समारोह में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और प्रदेश के चुनाव प्रभारी प्रह्लाद जोशी सहित कई केंद्रीय नेता मौजूद थे। इनके अलावा, उत्तर प्रदेश के मनोनीत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गोवा के मनोनीत मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर और राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया भी समारोह में उपस्थित थे। समारोह में बड़ी संख्या में साधु-संतों की उपस्थिति ने भी सबका ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। उनके लिए अलग से बनाए गए मंच पर जाकर धामी ने उनके पैर छुए और उनका आशीर्वाद लिया।

उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं की जबरदस्त नारेबाजी के बीच संपन्न समारोह में धामी के साथ आठ कैबिनेट मंत्रियों ने भी पद और गोपनीयता की शपथ ली जिसमें से पांच सतपाल महाराज, गणेश जोशी, धनसिंह रावत, सुबोध उनियाल और रेखा आर्य भाजपा नीत पूर्ववर्ती सरकारों का भी हिस्सा रहे हैं। धामी मंत्रिमंडल में ( शेष पेज 8 )



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई देते हुए

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,684 | ↓ | 304 | |
| निफ्टी | 17,245 | ↓ | 69 | |
| सोना | 51,401 | ↓ | 23 | /10g |
| चांदी | 67,822 | ↑ | 245 | /kg |

## क्विक न्यूज

### हीरो मोटोकॉर्प, उसके चेयरमैन के परिसरों पर आयकर विभाग की छापेमारी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कर चोरी की जांच के सिलसिले में बुधवार को देश की प्रमुख दोपहिया विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प के कई परिसरों पर छापे मारे। अधिकारियों ने बुधवार को बताया किहीरो मोटोकॉर्प समूह के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पवन मुंजाल और अन्य प्रवर्तकों के कार्यालय एवं आवासीय परिसरों पर छापे मारे गए। यह छापेमारी कंपनी के गुरुग्राम, दिल्ली और अन्य शहरों मे स्थित परिसरों पर की गई। हीरो मोटोकॉर्प ने आयकर विभाग की इस छापेमारी को नियमित जांच का हिस्सा बताते हुए कहाकि वित्त वर्ष खत्म होने के पहले इस तरह की कार्रवाई असामान्य नही है।

# स्कूलों में मध्यान्ह भोजन योजना फिर शुरू करे सरकारः सोनिया

**भाषा** । नई दिल्ली

**कांग्रेस** अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को लोकसभा में सरकार से आग्रह किया कि कोविड-19 के कारण लंबे समय से बंद स्कूलों के खुलने के बाद अब मध्याह्न भोजन की व्यवस्था फिर से आरंभ की जाए ताकि बच्चों को गर्म और पका हुआ पौष्टिक भोजन मिल सके। उन्होंने सदन में शून्यकाल के दौरान यह विषय उठाया। रायबरेली से लोकसभा सदस्य गांधी ने कहा, देश की सभी संस्थाओं में स्कूल ही सबसे पहले बंद हुए थे और सबसे आखिर में खुले हैं।

जब स्कूल बंद हुए थे तो मध्याह्न भोजन की व्यवस्था भी रुक गई थी। ये तो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून और उच्चतम न्यायालय के आदेश थे जिनके कारण लोगों को सूखा राशन दिया गया, लेकिन बच्चों के लिए सूखा राशन, पके हुए पौष्टिक भोजन का कोई विकल्प नहीं है। सोनिया गांधी ने कहा, यह सच है कि हमारे बच्चों के परिवारों की आजीविका को बहुत बुरे संकट का सामना करना पड़ा है। लेकिन अब जैसे-जैसे बच्चे स्कूलों में वापस आ रहे हैं, उन्हें और भी बेहतर पोषण की आवश्यकता है।

यही नहीं, मध्याह्न भोजन से उन बच्चों को वापस स्कूल लाने में भी मदद मिलेगी, जो इस महामारी के दौरान स्कूल छोड़ चुके हैं। उनका कहना था, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2019-21 के अनुसार हाल के वर्षों ( शेष पेज 8 )



### हैदराबाद में कबाड़ गोदाम में आग लगने से बिहार के 11 प्रवासी श्रमिकों की मौत

**भाषा** । हैदराबाद

**हैदराबाद** में कबाड़ गोदाम में बुधवार को तड़के भीषण आग लगने से बिहार के 11 प्रवासी मजदूरों की झुलसकर मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मजदूरों के शव इस कदर झुलस चुके हैं कि उन्हें डीएनए जांच के बिना पहचानना मुश्किल होगा। उन्होंने बताया कि गोदाम में कथित तौर पर आग से सुरक्षा का बंदोबस्त नहीं किया गया था और एक ही संकरी सीढ़ी होने के कारण आग से बचकर भाग पाना लगभग असंभव था। हालांकि एक व्यक्ति कमरे से छलांग लगाकर अपनी जान बचाने में कामयाब रहा। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने इस घटना पर गहरा दुःख जताया है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने पीड़ितों ( शेष पेज 8 )

# प्रताप विहार में दीवार गिरने से तीन की मौत

### ● निर्माणाधीन नाले के काम के दौरान गिरी रैनबो स्कूल की दीवार, कई मजदूर दबे

**पायनियर समाचार सेवा** । गाजियाबाद

**प्रताप** विहार के वार्ड नंबर14 में मंगलवार-बुधवार की रात ढाई बजे निर्माणधीन नाले के ऊपर स्कूल की दीवार के गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई और कई मजदूर दब गए। जानकारी के अनुसार निर्माण कार्य के समय करीब एक दर्जन मजदूर मौके पर मौजूद थे। हादसे की सूचना के बाद पुलिस प्रशासन राहत व बचाव कार्य में जुट गई है।

हादसे के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने किसी तरह से मलबे में दबे लोगों को निकाला। हादसे में बुरी तरह से जख्मी पांच में से तीन मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वाले मजदूरों में अतहर रैजा 18, तौफिक आलम 21 और मोहम्मद मुनकेश 19 शामिल है। सभी मृतक बिहार के अररिया जिला के निवासी थे। घायलों में मोहम्मद सिराज और शाबिर शामिल है। जबकि करीब आधा दर्जन मजदूरों को मामूली चोट आई है। गंभीर रूप से घायल दोनों ही मजदूरों को संतोष मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। सभी घायल भी बिहार के अररिया जिले के हैं। प्रताप विहार में न्यू रैनबो पब्लिक स्कूल के पास निगम का ठेकेदार नाला बनाने का कार्य करा रहा था।

नाला शनि तिराहे से होकर एनएच-9 तक बनाया जा रहा है। नगर निगम ने पिछले कई महीने पहले एक करोड़ चार लाख रुपये में नाला बनाने का ठेका मैसर्स नॉर्थ इंडिया कंपनी को मिला था। क्षतिग्रस्त नाले को सीमेंटेड बनाया जा रहा है। हर रोज की तरह मंगलवार की रात करीब 11 बजे ( शेष पेज 8 )



दीवार गिरने के बाद मलवे को हटाते स्थानीय लोग और कर्मचारी

### देश का निर्यात पहली बार 400 अरब डॉलर के पार

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**पेट्रोलियम** उत्पाद, इंजीनियरिंग, रत्न एवं आभूषण तथा रसायन जैसे क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से देश का निर्यात चालू वित्त वर्ष में 400 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है। किसी वित्त वर्ष में निर्यात का आंकड़ा पहली बार 400 अरब डॉलर के पार गया है। वाणिज्य मंत्रालय के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, वस्तुओं का निर्यात 2021-22 में 21 मार्च तक 37 प्रतिशत बढ़कर 400.8 अरब डॉलर पहुंच गया। इससे पूर्व वित्त वर्ष 2020-21 में यह 292 अरब डॉलर था। इससे पहले, 2018-19 में निर्यात रिकॉर्ड 330.07 अरब डॉलर पर गया था। चालू वित्त वर्ष में आयात 589 अरब डॉलर रहा है। इससे व्यापार घाटा करीब 189 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। वस्तुओं के निर्यात का रिकॉर्ड लक्ष्य 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के समाप्त होने से नौ दिन पहले ही ( शेष पेज 8 )

# आज से शुरू होगी यूपी बोर्ड परीक्षा

## जनपद में बने 58 केंद्रों पर 37520 परीक्षार्थी होंगे शामिल

● प्रथम पाली में सुबह 8 से 11:15 तक 10वीं और दूसरी पाली में 2 से 5:15 तक बारहवीं के छात्र देंगे परीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा आज से शुरू होगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली में सुबह आठ बजे से 11:15 बजे 10वीं और दूसरी पाली में दो से 5:15 बजे तक 12वीं की परीक्षा आयोजित की जाएगी। छात्राएं व दिव्यांग छात्रों के लिए स्वकेंद्र की प्रणाली लागू हैं, जबकि अन्य छात्र दूसरे केंद्रों पर परीक्षा देंगे। इस बार बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 58 केंद्रों का निर्धारण हुआ है, सभी केंद्रों पर शिक्षा विभाग ने नकलविहीन परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली है।

जिला विद्यालय निरीक्षक डा धर्मवीर सिंह ने बताया कि 10वीं और 12वीं में 37520 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। 10वीं के 20511 और 12वीं के 17009 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए 58 केंद्रों को छह जोन और 11 सेक्टरों में बांटा गया है। केंद्रों की निगरानी के लिए जोन और सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी गई है। सभी केंद्रों की आनलाइन निगरानी भी की जाएगी। सीसीटीवी कैमरे और वायस रिकार्डिंग की सुविधा रहेगी।




वेब कास्टिंग के जरिए सभी केंद्रों को डीआइओएस कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। सभी केंद्र 15 दिन का सीसीटीवी रिकार्ड भी सुरक्षित रखेंगे। केंद्र पर विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर पांच मिनट के अंदर जनरेटर की व्यवस्था रहेगी। परीक्षा के दौरान बाहरी व आंतरिक सचल दस्ता निरीक्षण करेगा।

परीक्षार्थी केंद्रों पर प्रवेश पत्र व पेन ही साथ ले जा सकेंगे। किसी भी तरह की पर्ची मिलने पर परीक्षार्थियों के खिलाफकार्रवाई होगी। सभी केंद्रों पर प्रश्नपत्र और कापियां पहुंच चुकी है। इन्हें डबल लॉकर में रखा गया है। प्रश्नपत्र स्टेटिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में निकाले जाएंगे। सुरक्षा के मध्यनजर केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी।

## बेसिक स्कूलों में सप्ताह में दो दिन मिलेंगे फल

**नोएडा।** जिले में परिषदीय विद्यालयों में अब सप्ताह में दो दिन विद्यार्थियों को मौसमी फल बांटे जाएंगे। मध्याह्न भोजन के बाद बच्चों को फ ल मिलेंगे। अभी तक सिर्फ एक ही दिन बच्चों को फ ल दिए जाते थे। विद्यार्थियों की सेहत सुधारने व शरीर में पोषक तत्व की पूर्ति के लिए यह निर्णय लिया गया है।

मिड-डे.मिल के जिला समन्वयक विनय कुमार ने बताया कि स्कूलों में पोषण की वाटिका योजना के तहत सब्जी उगाने के प्रोजेक्ट पर भी काम चल रहा है। चार रुपए प्रति छात्र की दर से विद्यार्थियों को मौसमी फ लों में सेब, केला, चीकू, संतरा, नाशपाती, शरीफा आदि फल वितरित करने के आदेश दिए गए हैं। अब सप्ताह में सोमवार व गुरुवार को फल बटेंगे।

# बुजुर्ग को 3 युवकों ने उतारा मौत के घाट

## वारदात के बाद गांव में फैला तनाव, पुलिस बल तैनात

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में एक सनसनीखेज मामला आया है। बीती देर रात एक बुजुर्ग व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। इस मामले में मृतक के बेटे ने गांव के 3 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। इस मामले के बाद गांव में पुलिस बल तैनात है।

ग्रेटर नोएडा के डीसीपी अमित कुमार ने बताया कि मंगलवार को चाचली गांव के निवासी रमन सिंह ने जेवर थाने में पुलिस को सूचना दी कि उनके 55 वर्षीय पिता राम सिंह रात करीब 2:30 बजे अपने घेर में सो रहे थे। तभी गांव के ही रहने वाले



रवि, विशाल और अमन वहां पर आ गए और उनके पिता पर चाकू और डंडे से जानलेवा हमला किया। इस जानलेवा हमले में उनके पिता राम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। डीसीपी ने बताया कि वारदात वाली रात से पहले शाम के समय भी इनका झगड़ा हुआ था, लेकिन किसी ने इसकी सूचना नहीं दी। पुलिस ने इस मामले में मृतक के बेटे की शिकायत के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया है और आरोपियों की तलाश के लिए दो पुलिस की टीमें गठित की गई है।

इस घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पीड़ित पक्ष और आरोपी पक्ष के बीच विवाद होने की आशंका जाहिर की जा रही है। गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। जिन लोगों ने बुजुर्ग की हत्या की है, उन लोगों के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। अभी तक आरोपियों का कुछ भी पता नहीं चल पाया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में कुछ पुरानी रंजिश भी हो सकती है। आरोपियों की गिरफ्तार होने के बाद पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# प्राधिकरण ने ठेकेदारों को दिया अल्टीमेटम

## 72 घंटे में नहीं सुधरी व्यवस्था तो होगी कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ठेकेदारों और सफाईकर्मियों के बीच चल रहे विवाद को सुलझा लिया है। प्राधिकरण के एसीईओ दीप चंद्र ने ठेकेदारों और सफाई कर्मियों के साथ बैठक की। एसीईओ ने किसी भी सफ ईकर्मी को नौकरी से न हटाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी गतिरोध को सुलझाते हुए सफाई व्यवस्था को 72 घंटे में दुरुस्त करने का अल्टीमेटम दिया है।

इसके बाद भी व्यवस्था नहीं सुधरी तो ठेकेदारों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही उनको ब्लैक लिस्ट भी किया जा सकता है।

ग्रेटर नोएडा में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए चार जोन में बांटते हुए अलग-अलग कॉन्ट्रैक्टरों को सफ ाई का जिम्मा दिया गया है। इस नई व्यवस्था में कॉन्ट्रैक्टर कुछ पुराने सफाई कर्मियों को नौकरी पर नहीं रखना चाहते, जिसके चलते सफ ाईकर्मियों और कॉन्ट्रैक्टरों के बीच कुछ दिनों से गतिरोध बना हुआ था।

प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के निर्देश पर मंगलवार को एसीईओ दीप चंद्र ने सफाई कर्मियों व कॉन्ट्रैक्टरों के साथ बैठक की। एसीईओ ने सभी कॉन्ट्रैक्टरों को निर्देश दिए कि पहले से कार्यरत किसी भी सफाई कर्मी को नौकरी से न निकाला जाए। करीब 35 सफ ाई कर्मियों की नौकरी पर दिक्कत थी। इन सभी को नौकरी पर रखें। उन्होंने कॉन्ट्रैक्टरों को 72 घंटे के अंदर सभी गतिरोध को दूर करते हुए शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने को कहा है।

एसीईओ ने चेतावनी दी है कि इस कार्य में और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवधि में व्यवस्था दुरुस्त ना हुई तो कॉन्ट्रैक्टरों पर तगड़ा जुर्माना लगाया जाएगा। उनको ब्लैक लिस्ट भी किया जा सकता है।

## किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म का आरोप युवक गिरफ्तार

**नोएडा।** पुलिस ने थाना सेक्टर-142 क्षेत्र से किशोरी को अगवा करके उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से पीड़िता को भी बरामद किया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी 19 मार्च को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा था। इसके बाद परिजनों ने रंजीत नाम के युवक पर शक जाहिर किया था। उनका आरोप था कि रंजीत उनकी बेटी को बहला-फु सलाकर अगवा कर ले गया है।

# न्यूज चैनल के पास आया बम विस्फोट का धमकी भरा मेल

## *पुलिस अलर्ट, हर जगह बढ़ाई सतर्कता*

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

फेस-2 थाना क्षेत्र में स्थित एक न्यूज चैनल के दफ्तर को ईमेल के माध्यम से धमकी भरे मैसेज मिले हैं। जिसमें दावा किया गया है कि दिल्ली में बड़ा बम धमाका होने वाला है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश पुलिस के अधिकारियों ने दिल्ली पुलिस अधिकारियों से साझा की है। जिसके बाद दिल्ली पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को नोएडा के फेस-2 थाना क्षेत्र में स्थित एक न्यूज चैनल को एक ईमेल आया, जिसमें दावा किया गया कि काफ ी जल्द दिल्ली में बम धमाका होगा। इस बात की सूचना न्यूज चैनल ने पुलिस को दी। जिसके बाद उत्तर प्रदेश पुलिस के बड़े अधिकारियों ने यह ईमेल दिल्ली पुलिस से साझा किए हैं। इस मामले के बाद दिल्ली पुलिस में हड़कंप मच गया है। न्यूज़ चैनल के पास आए धमकी भरे ईमेल के बाद नोएडा पुलिस और दिल्ली पुलिस अलर्ट हो गई है। मैसेज भेजने वाले ने खुद को तालिबान इंडिया संगठन से जुड़ा बताया है।

ई-मेल से मैसेज मिलने के बाद से ही नोएडा में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। हर एक जगह की निगरानी की जा रही है। मेट्रो स्टेशन और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी पुलिस की पैनी नजर है। दिल्ली को बम से उड़ाने की धमकी के बाद दिल्ली पुलिस के अधिकारी भी काफ ी अलर्ट हो गए हैं।

# कालोनाइजर पर शिकंजा कसने को मास्टर प्लान फेज 2 होगा संशोधित

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना प्राधिकरण फेज दो मास्टर प्लान को संशोधित करेगा। जेवर व टप्पल के बीच अधिसूचित क्षेत्र को मास्टर प्लान में शामिल किया जाएगा। इससे मास्टर प्लान में करीब 12 हजार हेक्टेयर क्षेत्र बढ़ जाएगा। शासन ने टप्पल को नगर पंचायत घोषित कर दिया है। इससे प्राधिकरण में अधिसूचित क्षेत्र का कुछ हिस्सा नगर पंचायत में शामिल हो गया है। क्षेत्र में बढ़ती अवैध कालोनी एवं निर्माण की गतिविधियों को देखते हुए प्राधिकरण टप्पल नगर पंचायत की सीमा तक मास्टर प्लान का विस्तार करेगा।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ डा अरुणवीर सिंह ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर की सीमा से लेकर टप्पल नगर पंचायत की सीमा तक अधिसूचित क्षेत्र को मास्टर प्लान में शामिल किया जाएगा। यमुना प्राधिकरण में गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा, आगरा जिले के 1188 गांव अधिसूचित हैं।

पहले फेज में गौतमबुद्धनगर व बुलंदशहर शामिल है। दूसरे फेज में अलीगढ़, मथुरा व हाथरस जिले का अधिसूचित क्षेत्र शामिल हैं। तीसरे चरण में आगरा के अधिसूचित क्षेत्र का विकास होगा।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कारण टप्पल क्षेत्र में औद्योगिक विकास की असीम संभावनाओं को देखते हुए प्राधिकरण ने फेज एक के साथ फेज दो का मास्टर प्लान भी तैयार किया था। इसके तहत टप्पल को लाजिस्टिक हब और मथुरा जिले में राया को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है।

## संक्षिप्त समाचार



बुधवार को नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में मौजूद राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

### राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने किया संगठन विस्तार

**नोएडा।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा संगठन विस्तार हेतु एक प्रेस वार्ता का आयोजन नोएडा मीडिया क्लब सेक्टर 29 नोएडा में किया गया। इसमें संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के के शर्मा, राष्ट्रीय संस्थापक महामंत्री सुधीर कांत शर्मा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री चिन्मय भारद्वाज, राष्ट्रीय कोर्डिनेटर राकेश शर्मा, अनुशासन समिति प्रदेश अध्यक्ष विनित शर्मा, प्रदेश महामंत्री प्रभारी पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रदीप चौधरी, पश्चिम क्षेत्र अध्यक्ष प्रवीण सेठी, मेरठ मंडल अध्यक्ष अजय सिंघल, गाजियाबाद जिला अध्यक्ष बाल किशन गुप्ता, तरूनीमा श्रीवास्तव, बोबी त्यागी, समीर शर्मा, अनिल शर्मा, हरि सिंह, सत्यवीर सिंह, धीरज धनखड़ उपस्थित रहे। व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री के रूप में यशपाल भाटी, विक्रम सिंह धनखड़ गौतबुद्धनगर जिलाध्यक्ष, सुखराम नागर को महानगर अध्यक्ष जिला गौतमबुद्धनगर के लिए घोषित कर मनोनीत किया गया। उन्हें राष्ट्रीय व्यापार मंडल पदाधिकारियों द्वारा मनोनयन पत्र भी सौंपा गया।



पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी।

### शख्स पर हमला करने वाले 4 गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना इकोटेक-3 पुलिस ने उपद्रव और हत्या का प्रयास करने वाले 4 फ रार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हाल में ही इन आरोपियों ने एक व्यक्ति के पुश्तैनी घर पर हमला कर दिया था। इस दौरान व्यक्ति को जान से मारने की कोशिश भी की गई थी। यह आरोपी एक ही परिवार से ताल्लुक रखते हैं। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि बीते दिनों ग्रेटर नोएडा के गांव चौगानपुर निवासी प्रवीण के पुश्तैनी मकान का ताला तोड़कर घर में तोड़फ ोड़ की गई थी। परवीन के भाई को जान से मारने की नीयत से हमला किया गया था। इस घटना को अंजाम देने के बाद यह चारों आरोपी फ रार चल रहे थे। जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि चारों आरोपी एक ही परिवार के हैं। इनकी पहचान बदले, राहुल, अनुज और नितिन के रूप में हुई है। आरोपी ग्रेटर नोएडा के गांव खेड़ा चौगानपुर के मूल निवासी है। चार में से तीन आरोपी सगे और जबकि एक चचेरा भाई है। पुलिस ने इनको गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

# तीन कंपनियों को लगाया 10-10 लाख का जुर्माना

## प्राधिकरण सीईओ ने किया शहर की परियोजनाओं का निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु महेश्वरी ने मंगलवार को शहर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लगभग एक दर्जन परियोजनाओं की गति धीमी पाई। जिस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए तीन कंपनियों पर 10-10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। साथ ही वर्क सर्किल के दो प्रबंधकों को काम में लापरवाही मिलने पर चेतावनी जारी की।

इसके अलावा सेक्टर-96 एक्सप्रेसवे पर अंडरपास का काम शुरू नहीं करने पर निर्माण कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए। सीईओ ने उद्यान, जनस्वास्थ्य, जल-सीवर और बीओटी आधार पर किए जा रहे कामों का निरीक्षण किया। रितु महेश्वरी ने सबसे पहले सेक्टर-14 में बन रही गौशाला का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने गौशाला के काम की गति धीमी पाई। जिस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया और 30 मार्च तक इसका कार्य पूरा करने को कहा। साथ ही उन्होंने वर्क सर्किल-1 के वरिष्ठ प्रबंधक को चेतावनी जारी की और कहा कि अगर 30 मार्च तक इसका कार्य पूरा नहीं होता है तो 10 लाख रुपए का जुर्माना और लगाया जाए। वही, सेक्टर-96 में प्राधिकरण का दफ्तर बन रहा है। जिसका कार्य अगस्त तक पूरा होना है। उन्होंने दफ्तर के काम में धीमी गति को देखते हुए चेतावनी दी कि अगर अगस्त तक इसका काम पूरा नहीं हुआ तो कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाए।

इसी के साथ प्राधिकरण के दफ्तर के सामने सेक्टर-96-126 के बीच अंडरपास का कम 3 महीने से बंद पड़ा है। अब से पहले भी इस पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया था, लेकिन इसका काम अभी तक शुरू नहीं हुआ है। जिस पर कार्रवाई करते हुए सीईओ ने संबंधित कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए हैं।

वही, पृथला गोल चक्कर पर बन रहे सिग्नेचर ब्रिज के कार्य का भी सीईओ ने निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने इसके कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देश दिए और जुलाई में इसको शुरू करने के लिए कहा। सीईओ ने कालिंदी कुंज पर बन रहे प्रवेश द्वार के कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इसके कार्य को 30 मार्च तक पूरा नहीं होने पर वर्क सर्किल.2 के प्रभारी को प्रतिकूल प्रविष्टि और निर्माण कर रही कंपनी पर 10 लाख रुपए जुर्माना लगाने के लिए कहा।



शहर में चल रहे परियोजनाओं का निरीक्षण करने पहुंची प्राधिकरण सीईओ।

## चार लोगों के खिलाफ रेप, हत्या का मामला दर्ज

**नोएडा।** शहर की एक सोसाइटी में 19 मार्च को आठवीं मंजिल से गिरकर एक घरेलू सहायिका की मौत के मामले में उसके भाई ने चार लोगों के खिलाफ बलात्कार तथा हत्या का मामला दर्ज कराया है।

सेक्टर 39 के थाना प्रभारी राजीव वालियान ने बताया कि 19 मार्च को सेक्टर चार स्थित एक सोसाइटी में काम करने वाली 17 वर्षीय घरेलू सहायिका आठवीं मंजिल से गिर गई थी। घटना में घरेलू सहायिका की मौत हो गई थी। वालियान ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विवाहिता की आत्महत्या मामले में पति सहित तीन पर केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर-113 पुलिस ने सेक्टर-76 स्थित आम्रपाली प्रिंसले स्टेट सोसाइटी में विवाहिता द्वारा आत्महत्या करने के मामले में उसके पति सहित ससुराल पक्ष के तीन लोगों पर केस दर्ज किया है।

सेक्टर-76 स्थित आम्रपाली प्रिंसले स्टेट सोसाइटी निवासी रिचा ने 20 मार्च को घर पर फ ंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया था। मृतका के भाई अवनीश कुमार ने ससुराल पक्ष के खिलाफ थाने में शिकायत दी है।

उनका कहना है कि रिचा की शादी वर्ष 2014 में विकास कुमार से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद रिचा को प्रताड़ित किया गया। उस समय पंचायत स्तर पर मामले को शांत कर दिया गया। इसके बाद भी स्थिति में सुधार नहीं आया। आरोप है कि आरोपी अपनी मां और पिता के साथ मिलकर उसे प्रताड़ित करते थे।

# तीन मिनट में चोरी कर ले गए ठेकेदार की कार

● सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

राजेंद्र नगर से ठेकेदार की कार हाइटेक चोर तीन मिनट में चोरी कर ले गए। वारदात होने पर सुबह पीड़ित को कार चोरी होने का पता चला। कार चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित ने साहिबाबाद थाना पुलिस से शिकायत कर कार बरामद करने की गुहार लगाई है। चोर वाहन चोरी करने के लिए स्विफ्ट कार से आते और जाते हुए दिखाई दिए हैं।

राजेंद्रनगर सेक्टर पांच में खेतान पब्लिक स्कूल के पास आईटी कंपनीकर्मी मनीष गुप्ता परिवार संग रहते हैं। उनके छोटे भाई उमेश गुप्ता ठेकेदार हैं। मंगलवार रात को उन्होंने अपनी कार घर के बाहर खड़ी की थी। बुधवार सुबह को कार मौके पर नहीं थी।

उन्होंने कार को आसपास काफी तलाश किया, लेकिन कार का कुछ सुराग नहीं लग सका। उन्होंने कार चोरी की सूचना पुलिस को 112 नंबर पर कॉल कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास पूछताछ करते हुए कार की तलाश की, लेकिन कोई भी सफ लता नहीं मिली। वहीं पीड़ित ने बताया कि कार में उनका एक लैपटॉप भी था। उसमें फ र्म के जरूरी कागजात भी थे। पीड़ित ने पुलिस से कार व लैपटॉप बरामद करने की गुहार भी लगाई है।

ट्रांस हिंडन में सफेद स्विफ्ट कार से वाहन चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है। ठेकेदार की कार चोरी के वारदात को अंजाम देने के लिए चोर कार से आते सीसीटीवी में कैद हुए हैं। जबकि इससे पूर्व साहिबाबाद, इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में कार से चोरी करने वाला गिरोह आधा दर्जन वाहनों पर हाथ साफ कर चुका है।

# बकाए को लेकर अंसल बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई

## जिला प्रशासन ने सात बैंक अकाउंट सीज कर जब्त किए करोड़ों रुपए

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्धनगर जिला प्रशासन बकायेदार बिल्डरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रहा है। हाल ही में कई बिल्डरों पर प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई और उनके कार्यालय को सील किया गया। इसी तरह जिला प्रशासन तहसील सदर की टीम ने मंगलवार को अंसल बिल्डर के खिलाफकार्रवाई की।

अंसल बिल्डर पर यूपी रेरा का बकाया है। बकाया ना चुकाने पर तहसील सदर की टीम ने बिल्डर के 17 बैंक खातों को सील कर दिया। जिनसे 2.20 करोड़ रुपए जब्त तक कर लिए हैं। वहीं, बिल्डर के सेक्टर




ईटा दो और अंसल प्लाजा मॉल स्थित दो कार्यालयों को सील कर दिया गया है। साथ ही बिल्डर को चेतावनी दी गई है कि अगर जल्द ही बकाया जमा नहीं किया तो और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आपको बता दें कि अंसल बिल्डर पर उत्तर प्रदेश भू.संपदा विनियामक प्राधिकरण के आरसी पर जिला प्रशासन वसूली की कार्रवाई कर रहा है।

अंसल बिल्डर की तहसील सदर के पास 74.69 करोड़ रुपए की 304 आरसी निलंबित है। जिसके लिए प्रशासन द्वारा बिल्डर को बकाया चुकाने के लिए कई बार नोटिस भी भेजें गए, लेकिन इसके बाद भी बिल्डर ने धन राशि को जमा नहीं कराया। जिस कारण तहसील सदर की टीम ने बिल्डर के खिलाफसख्त कार्रवाई की।

उप जिलाधिकारी सदर ने बताया कि बिल्डर के 17 खाते सीज कर दिए गए हैं। जिसमें जमा 2.20 करोड़ रुपए जप्त कर लिए गए हैं। वहीं और आगे कार्रवाई करते हुए तहसील सदर टीम ने बिल्डर के सेक्टर ईटा-2 और परी चौक पर स्थित अंसल प्लाजा मॉल में बने कार्यालय को सील कर दिया है। अंसल प्लाजा मॉल में बिल्डर ने दुकान नंबर 53 से 56 में अपना कार्यालय बना रखा है।

# ट्रैक्टर लुटेरों की पुलिस से मुठभेड़, दो को लगी गोली

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

भोजपुर पुलिस की मंगलवार देर रात ट्रैक्टर लुटेरों के साथ मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है। कुल चार बदमाशों को गिरफ्तार कर पुलिस ने उनके कब्जे से ट्रैक्टर, इलेक्ट्रानिक मांझा, दो तमंचे व कारतूस बरामद किया है।

सीओ मोदीनगर सुनील कुमार ने बताया कि मेरठ के जानी थाना क्षेत्र से ट्रैक्टर लूटकर आरोपित जब भोजपुर क्षेत्र में गांव भटजन के पास पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया। लेकिन इसी बीच एक बदमाश ने पुलिस टीम पर तमंचे से फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आरोपितों पर फायरिंग शुरू कर दी। इसमें दो बदमाश मारुफ उर्फ इरफान निवासी खिवाई थाना सरुरपुर मेरठ और इमरान पुत्र नूर मौहम्मद निवासी गांव कलछीना थाना भोजपुर के पैर में गोली लगी। वहीं इनके दो साथी अफ जाल निवासी गांव कलछीना थाना भोजपुर व शहजाद निवासी गांव खिवाई थाना सरुरपुर जिला मेरठ को भी गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपितों ने 26 दिसंबर को भोजपुर में कस्बा फ रीदनगर से भी ट्रैक्टर लूटा था। सीओ ने बताया कि घायल दोनों बदमाशों पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 24 मार्च, 2022


# दिल्ली की जीडीपी 5 सालों में 50% तक बढ़ी: बैजल

## विधानसभा का छह दिवसीय बजट सत्र शुरू, उपराज्यपाल ने सामने रखी सरकार की उपलब्धियां

संजय राय। नई दिल्ली

विधानसभा का बजट सत्र इस बुधवार को उपराज्यपाल अनिल बैजल के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। विस में अपने संबोधन के दौरान एलजी ने कहा कि वर्ष 2020 और 2021 के दौरान कोविड महामारी से आर्थिक विकास बाधित हुआ है। इसके बावजूद उनकी सरकार दिल्ली वालों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार के कार्यों से कल्याणकारी गतिविधियों और विकास प्रक्रिया को बल मिला है। वर्ष 2020-21 के दौरान कोविड-19 महामारी से अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ा। बावजूद इसके अथव्यवस्था में लचीलेपन के कारण दुष्प्रभाव की भरपाई हो सकी है। वर्ष 2021-22 के दौरान दिल्ली बैजल के दिल्ली का राज्य सकल घरेलू उत्पादन वर्तमान मुल्यों पर 923967 करोड़ रुपये दर्ज हुआ है। जिसमें पिछले 5 सालों के दौरान वर्ष 2016-17 के 616085 करोड़ रुपये की तुलना में 50 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इससे दिल्ली क अर्थव्यवस्था की सुदृढ़ स्थिति की झलक मिलती है।

उपराज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान मूल्यों पर दिल्ली की अनुमानित प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2021-22 में 401982 रुपये रही है, जो राष्ट्रीय औसत की तुलना में लगभगत तीन गुना अधिक है। माहामारी के बावजूद उनकी सरकार ने शिक्षा के ढांचे, नीतिगत निर्णयों के माध्यम से बदलाव लाने की कोशिश की है। इसके फलस्वरूप स्तरीय शिक्षा की व्यवस्था हुई है।

दसवीं और 12वीं कक्षाओं के परिणामों में सफलता दर क्रमश: 97.52 फीसदी और 99.84 प्रतिशत दर्ज हुई है। चालू वर्ष के दौरान सरकारी स्कूलों के 496 छात्रों ने नीट में और 384 विद्यार्थियों ने आईआईटी और जी मेन परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। वहीं, जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना के तहत एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों को व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के लिए कोचिंग प्रदान की जाती है। इसके साथ ही ऑक्सीजन टैंक और ऑक्सीजन भंडारण में निवेश के साथ-साथ मेडिकल ऑक्सीजन आपूर्ति पर महत्वपूर्ण ध्यान दिया गया है।

स्वास्थ्य सूचना प्रबंधन प्रणाली के तहत लोगों को क्यूआर कोड-आधारित स्वास्थ्य कार्ड दिए जाएंगे जो स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाएंगे। उपराज्यपाल ने अपने संबोधन में बिजली, शिक्षा, प्रदूषण निवारण और हरित ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली में देशभर के मुकाबले बिजली दरें सबसे सस्ती हैं और वर्ष 2020-21 में 91.4 प्रतिशत घरों ने बिजली सब्सिडी का लाभ उठाया। लोक निर्माण विभाग अपनी पुनर्वास नीति के तहत झुग्गीवासियों के लिए देवनगर इलाके में 784 बहुमंजिला फ्लैटों का निर्माण कर रहा है। दिल्ली सरकार शहर भर में प्रतिदिन 94.5 करोड़ गैलन पानी की आपूर्ति करती है। जिन कॉलोनी में पानी की पाइपलाइन नहीं है, वहां सरकार टैंकर के जरिए पानी की आपूर्ति कर रही है।



विधानसभा में प्रवेश करते उपराज्यपाल अनिल बैजल, स्पीकर रामनिवास गोयल, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया व अन्य। फोटो:रंजन डिमरी

## अभिभाषण झूठ का पुलिंदा : नेता प्रतिपक्ष

नई दिल्ली। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बजट सत्र के पहले दिन उपराज्यपाल के अभिभाषण को मजबूरी में पढ़ा गया झूठ का पुलिंदा करार दिया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह असफल हो गई है लेकिन अभिभाषण में सफेद झूठ बोलते हुए ऐसी उपलब्धियों का बखान किया गया है जिस पर कोई विश्वास नहीं कर सकता।

बिधूड़ी ने कहा कि अभिभाषण में सबसे ज्यादा जगह शिक्षा को दी गई है लेकिन पिछले दो सालों से स्कूल बंद रहे। शिक्षक कोरोना ड्यूटी निभाकर दिल्ली वालों की सेवा करते रहे। ऐसे में जाहिर है कि परीक्षाएं भी नहीं हुई, लेकिन सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में बोर्ड परीक्षाओं में पास प्रतिशत बढ़ने पर अपनी पीठ थपथपाई है। अभिभाषण में योजनाओं पर कागजी घोषणाओं पर ही जोर दिया गया है। मसलन राष्ट्रीय राजधानी में कई विश्वविद्यालय खोलने का ऐलान किया गया है या फिर कोचिंग उपलब्ध कराई जाती है। जमीन पर न कोई विश्वविद्यालय खुला है और न ही यह बताया गया है कि कितने छात्रों को कोचिंग दी गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के जरिए सरकार की योजनाएं पूरी करने का दावा किया गया है, जबकि आंगनबाड़ी के कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन तक नहीं दिया गया। सरकार न्यूनतम वेतन बढ़ाने को अपनी उपलब्धि बता रही है, लेकिन अपने विभागों में उसे लागू नहीं कर रही।

## द कश्मीर फाइल्स को टैक्स मुक्त करने के मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा

नई दिल्ली। द कश्मीर फाइल्स फिल्म को कर मुक्त करने की मांग को लेकर विधानसभा में खूब शोर-शराबा हुआ। भाजपा विधायकों ने



सदन में उपराज्यपाल के अभिभाषण में बाधा डाला। एलजी ने जैसे ही अपना अभिभाषण शुरू किया विपक्षी विधायक अपनी मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने उनसे नारेबाजी बंद करने को कहा। गोयल ने कहा कि पिछले सात वर्षों में अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल में पहली बार विधायकों की ओर से उपराज्यपाल के अभिभाषण को बाधित किया गया। आम आदमी पार्टी ने भाजपा विधायकों के रवैये की निंदा की है।

इस बीच, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा विधायकों से कहा कि वे केंद्र सरकार से फिल्म पर केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर माफ करने की गुहार लगाएं। सिसोदिया ने विधानसभा में कहा अगर विपक्षी सदस्य चाहते हैं कि फिल्म कर मुक्त हो तो राज्य वस्तु एवं सेवा कर (एसजीएसटी) के लिए क्यों लड़ रहे हैं। केंद्र से केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) हटाने को कहें। इसके बाद भाजपा के विधायक शांत हुए और उपराज्यपाल ने अपना संबोधन शुरू किया।



## सीएम ने स्वतंत्रता सेनानियों पर सरकारी विज्ञापन में भूल स्वीकार की

पायनियर समाचार सेवा नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूडी ने सदन में इस बात का इशारा किया कि शहीदी दिवस पर अखबारों में छपे दिल्ली सरकार के विज्ञापनों में केवल भगत सिंह की फोटो छपी है। विज्ञापन में शहीद सुखदेव और राजगुरू की फोटो और नाम नहीं थे। उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से अनुरोध किया कि ऐसे मौके पर शहीदों को बांटा नहीं जाना चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वाकई एक भूल थी और उन्होंने सदन को भरोसा दिलाया कि इसकी पुनरावृति नहीं होगी। नेता प्रतिपक्ष ने बजट सत्र के पहले दिन शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए अपने संबोधन में यह मुद्दा उठाया था।

भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री से इस गलती को सुधारने का अनुरोध किया। साथ ही विधानसभा परिसर में शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरू की प्रतिमाओं के निकट शहीद अशफाकुल्ला खान की प्रतिमा भी लगाने का अनुरोध किया। भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू को उनके शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि देते केजरीवाल ने कहा आजादी के 75 साल बाद भी भगत सिंह के सपने पूरे नहीं हुए।

## विस के बाहर भाजपा का प्रदर्शन



नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधानसभा के बाहर दिल्ली की समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी पुलिस बैरिकेड लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। कुछ कार्यकर्ता बैरिकेड तोड़कर कर आगे बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस ने पानी की बौछारें फेंकर उन्हें खदेड़ दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि दिल्ली सरकार ने आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ताओं, अतिथि शिक्षक सहित निगम के कर्मचारियों को प्रताड़ित करने का काम किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल सरकार इस समय अहंकार में डूबी हुई है। उसे सही और गलत में अंतर समझ नहीं आ रहा है। आज शराब माफियाओं के साथ मिलकर उन्हें फायदा पहुंचाने के लिए केजरीवाल किसी भी स्तर पर जाने को तैयार हैं।

## एम्स निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया का कार्यकाल तीन महीने बढ़ा



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया का कार्यकाल तीन महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। उनका मौजूदा कार्यकाल 24 मार्च को समाप्त होने वाला था। उन्हें 28 मार्च 2017 को पांच साल के लिए एम्स, नई दिल्ली का निदेशक नियुक्त किया गया था।

संस्थान द्वारा जारी एक कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, वह 24 मार्च 2022 को अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। एम्स प्रमुख का कार्यकाल 25 मार्च 2022 से तीन महीने के लिए या नया निदेशक नियुक्त किए जाने तक बढ़ाया जाता है, इनमें से जो भी पहले हो। ज्ञापन में कहा गया है कि उनकी नियुक्ति से जुड़े अन्य नियम एवं शर्तें संस्थान के नियमों के अनुरूप रहेंगी।

## नए लोकायुक्त हरीश चंद मिश्रा ने संभाला पदभार



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- समारोह में एलजी अनिल बैजल व मुख्यमंत्री रहे उपस्थित

दिल्ली के नव नियुक्त लोकायुक्त सेवानिवृत्त न्यायाधीश हरीश चंद्र मिश्रा ने बुधवार को अपना कार्यभार संभाल लिया।

राजनिवास पर आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उपराज्यापल अनिल बैजल ने हरीश चंद्र मिश्रा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और एलजी अनिल बैजल समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने लोकायुक्त बनने पर हरीश चंद्र मिश्रा को बधाई दी।

दिल्ली सरकार के विचार-विमर्श के उपरांत एलजी अनिल बैजल ने बीते दिनों सेवानिवृत्त न्यायाधीश हरीश चंद्र मिश्रा को लोकायुक्त बनाए जाने की घोषणा की थी, जिसके बाद इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई थी। राजनिवास में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जहां एलजी अनिल बैजल ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश हरीश चंद्र मिश्रा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद सेवानिवृत्त न्यायाधीश हरीश चंद्र मिश्रा ने अपना कार्यभार संभाला और अंत में राष्ट्रगान के साथ शपथ ग्रहण समारोह की समाप्ति हो गई।

सेवानिवृत्त न्यायाधीश हरीश चंद्र मिश्रा को पांच साल के लिए दिल्ली के लोकायुक्त पद पर नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत्त न्यायाधीश हरीश चंद्र मिश्रा झारखंड हाईकोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश के तौर पर भी काम कर चुके हैं।

## उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई टली

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने फरवरी 2020 में दिल्ली दंगों के सिलसिले में बृहद साजिश के एक मामले में जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर बुधवार को अपना आदेश गुरुवार तक के लिए टाल दिया।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत को आदेश सुनाना था लेकिन उन्होंने यह कहते हुए इसे बृहस्पतिवार के लिए सूचीबद्ध किया कि यह अभी तैयार नहीं था। अदालत ने तीन मार्च को दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। आरोपी ने कहा था कि पुलिस के पास मामला साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य नहीं हैं। खालिद और कई अन्य लोगों पर दंगा करने का आरोप है।

## पेट्रोल की बढ़ती कीमतों पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कांग्रेस की युवा इकाई ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ बुधवार को प्रदर्शन किया।

भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. के नेतृत्व में कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने युवा कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। श्रीनिवास ने एक ट्वीट में कहा, चार राज्यों में भाजपा सरकार का रिटर्न गिफ्ट, एलपीजी पर 50 रुपए, पेट्रोल-डीजल पर रोजाना 80 पैसे की बढ़ोतरी के साथ जनता को दिया जा रहा है, आखिर जनता को किस बात की सजा दी जा रही है।

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार दूसरे दिन बुधवार को 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। दिल्ली के ईंधन खुदरा विक्रेताओं की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल की कीमत अब 97.01 रुपए प्रति लीटर होगी, जो पहले 96.21 रुपए प्रति लीटर थी। वहीं, डीजल की कीमत 87.47 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 88.27 रुपए हो गई है। लोगों को आशंका है कि आगे भी देशभर में पेट्रोल पदार्थों की कीमत बढ़ती जाएगी।

## शहीदी दिवस पर कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



- भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को पुष्पांजलि देकर किया याद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

शहीद दिवस पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की तस्वीर पर पुष्पाजंलि अर्पित कर याद किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने शहीदों को पुष्पाजंलि अर्पित अर्पित कर देश की आजादी में उनकी भूमिका के बारे में बताया। इस अवसर पूर्व सांसद रमेश कुमार, निगम पार्षद दर्शना जाटव, जिला अध्यक्ष गुरचरण सिंह राजू, धर्मपाल चंदेला, विष्णु अग्रवाल, आदेश भारद्वाज, विशाल मान, सोशल मीडिया सेल के चैयरमेन राहुल शर्मा, कम्युनिकेशन विभाग के वाईस चेयरमेन अनुज आत्रेय, पूर्व जिला अध्यक्ष हरी किशन जिंदल, मौहम्मद उस्मान और जे.पी. पंवार ने भी श्रद्धा सुमन कर याद किया।

## बच्चों में मूत्राशय से जुड़ी दुर्लभ बीमारियों का होगा इलाज

### स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने एलएनजेपी में वीडियो-यूरोडायनामिक लैब का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी में बच्चों की मूत्राशय से जुड़ी दुर्लभ बीमारियों का आसानी से इलाज हो सकेगा। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने एलएनजेपी अस्पताल में अत्याधुनिक वीडियो यूरोडायनामिक लैब का उद्घाटन किया।

इस लैब की खास बात यह है कि मूत्र-पथ और मूत्राशय की वास्तविक समय की तस्वीरें लेने में सक्षम है। आधुनिक सुविधा से लैस इस लैब से अब बच्चों के इलाज में डॉक्टर को आसानी होगी।

साथ ही इस प्रयोगशाला में मूत्राशय की गतिशीलता का अध्ययन करने के लिए उन्नत उपकरण लगे हैं। केजरीवाल सरकार ने एलएनजेपी अस्पताल में एक अत्याधुनिक यूरोडायनामिक्स प्रयोगशाला की शुरुआत की है। यह दिल्ली सरकार के किसी भी अस्पताल में अपनी तरह की पहली प्रयोगशाला और निदान केंद्र है। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल में इस प्रणाली का उद्घाटन करते हुए कहा कि अस्पताल में एक यूरोडायनामिक वीडियो सिस्टम स्थापित किया है जिसका उपयोग 12 साल तक के बच्चों में मूत्र संबंधी विसंगतियों के निदान और उपचार के लिए किया जाता है। इससे डॉक्टरों को बच्चों में प्रारंभिक अवस्था में स्थितियों का पता लगाने में मदद मिलेगी जो गंभीर जटिलताओं को रोक सकती हैं। इस प्रणाली का उपयोग अन्य गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल रोगों के निदान और उपचार के लिए भी किया जा सकता है।



#### जन्म से जुड़ी बीमारी जल्द पकड़ में आएगी

बाल चिकित्सा की सर्जिकल यूनिट में ज्यादातर यूरोलॉजिकल विसंगतियां वाले मामलों होते हैं। ऐसे में यह प्रणाली बीमारी का जल्द पता लगाने में मदद करेगी।

वक्त रहते इलाज मिल पाने से समस्या आगे नहीं बढ़ती। उम्र बढ़ने के बाद इन समस्याओं का इलाज़ जटिल होता जाता है और कई बार तो गुर्दे के प्रत्यारोपण की आवश्यकता भी पड़ जाती है। इस मशीन के आने से अब बच्चों के अंदर पनप रहे किसी भी प्रकार की मूत्राशय संबंधी समस्या का उपचार किया जा सकेगा।



#### पेट रोगों में भी उपयोगी

प्रणाली का उपयोग गुदा-नाल और अन्नप्रणाली के दबाव को मापना में भी किया जा सकता है। इससे बच्चे को निदान के दौरान करने वाली प्रक्रियाओं आसानी होती है। चूंकि देश में ऐसे कुछ ही केंद्र जहां यह उपकरण हैं। यह उन्नत उपकरण निश्चित रूप से लोगों और यूरोलॉजी विभाग के लिए भी एक वरदान साबित होगा। जिससे प्रारंभिक अवस्था में यूरोलॉजिकल रोगों का पता लगाया जा सकेगा और अनुसंधान के लिए भी इसका उपयोग किया जा सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार



ई-पत्रिका सरस्वती संगम का विमोचन करते महाप्रबंधक आशुतोष गंगले।

### क्षेत्रीय राजभाषा क्रियान्वन समिति की बैठक

नइ दिल्ली। महाप्रबंधक आशुतोष गंगले की अध्यक्षता में उत्तर रेलवे क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक सहित सभी प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों, मुख्य कारखाना प्रबंधकों, मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधकों ने सहभागिता की। महाप्रबंधक ने उत्तर रेलवे की राजभाषा ई-पत्रिका सरस्वती संगम का विमोचन किया तथा पत्रिका की सराहना की । संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति द्वारा हाल ही में हज़रत निजामुद्दीन तथा फ़रीदाबाद रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया गया है तथा वहां हिंदी में किए जा रहे कार्यों की उसने सराहना की है । सभी को बधाई देते हुए महाप्रबंधक ने राजभाषा के प्रचार-प्रसार को और अधिक बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान राजभाषा की प्रगति के संबंध में चर्चा की गयी तथा इसके प्रचार-प्रसार हेतु सभी से सुझाव भी मांगे गए।

### दादी परमेश्वरी देवी के नाम पर सड़क



नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने अशोक विहार फेस टू से जेलर वाला बाग वाले मुख्य मार्ग का नाम दादी परमेश्वरी देवी मार्ग रखा गया। इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता, सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन, राजा महापौर उत्तरी नगर निगम इकबाल सिंह ने वर्चुअल शुभकामनाएं दी। समारोह स्थल पर मुख्य अतिथि राजकुमार भाटिया अध्यक्ष भाजपा केशव पुरम जिला मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्षद मंजू खंडेलवाल ने की। इस अवसर पर प्रवीण कुमार सिंह, नितिन बत्रा, डॉक्टर महेंद्र नागपाल पूर्व विधायक, कनक अग्रवाल पूर्व पार्षद, देवराज पूर्व पार्षद, राज सिंह चौहान पूर्व जिला अध्यक्ष, अशोक गर्ग अध्यक्ष आदर्श रामलीला कमेटी, संजीव शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष, व्यापारी नेता विपिन आहूजा , घनश्याम अग्रवाल , अनिल डिडवानिया , डॉ धीरज कक्कड़, डॉक्टर कीर्ति वर्धन साहनी, रतन लाल जी , डॉ रामकुमार आदि मौजूद थे।

### मलेरिया और डेंगू की रोकथाम पर चर्चा

नई दिल्ली पूर्वी दिल्ली की उप-महापौर किरण वैद्य की अध्यक्षता मे मलेरिया निरोधक उपाय समिति की बैठक में समिति के विशिष्ट सदस्यों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में किरण वैद्य ने अधिकारियों को आने वाले समय में नागरिकों को मच्छर जनित बीमारियों से सुरक्षा हेतु रणनीति बनाने का आदेश दिया। इसके अतिरिक्त नागरिकों में मच्छर जनित बीमारियों एवं उसकी रोकथाम हेतु जन-जागरण कार्यक्रमों को और सघन करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मलेरिया विभाग के स्थानांतरित कर्मियों को वापस बुलाया जाए जिससे मलेरिया विभाग में जन-शक्ति की कमी न रहे और कार्य सुचारू रूप से चलता रहे।बैठक में स्थायी समिति अध्यक्ष वीर सिंह पंवार ने मलेरिया विभाग के अधिकारियों से आने वाले समय में मच्छरों की उत्पत्ति रोकने के हेतु तैयार की गई रणनीति के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा ड्रॉन द्वारा दवाई छिड़काव की प्रशंसा की।

# अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग पर धरना छोड़ किया प्रदर्शन

## खेड़कीदौला टोल को प्रदर्शनकारियों की कराया फ्री

## शहर में कई स्थानों पर जाम की बनी स्थिति, रूट किए डायवर्ट

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



अहीर रेजिमेंट की मांग पर गुरुग्राम में आंदोलन के दौरान प्रदर्शन करते लोग।

**सेना** में अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर बुधवार को यहां खेड़कीदौला टोल प्लाजा पर धरनारत लोगों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार से रेजिमेंट बनाने की मांग करते हुए आंदोलन को जारी रखने की भी बात कही। प्रदर्शनकारियों ने सुबह से ही खेड़कीदौला टोल के बेरिकेट हटाकर फ्री करा दिया। प्रदर्शन के दौरान गुरुग्राम में कई जगह पर जाम की स्थिति भी बनी, इस कारण कई रूटों को यातायात पुलिस ने डायवर्ट किया।

संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा की ओर से पूर्व में इस प्रदर्शन की घोषणा की गई थी। कई दिन से इसे लेकर तैयारियां भी चल रही थी। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की भी इस पर नजर थी। बुधवार को मोर्चा के बैनर तले लोगों ने गुरुग्राम-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-48 स्थित खेड़कीदौला टोल प्लाजा के सुबह ही बैरिकेट हटा दिया। इस दौरान बिना टोल दिए ही वाहनों को लोग निकालते रहे। हालांकि चर्चाएं यह भी होती रहीं कि टोल से निकलने वालों के फास्ट टैग से टोल वसूली हो जाएगी। प्रदर्शनकारियों ने पहले तो टोल के बैरिकेट को हटाकर वहां खड़े होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान टोल के दोनों तरफ जाम लगना शुरू हो गया।

मोर्चा में शामिल मनोज यादव ने बताया कि उन्होंने जाम नहीं लगाया, बल्कि टोल को फ्री करवाया गया है। सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक टोल फ्री रखने की उन्होंने बात कही। साथ ही बताया कि इस प्रदर्शन में प्रदेशभर से लोगों ने शिरकत की है। राजनीति से ऊपर उठकर हर पार्टी नेता, कार्यकर्ता यहां पहुंचे हैं। पूर्व में भी कई पार्टियों के नेताओं ने शिरकत करके आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी के सांसद डा. सुशील गुप्ता, पूर्व विधायक एवं आप नेता उमेश अग्रवाल भी पहुंचे। आप नेताओं ने इस मांग का समर्थन करते हुए कहा कि यह मांग पूरी तरह से जायज है। केंद्र सरकार को बिना देरी के इस पर सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए, ताकि सैनिकों की खान अहीरवाल समेत देश का मान बढ़े।

इस प्रदर्शन को देखते हुए गुरुग्राम यातायात पुलिस की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में 1000 से अधिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई, ताकि यातायात जाम की स्थिति ना बने। क्षेत्रों में 17 नाके भी लगाए गए। रेवाड़ी की तरफ से आने-जाने वालों को अपील की गई कि वे राष्ट्रीय राजमार्ग पर से चलने की बजाय केएमपी का प्रयोग करें, ताकि शहर में जाम ना लगे। दिल्ली की तरफ से रेवाड़ी जाने वालों को भी हीरो होंडा चौक से सुभाष चौक की तरफ और पटौदी रोड की तरफ निकाला गया।



आम आदमी पार्टी के हरियाणा प्रभारी का स्वागत करते सुखबीर तंवर।

# इनेलो छोड़ आम आदमी पार्टी में शामिल हुए सुखबीर तंवर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**इंडियन** नेशनल लोकदल के प्रदेश प्रवक्ता एवं बादशाहपुर के प्रभारी सुखबीर तंवर ने अपने पदों और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देकर आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। आप आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता ने पार्टी का पटका और टोपी पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवायी।

बुधवार को शहीद दिवस और सदस्यता ग्रहण के अवसर पर बोलते हुए सुखबीर तंवर ने शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत को नमन किया और शहीद दिवस पर संकल्प लिया कि शहीदे आजम भगत सिंह के सपनों का भारत सृजन में अपना योगदान देंगे। पंजाब विधानसभा में ऐतिहासिक सफलता के पश्चात भारत ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आम आदमी पार्टी चर्चा का केंद्र बिंदु बनकर उभरी है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली प्रदेश में केंद्र सरकार दुवारा निरंतर पैदा किये गये अवरोधों के बावजूद सुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, पानी और सामरिक विकास पर ऐतिहासिक कार्य किये। दिल्ली विकास के मॉडल की झलक पंजाब सरकार के प्राथमिक निर्णयों से दृष्टिगोचर हो रही है। आम आदमी पार्टी राष्ट्र और हरियाणा प्रदेश में व्याप्त राजनीतिक शून्यता का अंत करेगी। सदस्यता ग्रहण के अवसर पर पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल, मुकेश डागर, सूर्यदेव यादव, धीरज यादव, ओमप्रकाश गुप्ता, जयनारायण बजाडिया, मंजू सांखला, सारिका वर्मा, सुरेश सैनी, सतबीर पंवार सहित सेंकड़ों आप कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त-समाचार

### आरोपी से खरीदी गई कार और 94 हजार बरामद

**सोहना।** पुलिस ने नौ लाख रुपये चोरी कर भागने वाले ड्राइवर से कार समेत आठ लाख रुपये का सामान और 94 हजार रुपये बरामद किए। सोहना सिटी थाना पुलिस ने बुधवार को पश्चिम बंगाल निवासी मोटीयार एसके को अदालत में पेश किया। अदालत ने मोटीयार एसके को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को गुरुग्राम के गांव सिरहौल से मोटीयार को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान ड्राइवर मोटीयार एसके ने बताया कि उसने साढ़े सात लाख रुपये में टैक्सी कार खरीदी थी। 50 हजार रुपये का मोबाइल फोन और एक बेड खरीदा। थाना प्रभारी ने बताया कि मोटीयार एसके ने गुरुग्राम निवासी मोतीराम के नौ लाख रुपये चोरी इसलिए किए थे क्योंकि वह अपना कारोबार शुरू कर सके। पुलिस ने कार को मोटीयार एसके की निशान देही पर दिल्ली से कार बरामद की है।

### सोहना में नंबरदार एसोसिएशन ने मनाया शहीद दिवस



**सोहना।** सोहना नंबरदार एसोसिएशन ने शहीद दिवस पर देश को आजादी दिलाने वाले शहीदों को याद किया। इस अवसर पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अंग्रेजी हुकूमत से देशवासियों को आजादी दिलाने वाले देश भक्त अमर शहीदों को बुधवार को नंबरदार एसोसिएशन ने इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाकर श्रद्धांजलि दी। शहर के फव्वारा चौक पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। नंबरदार विजय आजादी, चरण सिंह राघव, रामचन्द्र सैनी आदि नंबरदार एकजुट हुए। विजय आजाद ने कहा कि जब-जब भी देश के दुश्मन ने भारत की आन-बान और शान को क्षति पहुंचाने की कोशिश की तब-तब उसे मुंह तोड़ जवाब दिया है।

### आयुर्वेद शिविर में 446 लोगों की जांच



**गुरुग्राम।** अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव थापर और राजगुरु के संस्मरण में आयुष विभाग द्वारा आर्य समाज मंदिर गांव बसई में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ नवीन दहिया पार्षद एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी मंजू बांगड़ द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस शिविर में आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श, हड्डियों की जांच, शुगर की जांच, एवं रक्तचाप जांच भी की गई। घर के बगीचे से कैसे स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं, इसकी जानकारी भी औषधीय पौधों की प्रदर्शनी के माध्यम से दी गई। योग एवं पंचकर्म चिकित्सा से तात्कालिक लाभ भी दिया गया और इन दोनों का प्रयोग कर कैसे स्वस्थ रहा जा सकता है, इसके बारे में भी समझाया गया। शिविर में 446 मरीजों ने चिकित्सा लाभ लिया। इस अवसर पर डा. कुलदीप सिंह, डा. मोनिका, डा. गीताजंलि अरोड़ा, डा. ब्रह्मप्रकाश, डा. अनुप्रिया, डा. अनु, डा. गरिमा, डा. निधि, डा. पूनम यादव, डॉक्टर कुलदीप सिंह डॉ मोनिका डॉ गीतांजलि अरोड़ा डॉ ब्रह्म प्रकाश डॉ अनुप्रिया डॉ अनु डॉ गरिमा डॉ निधि डॉक्टर पूनम यादव, आनंद, आशा, शीतू, हेमलता, हरि सिंह मुकेश उपस्थित थे।

### सामूहिक विवाह समारोह 17 अप्रैल 2022 को



**गुरुग्राम।** एक आवाज संस्था की ओर से सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन 17 अप्रैल 2022 को किया जा रहा है। इसके लिए पंजीकरण जारी हैं। अभी तक 7 जोड़ों के पंजीकरण हो चुके हैं। पंजीकरण के लिए अंतिम तिथि 21 मार्च को बढ़ाकर 31 मार्च 2022 कर दिया गया है। पंजीकरण जैकबपुरा स्थित श्री दुर्गा रामलीला मैदान स्थित संस्था के कार्यालय में कराया जा सकता है। एक आवाज संस्था द्वारा 21 मार्च 2022 की पंजीकरण की अंतिम तिथि दी गई थी। संस्था के चेयरमैन विकास गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में इसे बढ़ा गया है। पंजीकरण की अंतिम तिथि पहले 21 मार्च थी, जो कि अब 31 मार्च कर दी गई है। पंजीकरण के लिए आयु का प्रमाण पत्र व दिखाना अनिवार्य है। संस्था के संस्थापक राज सैनी बिसरवाल, आशीष गुप्ता महासचिव व राजेश सैनी कोषाध्यक्ष ने बताया कि संस्था की ओर से सभी धर्मों की 11 बेटियों का विवाह पूर्ण रीति रिवाज के साथ 17 अप्रैल 2022 को विवाह समारोह कंपनी बाग (निकट सीता राम सिंगला चौक) में किया जाएगा। जिसमें सभी बेटियों को घरेलू जरूरत का सामान उपहार स्वरूप देकर विदा किया जाएगा। जो भी विवाह योग्य युवक-युवतियां हैं, वे अपने रिश्ते तय करके संस्था में पंजीकरण करा सकते हैं।

# जीवन ज्योति स्कूल में मनाया गया बलिदान दिवस



**पलवल।** जीवन ज्योति सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, पलवल में शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की याद में शहीदी दिवस मनाया गया।

जीवन ज्योति ग्रुप ऑफ स्कूल्स के प्रबंधक वीरेन्द्र गहलौत ने अपने सभी स्कूलों से प्रधानाचार्य, स्कूल के सभी अध्यापक एवं समस्त कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को याद करते उनके बलिदान के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि आज देश इन तीनों शूरवीरों को देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने एवं सत्य अहिंसा की लड़ाई लड़ने के कारण हमेशा याद करता रहेगा। स्कूल में विद्यार्थियों ने ड्राईंग बनाकर तीनों अमर शहीदों को श्रद्धॉजलि दी। नन्हे विद्यार्थियों ने पेंटिंग एवं फोटो बनाकर शहीदों की झांकियां निकाली। रंजीत गहलौत, बलजीत गहलौत, अशोक गहलौत मौजूद रहे।

# शहीदों को भाजपा ने दिया सही सम्मान : नवीन गोयल

## सेक्टर 38 स्थित कैनविन फाउंडेशन के कार्यालय में शहीदी दिवस मनाया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**बुधवार** को यहां सेक्टर 38 स्थित कैनविन फाउंडेशन के कार्यालय में शहीदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के सह संस्थापक एवं पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर शहीद भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



गुरुग्राम में शहीदों को श्रद्धांजलि देते नवीन गोयल व अन्य कार्यकर्ता।

अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि आजादी के मतवालों की वजह से आज हम सब भारत में खुली हवा में सांस ले रहे हैं। अपने प्राणों की आहुति देकर राजगुरु, सुखदेव, भगत सिंह ने देश को आजाद कराने में अहम भूमिका निभाई। भले ही वे आजादी की सुबह ना देख पाए, लेकिन अपने देश की खातिर उन्होंने बलिदान देकर देशवासियों को आजादी दिलाई। नवीन गोयल ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को इन शहीदों से प्रेरणा लेनी चाहिए। क्योंकि उन्होंने युवावस्था में पहुंचने से पहले ही देश को आजाद कराने के लिए आंदोलन में हिस्सा लिया था। देश के विकास में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के मतवालों को उचित सम्मान दिया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने अंडेमान निकोबार में जाकर श्रद्धांजलि दी। भारतीय जनता पार्टी की ओर से देश भर में श्रद्धांजलि देकर पूरा याद किया है। श्री गोयल ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ शहीद भगत सिंह के गांव से बलिदानी मिट्टी लेकर आए। देश के शहीदों का यह सच्चा सम्मान है। इस दिन भगत सिंह के साथ सुखदेव और शिवराम राजगुरु ने भी भारत की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया। भगत सिंह ने 23 साल की युवा उम्र में ही मां भारती की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। इस अवसर पर बाली पंडित, गगन गोयल, धर्मेंद्र शर्मा, सुरेश तवर, जितेश गोगिया, ललित क्रांतिकारी, ईशु वाल्मीकि हरीश यादव, योगेश शर्मा, अतुल यादव आदि ने भी श्रद्धांजलि दी।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अभिभावकों को पढ़ाएंगी पौष्टिकता का पाठ

एन रोहिल्ला। सोहना

**पोषण** पखवाड़ा अभियान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों के हृष्ट-पुष्टता स्वास्थ्य संबंधी अभिभावकों को विभिन्न कार्यक्रमों के तहत गुर सिखाएं जाएंगे। अभियान में बच्चों के स्वास्थ्य जांच करने के साथ उनके लिए पौष्टिक व संतुलित आहार बनाने और खिलाने का ज्ञान दिया जाएगा।

महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग चार अप्रैल तक सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण पखवाड़ा अभियान बनाएगा। अभियान में बच्चों के माताओं को स्वास्थ्य से लेकर उनके पौष्टिक एवं संतलित आहार बनाने की विधि, गुणकारी व्यंजनों की जानकारी, कब और कितना भोजन बच्चों को खिलाने के तरीके और कब-कब



सोहना के आंगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चे का वजन करती सुपरवाइजर रेखा सोनी।

बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कराने की समय सीमाएं बताई जाएगी। नवजात बच्चों को दूध पिलाने वाली माताओं को भी यह सब जानकारियां दी जाएगी। ताकि बच्चे का स्वास्थ्य उम्र के साथ-साथ निरोग और तंदरुस्त बन सके।

**अभियान के दौरान जागरुकता रैली** : पोषण पखवाड़ा अभियान में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 15 दिन तक अलग-अलग 15 प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजना चलेगा। जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्रों पर औषधि वाले पौधों का लगाना, योग शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, महिलाओं को गुणकारी भोजन बनाने की विधि, महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच, प्रभात फेरी व रैली निकालकर ग्रामीणों को अपने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए जागरूक किया जाएगा। पोषण पखवाड़ा अभियान में बच्चों के स्वास्थ्य जांच के दौरान कुपोषित बच्चों की पहचान होगी।

> “ ब्लॉक में आड़ताल पर चल रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अब धीरे-धीरे केन्द्रों को खोल रही है। अभी तक 222 में से 31 केन्द्रों पर अभियान को शुरु कर दिया है। 31 केन्द्रों पर पंजीकृत करीब 2500 बच्चों को इस अभियान का लाभ मिलेगा। जिसकी शुरुआत सोमवार से कर दी है। **मंजू-सीडीपीओ।**

# पुलिस ने 17 वर्षीय लड़की दिल्ली से बरामद की

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सब इंस्पेक्टर सरजीत सिंह की टीम ने घर से बिना बताए निकली 17 वर्षीय लड़की को दिल्ली से बरामद करने का सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि घटना कि लड़की की गुमशुदगी की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम की सहायता से प्रत्येक थाने व चौकियों में दी। लड़की के बारे में गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई की लड़की दिल्ली के लक्ष्मी नगर में है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए एक पुलिस टीम दिल्ली को रवाना की गई वहां से लड़की के साथ उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले के मोहनपुरा में रहने वाले लड़के प्रदीप काबू कर लड़की को बरामद कर फरीदाबाद लाया गया। पुलिस अधिकारी ने लड़की के बयान परिजनों के सामने कराए जिसमें लड़की घर वालों के साथ जाना नहीं चाहती है।

# माता मैयार के मंदिर के निर्माण पर विशाल भंडारे का आयोजन

**नोएडा।** जेवर विधानसभा क्षेत्र के गांव दयानतपुर में प्रस्तावित एयरपोर्ट से विस्थापित माता मैया के मंदिर के निर्माण के बाद बुधवार सुबह हवन व भंडारे का आयोजन किया गया।



गांव दयानतपुर में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते ग्रामीण और समाजसेवी।

इस अवसर पर जेवर विधानसभा से भाजपा के युवा नेता एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य मनजीत सिंह, समाजसेवी राकेश कुमार, हेमराज गोयल, ललित पंडित उर्फ भोला, जितेंद्र शर्मा, आरएस धर्म कांटा के सीईओ गौरव ठाकुर, मोहित ठाकुर, ओमप्रकाश आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मनजीत सिंह के मुताबिक बीते कुछ दिनों पूर्व जेवर तहसीलदार ने ग्राम दयानतपुर देवदेवेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में माता मैया के मंदिर का भूमि पूजन कराया था। बुधवार को मंदिर बनकर तैयार होने पर ग्राम वासियों ने हवन कराया। साथ ही मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया। माता मैया का पूजन सभी मां बहनों और बच्चों द्वारा किया जाता है। भंडारे के आयोजन में मुख्य रूप से समस्त ग्राम वासियों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम जेवर, एसीपी जेवर, कोतवाल जेवर, तहसीलदार जेवर और जूरिक कंपनी के कुछ पदाधिकारी प्रमुख समाजसेवी भी उपस्थित रहे।

# उचाना में पूरा गुरुग्राम चूल्हा न्योता : रामबिलास शर्मा

## बीरेंद्र सिंह को कांग्रेस जो सम्मान 40 साल में नहीं दे पाई वह बीजेपी ने 40 दिन में दिया

## बीरेंद्र सिंह के सार्वजनिक जीवन के 50 साल पूरे होने की उपलक्ष्य में गोल्डन जुबली कार्यक्रम 25 को

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह को जो सम्मान कांग्रेस 40 साल में नहीं दे पाई, वह सम्मान बीजेपी ने 40 दिन में दिया। भारतीय जनता पार्टी में हर नेता, हर कार्यकर्ता को उचित सम्मान मिलता है। यह बात पूर्व शिक्षा मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रामबिलास शर्मा ने यहां पत्रकार वार्ता में कही। इस दौरान हिसार के सांसद एवं बीरेंद्र सिंह के पुत्र बृजेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।



गुरुग्राम में पत्रकारों से बात करते पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा, सांसद बृजेंद्र सिंह।

आगामी 25 मार्च 2022 को जींद जिला के उचाना हल्के में बीरेंद्र सिंह के 50 साल सार्वजनिक जीवन में पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के लिए दोनों नेता गुरुग्राम में निमंत्रण देने पहुंचे। रामबिलास शर्मा ने उचाना में पूरा गुरुग्राम चूल्हा न्यौत है। इस कार्यक्रम में पहुंचकर बीरेंद्र सिंह के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करने के साथ उन्हें जन्मदिवस की बधाई देने हरियाणा ही नहीं अन्य प्रदेशों से भी नेता, कार्यकर्ता शिरकत करेंगे। रामबिलास शर्मा ने कहा कि जिस तरह से महाराष्ट्र में शरद पंवार का राजनीतिक कद बड़ा है, इसी तरह से चौधरी बीरेंद्र सिंह का हरियाणा में कद है। हमारी परम्परा रही है कि हम अपने बड़ों का जन्मदिवस किसी न किसी रूप में मनाते हैं। यह हमारे समाज और संस्कृति का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1972 में बीरेंद्र सिंह ने राजनीति में कदम रखा था और वर्ष 1977 में पहली बार उचाना हल्के से विधायक चुने गए। वे सात राज्यों के प्रभारी, केंद्र में मंत्री रहे हैं। राजनीतिज्ञ, जनसेवक के रूप में उन्होंने 50 साल पूरे किए हैं। इसी उपलक्ष्य में उचाना में यह गोल्डन जुबली का कार्यक्रम रखा गया है। वहां के राजीव गांधी महाविद्यालय में यह भव्य समारोह होगा।

हिसार से सांसद एवं बीरेंद्र सिंह के पुत्र बृजेंद्र सिंह ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से वीआईपी से सम्पर्क किया है। करीब 1400 पत्र उन्होंने भेजे हैं। लगभग सभी वीआईपी ने समारोह में आने पर सहमति जताई है। 50 साल के अंतराल में जितने भी नेता, अधिकारी, समाजसेवी, पत्रकार व अन्य क्षेत्रों के लोग उनके सम्पर्क में आए, उन सभी को इस समारोह में विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है। यह कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सामाजिक कार्यक्रम है। इसमें हर राजनीतिक दल के लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि जींद राजनीति का सदा ही केंद्र बिंदू रहा है। सरकारों में वहां से मंत्री भी बनें, फिर भी वहां का विकास कम हो पाया। यह क्षेत्र शिक्षा के रूप में पिछड़ा रहा है। वहां उद्योग नहीं हैं। इसके कारण राजनीतिक नहीं, बल्कि और बहुत से कारण हैं। भविष्य में क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। इस अवसर पर देवेंद्र यादव, मुकेश शर्मा, राजकुमार कटारिया समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

# साढ़े छह माह बाद घायल व्यक्ति ने दम तोड़ा

**सोहना।** सोहना के गांव सांचौली निवासी ने व्यक्ति ने सड़क हादसे में लगी चोटों से साढ़े छह माह अचेत अव्यस्था में रहने के बाद दम तोड़ दिया। सांचौली निवासी प्रवीण पुत्र शिव कुमार ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि छह सितम्बर 2021 को उसके पिता सड़क हादसे में घायल हुए थे। उसके पिता शिव कुमार बाइक से पास के गांव सिलानी जा रहे थे। पलवल की तरफ से आ रही कार ने सीधी टक्कर मार दी थी। उसके पिता को आसपास के लोगों ने अस्पताल में दाखिल कराया था। जहां से डॉक्टरों ने फरीदाबाद के लिए रेफर कर दिया था। वहां उसे पिता को डॉक्टरों ने अचेत अव्यस्था में ही घर पर रहने के लिए भेज दिया था। घर पर ही उपचार दिया जा रहा था। लेकिन मंगलवार को उसके पिता शिव कुमार ने दम तोड़ दिया। सदर थाना पुलिस ने प्रवीण की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच पर रही है।

# बॉलीवुड स्टार भूमि पेडनेकर के साथ गुरुग्राम में बोडेस के पहले फ्लैगशिप स्टोर का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**ओमनी** चैनल टेक ब्यूटी प्लेटफॉर्म बोडेस ने देश में अपने पहले फ्लैगशिप स्टोर और इंटीग्रेटेड ओ2ओ ब्यूटी एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म की लॉन्चिंग के मौके पर शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया। 22 मार्च को गुरुग्राम के एंबियंस मॉल में आयोजित कार्यक्रम में बोडेस की ब्रांड एंबेसडर और बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। सुखनीत वाधवा, रसना भसीन, बहार रोहतगी, पवलीन गुजराल, आयशा निगम, हरप्रीत सूरी, यशवंत सिंह, मेधा बहुगुणा जैसे कई गणमान्य लोग भी इस दौरान उपस्थित रहे।

बोडेस स्टोर में आयोजित इस कार्यक्रम में ब्रांड न्यू डिजिटल एवं ब्यूटी टेक स्टोर की झलक देखने को मिली। इस कार्यक्रम में आम लोगों को भी भाग लेने का मौका दिया गया था। इस दौरान ब्रांड एंबेसडर भूमि पेडनेकर शो स्टॉपर रहीं। बोडेस के सिग्नेचर एम्ब्लेम विंग्स से स्टेज पर उनकी एंट्री ने सबको लुभा दिया। इस मौके पर ब्रांड एंबेसडर भूमि पेडनेकर ने कहा, बोडेस जैसे ब्रांड से जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है। ब्रांड के सफर का हिस्सा बनना और इस तेजी से इसे बढ़ते हुए देखना खुशी देता है। बोडेस ने सुंदरता को देखते और महसूस करने का हमारा तरीका बदलकर रख दिया है। अपनी श्रेणी के सर्वश्रेष्ठ ब्रांड एवं अनूठे फीचर से लैस यह फ्लैगशिप स्टोर अपने आप में सुंदरता का संपूर्ण केंद्र है, जहां ग्राहकों को ओमनी चैनल एक्सपीरियंस होता है।



बोडेस (हाउस ऑफ ब्यूटी) के संस्थापक एवं सीईओ रितिका शर्मा ने कहा, शहर में खूबसूरती की चाहत रखने वाले उपभोक्ताओं के लिए टेक्नोलॉजी से लैस ब्यूटी रिटेल एक्सपीरियंस की राह खोलने को लेकर हम उत्साहित हैं। मेरा लक्ष्य भारतीय ग्राहकों को ओमनी चैनल एक्सपीरियंस के वैश्विक अनुभव से रूबरू कराना और उन्हें एक्सक्लूसिव इंटरनेशनल ब्रांड उपलब्ध कराना है। ग्राहकों की प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक रही है। हमारे पास विस्तार को लेकर बड़ी योजनाएं हैं और हम आगामी वित्त वर्ष के आखिर तक मेट्रो, टियर दो और तीन में अपना रिटेल फुटप्रिंट बढ़ाने के लिए काम करेगा।

मेहमानों और उपभोक्ताओं को ब्यूटी रिटेल के इस भविष्य की झलक देखने का मौका दिया गया। एक ही छत के नीचे ब्यूटी से जुड़ा संपूर्ण अनुभव देते हुए इस इवेंट में देखने को मिला कि बोडेस कैसे अपनी तरह का अनूठा स्टोर दे रहा है। यहां डिजिटल टूल्स, ऑग्मेंटेड रियलिटी के साथ एनास्तेसिया बेवर्ली हिल्स, ज्यूस ब्यूटी, नील्स यार्ड रेमेडीज, कोरा ऑर्गेनिक्स, कॉडेली समेत कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड मिलेंगे। साथ ही अनुभवी ब्यूटी एडवाइजर भी यहां होंगे।

# बीके: रेबीज इंजेक्शन के अभाव में गई बच्ची की जान

## इंजेक्शन न होने की बात कहकर रेफर कर झाड़ दिया था चिकित्सक ने पल्ला

कविता। फरीदाबाद



वरिशा को गोद में लेकर बैठे परिजन।

**शहर** के बादशाह खान सिविल अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में 11 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। अस्पताल में रेबीज के इंजेक्शन समाप्त होने से बुखार से तप रही बच्ची को अपातकालीन कक्ष से रेफर कर दिया गया। लेकिन जब तक परिजन एम्बुलेंस के लिए पहुंचे, तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी। अस्पताल की पीएओ से बात करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। जिले के सिविल अस्पतालों में इंजेक्शन नहीं है, लेकिन सूरजकुंड मेले में इंजेक्शन उपलब्ध करवाये गए है। क्योंकि यहां बंदरों की संख्या अधिक है।

**यह है पूरा मामला:** कुरैशीपुर निवासी रमजान की 11 वर्षीय बेटी वरिशा को कुत्ते ने काट लिया था। आर्थिक तंगी के कारण वरिशा को परिजनों ने बीके अस्पताल से इंजेक्शन लगवाने शुरू कर दिए। 22 फरवरी को उसे पहला इंजेक्शन लगा था। उसके बाद मंगलवार को उसे अंतिम इंजेक्शन लगना था। लेकिन वरिशा को इंजेक्शन अस्पताल में नहीं मिला। रमजान की माने तो मंगलवार को वरिशा की हालत खराब होने लगी। जिस पर वह उसे लेकर बीके अस्पताल पहुंचे। जहां बताया गया कि यहां इंजेक्शन नहीं है। हालत खराब होने पर वह अपातकालीन कक्ष में लेकर पहुंचे तो उसे बाहर से इंजेक्शन लगवाने को कहा गया। जिस पर रिजवान ने कहा कि वह खरीद कर ला देता है। लेकिन चिकित्सक ने बाहर से खरीदे गए इंजेक्शन को लगाने से ही मना कर दिया। बच्ची की हालत खराब होने पर चिकित्सकों ने उउसे दिल्ली के लिए रेफर कर दिया। रेफर हुई वरिशा को बीके से दिल्ली ले जाने के लिए परिजन एम्बुलेंस मांगने 112 काउंटर पर पहुंचे, लेकिन उसी दौरान वरिशा के मुंह से झाग निकलने लगे और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

परिजनों का आरोप है कि लगातार वह इंजेक्शन लगवाने के लिए आ रहे थे। लेकिन यहां इंजेक्शन समाप्त होने की बात कहकर उन्हें लौटाया जा रहा था। बाहर से इंजेक्शन खरीद कर यहां लगवाने को कहा तो चिकित्सकों ने मना करते हुए रेफर कर दिया। वहीं सूत्रों की माने तो बीके सिविल अस्पताल में गत सात मार्च से एंटी रेबीज के इंजेक्शन नहीं है। ऐसे में यहां आने वाले मरीजों को बाहर से इंजेक्शन खरीद कर लगवाने पड़ रहे है। इस विषय में जब अस्पताल की पीएमओ से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन ही नहीं उठाया।

## दो झपटमारों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 प्रभारी सब इंस्पेक्टर ब्रह्म प्रकाश की टीम ने दो स्नेचिंग करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी रोहन और आदर्श फरीदाबाद के गांव बडोली के रहने वाले हैं। दोनों आरोपियों ने अपनी बाइक की मदद से बीपीटीपी पुल बडोली से एक व्यक्ति से 18 मार्च के दिन मोबाइल फोन छीनने की वारदात को अंजाम दिया था। जिसका मुकदमा थाना बीपीटीपी में दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 की टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को गांव बडोली से गिरफ्तार किया है। आरोपियों से वारदात में प्रयोग बाइक और स्नेचिंग किया हुआ मोबाइल फोन बरामद कर लिए गए हैं।

# मेले में हजारों लोगों के लिए संजीवनी साबित हो रहा है स्वास्थ्य विभाग



मरीज कर्मवीर को एम्बुलेंस में लेकर जाते डॉ. अभिषेक।



पुलिसकर्मी का बीपी जांच करते एनडीसी कर्मचारी।

कविता। फरीदाबाद

**35वें** अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में जिला स्वास्थ्य विभाग कलाकारों, शिल्पकारों, दर्शकों और ड्यूटी दे रहे पुलिसकर्मियों की सेहत का ध्यान रख रहा है।

बुधवार को मेला परिसर में एक पुलिसकर्मी का शुगर लेबल हाई हो गया और वह मेले की डिस्पेंसरी तक नहीं पहुंच सका। पुलिसकर्मी ने पायनियर संवाददाता को अपनी परेशानी बताई। संवाददाता ने मेला ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक को फोन कर सूचना दी। ड्यूटी डॉ. अभिषेक ने स्वयं मौके पर पहुंचे और उन्हें एम्बुलेंस से डिस्पेंसरी में ले जाकर प्राथमिक उपचार की सुविधा दी।

## डॉक्टर मेले में बीमार पुलिसकर्मी तक एम्बुलेंस लेकर पहुंचे

जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा 35वें सूरजकुंड मेले में दो हेल्थ सेंटर स्थापित किये हैं। जिनका नोडल ऑफिसर डॉ. राजेश श्योकंद को बनाया गया है। डॉ. परिक्षित ने बताया कि मेला परिसर में पहला सेंटर मेला परिसर के अंदर तो दूसरी सिविल डिस्पेंसरी मेले में मौजूद थाने के निकट है। दोनो डिस्पेंसरियों में राउंड द क्लॉक चिकित्सा सुविधा दी जा रही है। 15 एम्बुलेंस के जरिये सुविधाएं मरीजों को उपलब्ध करवाई जा रही है। जिसमें 12 एम्बुलेंस मेला परिसर के भीतर तो वहीं तीन एम्बुलेंस राउंड द क्लॉक सर्विसेज दे रही है। मेले में लोगों को वैक्सीनेशन और कोरोना जांच की सुविधाएं भी दी जा रही है। जिसमें 77 लोगों को टीके लगे और 246 की आरटीपीसीआर जांच की गई। वहीं क्षयरोग और एचआईवी काउंसलिंग व जांच केन्द्र भी मौजूद है। जिसमें 179 लोगों की एचआईवीं जांच की गई। मेले में फिलहाल गर्मी, हाथ पैर में दर्द, सर्दी, जुकाम, एलर्जी, बुखार और पेट में दर्द के मरीज आ रहे है। जिसमें 19 से 23 मार्च की दोपहर तक 861 मरीजों का इलाज किया गया। मेले में मरीजों को एनसीडी की सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जा रही है। जिसमें बीपी और शूगर की जांच 244 की गई और साथ ही उन्हें अच्छा जीवन जीने का मूलमंत्र दिया जा रहा है।

**तुरंत पहुंचे चिकित्सक:** रोहतक के पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में तैनात पुलिसकर्मी कर्मवीर मेले में ड्यूटी पर आए हैं। अचानक शूगर लेबल हाई होने के कारण वे परेशान हो गए। स्टॉल नम्बर 955 के सामने उन्होंने पायनियर संवाददाता को रोककर अपनी परेशानी बताई। संवाददाता ने तुरंत मेले की डिस्पेंसरी में मौजूद डॉक्टर जतिन को फोन किया तो उन्होंने डॉक्टर अभिषेक के मेले में होने की सूचना दी। फोन करते ही डॉक्टर अभिषेक तुरंत एम्बुलेंस लेकर मौके पर पहुंचे और मरीज कर्मवीर की जांच के बाद उन्हें डिस्पेंसरी में ले जाकर प्राथमिक उपचार उपलब्ध करवाया।

# हरियाणा में प्रतिदिन मजबूत हो रही आम आदमी पार्टी



आम आदमी पार्टी के साउथ जोन कार्यकर्ता सम्मेलन में राज्य सभा सांसद सुशील गुप्ता का फूल माला से स्वागत करते कार्यकर्ता।

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी द्वारा बुधवार को सम्पूर्ण साउथ जोन कार्यकर्ता सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया। सम्मेलन समारोह में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव पकंज गुप्ता, सौरभ भारद्वाज विधायक ग्रेटर, महेंद्र चौधरी संगठन मंत्री हरियाणा रहे।

कार्यकर्म को सबोंधित करते हुए, सुशील गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी हरियाणा में दिन-प्रतिदिन मजबूत हो रही है। पंजाब विधानसभा चुनाव के नतीजे के बाद हरियाणा के सभी राजनीतिक पार्टियों में खलबली मची हुई है, सत्ता दलों और विपक्षी पार्टी के नेताओं की अब आम आदमी पार्टी ही पहली पसंद बनती जा रही है। हरियाणा की जनता भी चाहती है कि हरियाणा में भी दिल्ली के मुताबिक अच्छे स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और 24 घंटे बिजली का प्रबंध हो। राज्यसभा सांसद ने कहा कि फरीदाबाद भ्रष्टाचार की नगरी बन चुका है, जो काम ठेकेदारों द्वारा किए ही नहीं गए, उनकी पेमेंट कर दी जाती है। बिजली निगम का पिल्लर बॉक्स घोटाला, फड़ वितरण घोटाला, रजिस्ट्री घोटाला एवं शराब घोटाला सहित ऐसे कितने घोटाले हैं, जो मुखिया मनोहर लाल के सान्निध्य में हुए हैं। वीर सिंह सरपंच साउथ जोन अध्यक्ष, ओम प्रकाश गुप्ता साउथ जोन संगठन मंत्री, धर्मवीर भड़ाना, जिलाध्यक्ष फरीदाबाद, विनोद भाटी जिला संगठन मंत्री फरीदाबाद, भीम यादव जिला सचिव फरीदाबाद, विनय यादव, हितेश पालटा साउथ जोन युवा उपाध्यक्ष, बृजेश नगर आदि अन्य उपस्थित रहे।

# कोरोना काल में टीबी के मरीजों में हुई वृद्धि : डॉ. रोहित मुखर्जी



डॉ. रोहित मुखर्जी।

**फरीदाबाद।** कोरोना काल में टीबी (ट्यूबरक्युलोसिस) के मरीजों की संख्या लगभग दोगुना हो गई है। हालांकि कोरोना संक्रमण की रफ्तार धीमी होने पर मरीजों की संख्या में सुधार देखा जा रहा है।

वर्ल्ड टीबी डे पर ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के श्वांस रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहित मुखर्जी ने कहा कि पोस्ट कोविड के मरीज भी अस्पतालों में आ रहे हैं। पोस्ट कोविड लंग्स प्रभावित होने के कारण भी टीबी होने के चांस बढ़ जाते हैं। इसलिए भी इसकी संख्या में वृद्धि हुई है। इस साल वर्ल्ड टीबी डे की थीम टीबी को खत्म करने के लिए सहयोग करें ओर जीवन बचाएं है। इसके लिए लोग जागरूक होकर समय पर अपना इलाज करायें। परमोलजिस्ट डॉ. रोहित मुखर्जी ने बताया आज के व्यस्त समय में अक्सर लोग अपने स्वास्थ पर ज्यादा ध्यान नहीं देते। वहीं टीबी एक ऐसी बिमारी है जिसका समय रहते इलाज नहीं कराया तो वह जानलेवा साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी के मामलों में वृद्धि हुई है, जिसका अर्थ है कि टीबी के बैक्टीरिया फेफड़ों में संक्रमण के अलावा अन्य अंगों को भी प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि कोविड से पहले ओपीडी में रोजाना 60-70 मरीज इलाज के लिए आते थे। इनमें नए टीबी के मरीजों की संख्या 2-3 होती थी। अब इनकी संख्या बढ़ रही है।

# सात वर्ष बाद भी शहर नहीं बन सका स्मार्ट

## समस्याओं से जूझना शहर के लिए दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बन गया है

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



बल्लभगढ़ पुल के निकट मौजूद आगरा नहर के निकट लगा कचरे का ढेर।

**25 जून** 2015 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्मार्ट सिटी योजना का शुभारंभ किया गया था। जिसके अंतर्गत विकास के लिए सरकार द्वारा करीब सौ शहरों को चुना गया था। सौ शहरों की सूची में जिले का नाम भी शामिल था। जिसे इस योजना के तहत स्मार्ट बनाया जाना था।

योजना के करीब सात वर्ष बीत जाने के बाद भी शहर स्मार्ट बनने की प्रक्रिया से कोसों दूर है। शहर में जगह-जगह गंदगी के ढ़ेर मौजूद है। वहीं दूसरी तरफ जरा सी बरसात में यहां किए गए निगम के विकास कार्यो की पोल खुल जाती है। हाईवे से लेकर कालोनी और ग्रामीण इलाके सभी में जलभराव हो जाता है। स्मार्ट सिटी का नाम केवल आज कागजों तक ही सीमित रह गया है।

करीब 30 से 35 लाख की आबादी वाले इस शहर में हर वो समस्या है जो किसी आम शहर में होती है। इसके बावजूद इसे स्मार्ट सिटी फरीदाबाद के नाम से पुकारा जाता है। शहर के लिए योजनाएं केवल कागजों तक सीमित रह गई है, लेकिन यदि हम रियलिटी जांच करें, तो शहर में जगह-जगह कचरे के ढ़ेर और जाम और टुटी सड़कों के साथ ही जलभराव की समस्याएं सामने आती है। सड़कों की खस्ता हालत के कारण यहां निकलना भी दुर्भर हो जाता है। वहीं शहर में घूमते आवारा पशु, सीवर की समस्या, हर समय लगे रहने वाला ज़ाम यह सब दृश्य यहां आम हैं। इस प्रकार की समस्याओं से जूझना शहर के लिए दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बन गया है। अगर यही आलम रहा तो आने वाले समय में शहर की हालत और दयनीय हो सकती है।

## पड़ोसी के घर का चोरी करने के वाले दो पकड़े

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेंद्र की टीम ने आरोपियों द्वारा पड़ोसी के घर में सेंधमारी करके कीमती आभूषण तथा नकदी चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में रवि उर्फ काजू तथा चमन का नाम शामिल है। आरोपी फरीदाबाद की डबुआ कॉलोनी के रहने वाले हैं। आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना डबुआ में चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया था क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को डबुआ कॉलोनी से काबू कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने के आदी हैं। नशे के अलावा जुआ खेलने, अय्याशी करने व उधार के पैसे चुकाने के लिए आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# डिफॉल्टर से बढ़ रही क्षयरोगियों की संख्या : डॉ. शीला भगत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



डॉ. शीला भगत।

**शहर** में दिन प्रतिदिन क्षयरोगियों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। क्योंकि क्षयरोग का इलाज बीच में छोड़ देने वाले मरीज तेजी से क्षयरोग की बीमारी दूसरों में फैलाते हैं। क्षयरोग विभाग डिफॉल्टरों की संख्या को कम करने की हर संभव कोशिश कर रहा है। लेकिन इन पर लगाम नहीं लग पा रही है।

विश्व क्षयरोग दिवस के उपलक्ष्य में जिला क्षयरोग अधिकारी डॉक्टर शीला भगत ने बताया कि क्षयरोग के मरीजों को विभाग की ओर से समय-समय पर जागरूक किया जा रहा है और मरीजों को हिदायत दी जा रही है कि वे अपने इलाज को बीच में न रोके। उनका कहना था कि नए मरीजों पर लगाम लगाना आसान होता है। लेकिन जो लोग इलाज बीच में छोड़ चुके हैं। वह परेशानी का सबब बनते हैं। उन्होंने बताया कि जो लोग इस बीमारी का इलाज बीच में ही छोड़ देते हैं। उनके कारण से स्वास्थ्य व्यक्ति भी उनके संपर्क में आने से इस बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। जिस कारण से शहर में इस बीमारी के मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है।

## वर्ष 2013 से अब तक

डॉ. शीला भगत ने बताया कि बीते कुछ वर्षों में जिसमें वर्ष 2013 में क्षयरोग के मरीजों की संख्या 1653 थी। जिसमें काउंसलिंग के लिए कुल 13663 मरीज आए थे। जिसमें से 3803 मरीज पोजिटिव पाए गए थे। वहीं वर्ष 2014 में क्षयरोगियों के बलगम के 14310 लोगों के सैंपल लिए गए। जिसमें 4202 मामले पॉजिटिव पाए गए। वहीं दूसरी तरफ वर्ष 2015 में 13540 मरीजों के सैम्पल लिए गए थे। जिसमें 4417 लोगों की रिर्पोट पोजिटिव पाई गई।

वर्ष 2016 में 14034 मरीजों के सैम्पल लिए गए थे। जिसमें 4510 लोगों की रिर्पोट पोजिटिव पाई गई। वर्ष 2017 में कुल 82158 मरीजों के सैम्पल लिए गए थे, जिसमें एमडीआर समेत कुल 7951 मरीज थे। इसी तरह वर्ष 2019 में कुल 7962 मरीज सामने आए है। वहीं 2020 में 6703 और 2021 में एमडीआर समेत 8657 मरीज सामने आए। वहीं 2022 की बात करें, तो अब तक कुल 1846 मरीज सामने आए हैं। इस दौरान अब तक 8 मरीजों की मौत हो चुकी है।

## क्षयरोग से करें बचाव : डॉ. नायर

**फरीदाबाद।** टीबी (क्षयरोग) संक्रमण की बीमारी है जो खांसने, छींकने या बोलने के दौरान एक मरीज से दूसरे व्यक्ति में फैल जाती है। ओपीडी में आये कई मरीजों में टीबी के इलाज से संबंधित डोज ठीक न होने की समस्या देखने को मिलती है इसलिए इस बैक्टीरिया के इलाज के दौरान एक्सपर्ट द्वारा मरीज के वजन के अनुसार डोज के ठीक होने का खास ख्याल रखा जाना चाहिए। रोजाना 3-5 मरीज टीबी के आते हैं जिनमें फॉलो-अप करने वाले मरीज भी होते हैं। यह बात क्यूआरजी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल से वरिष्ठ सांस एवं छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. विद्या नायर ने कही। उन्होंने कहा कि धूम्रपान, शराब का ज्यादा सेवन करने वाले, कमजोर इम्युनिटी वाले, एचआईवी, मधुमेह, किडनी की बीमारी या कमजोर लीवर के मरीजों में टीबी होने की आशंका ज्यादा होती है। टीबी शरीर में फेफड़ों के रास्ते प्रवेश करती है। सामान्य तौर पर 80 फीसदी टीबी फेफड़ें की होती है और 20 फीसदी शरीर के अन्य अंगों की होती है।

# एसडीएम त्रिलोक चंद ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



बल्लभगढ़ स्थित शहीद स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते भाजपा नेता टिपर चंद, एसडीएम त्रिलोक चंद और अन्य।

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ के एसडीएम त्रिलोक चंद ने शहीद दिवस के उपलक्ष्य में शहीद स्मारक बल्लभगढ़ पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव मुजेसर में भी शहीदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों को शहीद सरदार भगत सिंह के गांव खटकड़ पंजाब प्रान्त से लाई गई पवित्र मिट्टी से तिलक किया गया।

भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा और भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा सहित बल्लभगढ़ के गणमान्य लोग मौजूद रहे। गांव मुजेसर के सामुदायिक भवन वाले पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य का भी शिलान्यास किया। भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा ने गांव के इस पार्क का नाम शहीदो के नाम पर रखने का ऐलान भी किया। इस पार्क पर करीब 13 लाख रुपये की धनराशि खर्च होगी। इससे पहले टिपरचंद शर्मा और जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा प्रदेश के अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने देश प्रदेश के युवाओं को देश भक्ति का सन्देश दिया और कहा ये पवित्र मिट्टी शहीदों के गांव से लाए है। इस अवसर पर पौधे लगाकर स्वच्छ पर्यावरण का संदेश भी दिया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## शहीद-ए-आजम भगत सिंह का मनाया बलिदान दिवस



शहीदी दिवस के अवसर पर शहीद ए आजम भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते जनहित सेवा संस्था के सदस्य।

**फरीदाबाद।** सामाजिक संस्था जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद ने अपने कार्यालय पर शहीदी दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर सभी ने मिलकर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी व शहीदों को नमन किया। सभा की अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्रधान संत सिंह हुड्डा ने इस अवसर पर कहा कि आजादी के क्रांति दूत अमर शहीद शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को शहीदी दिवस पर मेरा शत-शत नमन। मां भारती के इन महान सपूतों का बलिदान देश की हर पीढ़ी के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत बना रहेगा। मुख्य अतिथि समाजसेवी दीपक डागर ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई में खुद को देश की वेदी पर चढ़ाने वाले यह नायक हमारे आदर्श हैं। इन तीनों वीरो की शहादत को श्रद्धांजलि देने के लिए ही शहीदी दिवस मनाया जाता है। इन क्रांतिकारियों की शहादत को हमेशा पूरा देश याद करता रहेगा। संस्था के महासचिव सुभाष गहलोत ने कहा कि तीन परिंदों उड़े तो आसमान रो पड़ा, ये हस रहे थे ,मगर हिंदुस्तान रो पड़ा। यह सच्चे सपूत थे माता के अपना सुख- दुख सब भूल गए ।माता की बेड़ी तोड़ने को हंसते-हंसते फांसी झूल गए। एक बार सांस लेना भूल जाना मगर क्रांतिकारियों का बलिदान दिवस मत भूल जाना। आज उन्हीं की बदौलत हम आजादी की सांस ले रहे हैं। भगत सिंह के जीवन से आज के युवाओं को प्रेरणा लेने की विशेष जरूरत है। भगत सिंह युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने इंकलाब जिंदाबाद का नारा दिया था। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि समाजसेवी दीपक डागर,संस्था के प्रधान संत सिंह हुड्डा, संस्था के महासचिव सुभाष गहलोत, संस्था के मुख्य सचिव देवी चरण वैष्णव, खंदावली सरपंच निसार, धीरपाल डागर, राजू, देवी सिंह कुंडू, संस्था के कोषाध्यक्ष लोकेश शास्त्री, संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉक्टर प्रवेश लांबा, संस्था के उपाध्यक्ष पंडित ओम दत्त शास्त्री, लक्की वर्मा, दीपक गोयल,बबलू छाबड़ा, सुनील चौधरी, सुंदर तेवतिया विशेष रूप से मौजूद थे।

## अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में हरियाणवी नृत्य की धूम



सूरजकुंड क्राफ्ट मेले स्थित छोटी चौपाल पर कार्यक्रम प्रस्तुत एनएच-तीन के सरकारी स्कूल की छात्राएं।

**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनएच तीन की छात्राओं ने 35वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स मेले में चौपाल पर फोक डांस के अंतर्गत हरियाणवी लोक नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि पिछले अनेक वर्षों से विद्यालय की छात्राएं सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स मेले में कानूनी साक्षरता स्टॉल पर नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन रही हैं। प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी के आदेशानुसार विद्यालय की संगीत अध्यापिका हेमा के नेतृत्व में विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस सदस्य छात्राओं ने चौपाल पर हरियाणवी लोक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्राचार्य मनचंदा ने बताया कि इस वर्ष पैतीसवे सूरजकुंड मेले में विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड सदस्य छात्राएं फोक डांस, रंगोली सजाना, स्किट तथा मेहंदी लगाओ आदि कार्यक्रमों में भागीदारी कर रही हैं। प्राचार्य मनचंदा ने छात्राओं ज्योति, खुशबू, नेहा, अंजली, रानी, राधा, रुकसाना, सीमा, अंजली, सोनी, कंचन और सोनम का मेले के चौपाल पर हरियाणवी संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए हरियाणवी फोक डांस करने पर प्रशंसा की और कहा कि हरियाणा के राजकीय विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे विथार्थियों में प्रतिभा को कोई कमी नहीं है विद्यार्थियों को अवसरों का समुचित लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता होती है। प्राचार्य ने सूरजकुंड मेले में विद्यार्थियों की आकर्षक प्रतिभागिता के लिए सभी अध्यापकों का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त किया।

## हरियाणा प्रगति रैली के लिए जनता में भारी जोश : सीमा त्रिखा



सेक्टर 21 डी स्थित आशादीप अपार्टमेंट में शहीदे -ए आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव सिंह के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देतीं बड़खल विधान सभा क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा और अन्य।

**फरीदाबाद।** 75वें अमृत महोत्सव के अंतर्गत शहीदी दिवस तथा 27 मार्च को प्रस्तावित हरियाणा प्रगति रैली की तैयारियों को लेकर आज सेक्टर-21डी के आशादीप अपार्टमेंट तथा एनएच-3 में कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि बड़खल विधानसभा क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा और गणमान्य व्यक्तियों ने सच्चे देशभक्त और अमर क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कृतज्ञ राष्ट्र हमेशा अपने अमर शहीदों को नमन करता रहेगा। उन्होंने कहा कि सरदार भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की शहादत को देश कभी भुला नहीं सकता। आज ही के दिन सन 1931 में अंग्रेजी हुकूमत ने इन तीन महान देशप्रेमियों को फांसी दी गई। उन्होंने कहा कि ऐसे अमर शहीदों की वीरगाथाओं को सुनकर युवा पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार होता है। विधायक सीमा त्रिखा ने उपस्थितजनों से कहा कि आगामी 27 मार्च को तिगांव अनाज मंडी में प्रस्तावित हरियाणा प्रगति रैली में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल पधारेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इस रैली में क्षेत्र के विकास के लिए अनेक सौगातें भी देंगे। इसलिए आप लोग बड़ी संख्या वहां मुख्यमंत्री को सुनने अधिक से अधिक संख्या में लोगों को लेकर पहुंचें। विधायक ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री सभी क्षेत्रों में समान विकास करवाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। यही कारण है कि कोरोना काल में रुके कार्यों ने भी अब तेजी पकड़ ली है और नए काम भी शुरू हो गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पिछले सात सालों में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हुआ है। बेहतर सुशासन व्यवस्था से प्रदेश में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई गई है और अंत्योदय के मूल मंत्र पर चलकर गरीब, किसान, पिछड़ों और महिलाओं एवं युवाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाओं को लागू कर उनका क्रियान्वन कर जन जन को सशक्त करने का काम किया जा रहा है। यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश खुशहाल हुआ है। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सुमन बाला, मनोज नासवा, सतेंद्र पांडे, अमित आहूजा, अशोक शर्मा, संजय अरोड़ा, रीटा गोसाईं, पं. सुरेंद्र शर्मा, सुमित विज, प्रवीण चौधरी, शालिनी मंगला, नवीन कुमार, आर के अरोड़ा, रूद्रदेव शर्मा, हिमांशु शर्मा, मुरारी लाल गर्ग, प्रेम दीवान, नीलम गुलाटी, पंकज स्याल, गगनदीप रिंकू, गंगा सहाय, सुमेर सिंह कटारिया, राजवती, गुलशन भारद्वाज, सुशील सेतिया, रघुवीर अरोड़ा, जेपी शर्मा, जगमोहन शर्मा, ओमप्रकाश ढींगड़ा, मनोज शर्मा, दीपा भाटिया, रविंद्र भाटिया, संजय महेंद्रू, आनंदकांत भाटिया, बिशम्बर भाटिया को रैली को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं।

## समान परीक्षा

### छात्रों को झटका

**केन्द्रीय** विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए साझा परीक्षा कक्षा 12 के छात्रों के लिए एक तरह का झटका है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-यूजीसी ने इस साल जुलाई से भारत के केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए साझा स्नातक परीक्षा का सुझाव दिया है। इसे कामन युनिवर्सिटी इंट्रेंस टेस्ट-सीयूईटी का नाम दिया गया है। प्रवेश के लिए केवल टेस्ट में मिले नंबर ही एकमात्र आधार होगा। इसके तीन भाग होंगे और इसे दो पाली में एक ही दिन आयोजित किया जाएगा। पहली परीक्षा भाषाओं के प्रति छात्र के रुझान की होगी, जबकि दूसरी का संबंध विषय संबंधी सवालों से होगा। अंतिम भाग का संबंध वर्तमान मामलों, गणितीय क्षमता तथा तार्किक व मात्रात्मक विश्लेषण से होगा। यह परीक्षा यूजीसी द्वारा वित्तपोषित सभी 45 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के लिए अनिवार्य होगी। पहले सीयूईटी का आयोजन करने वालों में जेएनयू, बीएचयू, एएमयू व जामिया मिलिया इस्लामिया शामिल हैं। इस प्रकार भारत चीन, जापान व अमेरिका जैसे देशों की तरह हो जाएगा जो स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए केन्द्रीकृत प्रवेश परीक्षायें कराते हैं। यह घोषणा अगले महीने कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों के माता-पिता के लिए आश्चर्यजनक है। यूजीसी कक्षा 12 में मिले नंबरों को कोई महत्व नहीं देगा। ऐसे में छात्र निराशा से भर कर पूछते हैं कि इन परीक्षाओं के लिए कठोर परिश्रम का क्या अर्थ है। अब तक वे समझते थे कि उनको सभी विषयों में शत प्रतिशत नंबर प्राप्त करने हैं जो शहर के सबसे अच्छे कालेजों में स्नातक प्रवेश के लिए अतार्किक कट-आफ होता था। माता-पिता का कहना है कि सीयूईटी को लागू करने के बाद छात्र सीयूईटी



ट्यूटोरियलों में शामिल हो जाएंगे जो रातोंरात सामने आएंगे।

सीईयूटी के बचाव में कहा जा रहा है कि यह प्रस्ताव सभी छात्रों को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है, भले ही उनकी पृष्ठभूमि चाहे जो हो ताकि उनको सफल होने के लिए न्यायोचित व समान अवसर मिल सके। देखना होगा कि क्या यह समय बीतने के साथ एक योग्यता-केन्द्रित व्यवस्था में बदलता है जो 'विशिष्ट' शिक्षा के लिए दरवाजे खोलेगा। यह चिन्ता का कारण है। उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण से पता चला है कि भारत में 2017-18 में 18-23 आयुवर्ग में सकल दाखिला अनुपात 27.4 प्रतिशत था, जबकि यह अमेरिका में यह 82 प्रतिशत है। इसका अर्थ है कि इस आयुवर्ग की कुल जनसंख्या का केवल 27.4 प्रतिशत कालेजों व विश्वविद्यालयों में पढ़ता है। ऐसे में बाकी के लिए क्या कहा जाए? हो सकता है कि उन्होंने कक्षा 12 पास करने या उसमें फेल होने के बाद शिक्षा लेनी बंद कर दी हो या उनको स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश न मिला हो। हो सकता है कि पिछले सालों में यह आंकड़ा सुधरा हो, पर कक्षा 12 के बाद शिक्षा छोड़ देने वाले छात्रों की संख्या अब भी काफी होगी। सीयूईटी शामिल करने से इस हिस्से का कोई भला नहीं होगा। उनको प्रोत्साहित करने के लिए कक्षा 12 पास करने के बाद आवश्यकतानुसार उच्च शिक्षा या व्यावसायिक शिक्षा में प्रवेश दिलाने की पहल होनी चाहिए। वर्तमान समय में कुल मिला कर शिक्षा का अर्थ राष्ट्रीय शिक्षा नीति हे और यूजीसी उसका हिस्सा है। कक्षा 12 के नंबर न शामिल करने के बारे में आयोग को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चहिए। इसके बजाय वह राज्य व केन्द्रीय बोर्डों की मूल्यांकन विधियों की समीक्षा कर सकता है तथा इसके बाद सीयूईटी नंबर के अलावा इनका एक निश्चित प्रतिशत शामिल किया जा सकता है।

# जातिवाद का अंत नहीं भाजपा की जीत

पार्टी यह नैतिक दावा नहीं कर सकती है कि उसकी राजनीति जाति-विहीन व राष्ट्रवादी है क्योंकि वह जाति तोड़ने के बजाय उसे मजबूत कर रही है।



**अरुण सिन्हा**
(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)



भारतीय जनता पार्टी ने दावा किया है कि उत्तर प्रदेश में उसकी विजय जातिवाद के खिलाफ विजय है, पर इस दावे के पक्ष में ज्यादा तर्क नहीं हैं। निश्चित रूप से भाजपा की समाजवादी पार्टी के खिलाफ असाधारण विजय हुई है जिसका विश्वास मुख्यत: यादव मतदाताओं पर था। हालांकि, उसने अन्य पिछड़ी जातियों को लामबंद करने का प्रयास किया था, पर उसकी विजय एक 'जातिवादी' पार्टी पर 'जातिविहीन' पार्टी की विजय नहीं है। यह एक कमजोर पार्टी पर बेहतर पोषित व बेहतर संगठित जातीय गठबंधन की विजय है। इस विजय में निश्चित रूप से उग्र-राष्ट्रवाद और हिंदुत्व ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

लेकिन भाजपा ने इनका प्रयोग रस्सियों की तरह किया है और उनसे सामाजिक गंगा में अलग-अलग झंडों के साथ तैर रही जातीय नावों को एकसाथ बांधा है। इसके बावजूद इन नावों का अस्तित्व बना हुआ है। भाजपा ने स्वयं को प्राथमिक रूप से एक राजनीतिक उपकरण के रूप में उन पिछड़ी जातियों व दलितों के समक्ष पेश किया है जो यादव उभार और प्रभुत्व से असहज अनुभव करते हैं। 2012-2017 के बीच अखिलेश शासन के पांच सालों को यादवों और गैर-यादवों ने परस्पर विरोधी कारणों से 'यादव राज' के रूप में देखा। इसने एक यादव-विरोधी भावना पैदा की जिसका भाजपा ने अच्छी तरह लाभ उठाया।

भाजपा मतदाताओं के पास जातिहीन दृष्टिकोण ले कर नहीं गई, जबकि एक राष्ट्रवादी पार्टी के लिए यही ठीक था। उसने यह नहीं कहा कि 'चाहे कोई यादव हो या तेली, मौर्य या जाटव या पासी, सब एक ही परिवार के सदस्य हैं। हम सबको एकसाथ मिल कर राष्ट्र निर्माण करना है।' उसने यादवों, तेलियों, मौर्य, जाटवों व पासियों के बीच भ्रातृत्व पैदा करने का प्रयास नहीं किया। इसके उलट उसने अपने राजनीतिक लाभ के लिए यादवों व अन्य पिछड़ी जातियों तथा जाटवों व अन्य अनुसूचित जातियों के बीच खाई चौड़ी करने व दुश्मनी पैदा करने का काम किया। इस प्रकार उसने वही काम किया जो नीतीश कुमार ने बिहार में किया था। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की तरह बिहार में राष्ट्रवादी जनता दल पर यादवों का प्रभुत्व था। नीतीश कुमार ने गैर-यादव पिछड़ी जातियों का एक गठबंधन तैयार किया। उन्होंने इसमें दलितों की नेतृत्वकारी जाति दुसाधों को अलग करने के लिए 'महादलितों' की नई श्रेणी तैयार की ताकि एक मजबूत चुनावी आधार तैयार किया जा सके।

उन्हें अब भी इसका लाभ मिल रहा है। लेकिन भाजपा नीतीश कुमार से आगे निकल गई। उसने हर जाति के प्रतिनिधियों की बैठकें आयोजित कीं जिनमें उसकी खास जाति वाले नेताओं को बोलने के लिए आमंत्रित किया गया।

इसने हर जाति के 'सामुदायिक नेताओं' की पहचान की और भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं से उनसे सक्रिय संपर्क बनाए रखने को कहा। इन 'सामुदायिक नेताओं' के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं को जाति के मतदाताओं में मोदी की केन्द्र सरकार और राज्य की योगी सरकार द्वारा दिए जाने वाले 'लाभों' को प्रचारित करने का आह्वान किया जो राज्य ने इन समुदायों के लिए किए थे। उदाहरण के लिए, भाजपा कार्यकर्ताओं ने कुम्हारों से कहा कि योगी सरकार ने अयोध्या में 2021 में दीपावली के लिए 12 लाख दीपक खरीद कर उनके कौशल को प्रोत्साहित किया है।

जहां पार्टी ने सामुदायिक नेताओं का प्रयोग जाति के सदस्यों को प्रभावित करने वालों के रूप में किया, वहीं उसने उनका प्रतिनिधित्व करने वाले राजनेताओं को पार्टी संगठन में महत्वपूर्ण पद भी दिए। इसी प्रकार पार्टी ने विभिन्न जातियों के लोगों को उम्मीदवार बना कर उनसे संबंध और मजबूत किए। गैर-यादव पिछड़ी जातियों व गैर-जाटव अनुसूचित जातियों से गहरे संबंध स्थापित कर भाजपा ने समाजवादी पार्टी को रणनीति में पीछे छोड़ दिया तथा चुनावों के पहले ही पिछड़ी जातियों व गैर-जाटव समुदायों का एक गठबंधन बनाने का प्रयास किया। इस प्रकार भाजपा की विजय उथले जातिवाद पर गहरे जातिवाद की विजय थी। ऐसे में पार्टी यह नैतिक दावा नहीं कर सकती है कि उसकी नीतियां जातिविहीन व राष्ट्रवादी हैं। पार्टी जाति तोड़ने के बजाय उसे मजबूत कर रही है, जैसा कि अन्य राजनीतिक पार्टियों ने किया है और कर रही हैं।

जाति का अस्तित्व तीन अलग रूपों में है। इनमें से एक राजनीतिक रूप है। अन्य पार्टियों की तरह भाजपा जातियों की राजनीतिक अभिव्यक्ति का लाभ उठा कर चुनावों में उनका समर्थन पाने का प्रयास करती है। हालांकि, यह अभिव्यक्ति बदलती रहती है। जातियां एक पार्टी के बजाय दूसरी पार्टी में अपना संरक्षण बदलती रहती हैं। सरकार में आने पर राजनीतिक पार्टी बदल जाती है, पर जातियों के राजनीतिक संगठन नहीं बदलते हैं। भाजपा हमें यह विश्वास भी नहीं दिला सकती है कि उसने जातियों को एक इंद्रधनुषी गठबंधन में विलय कर दिया है। यह इंद्रधनुष आज या कल गायब हो जाएगा। जातियों का दूसरा रूप सामाजिक संगठन हैं।

यदि भाजपा जाति तोड़ना चाहती है तो उसे जातियों की सामाजिक ऊंचनीच तोड़नी होगी। उत्तर प्रदेश के कितने ठाकुर एक मौर्य दामाद य पासी बहू स्वीकारने को तैयार होंगे? क्या कोई जाटव किसी गांव में ब्राह्मणों की बस्ती में जमीन खरीद कर मकान बनवा सकता है? चुनाव के ठीक पहले योगी आदित्यनाथ एक दलित के स्वच्छ दिखने वाले घर में भोजन करते दिखे थे। लेकिन उच्च जातियों के कितने पुरुष या महिलायें दलित समुदायों के साथ भोजन करते दिखते हैं? नीची जातियों के कितने लोग उच्च जातियों के घरों में विवाह के अवसर पर आमंत्रित होते हैं?

सामाजिक ऊंचनीच इसलिए बनी रहती है क्योंकि उसकी जड़ें गहरी हैं। इसमें रक्त शुद्धता व कर्म के अनुसार पुनर्जन्म की गलत अवधारणायें भी शामिल हैं। ये अवधारणायें नीव के वे पत्थर हैं जिन पर सामाजिक ऊंचनीच का भवन बना होता है। भाजपा ने कभी नीव के इन पत्थरों पर प्रहार नहीं किया है। उसने ऐसा इसलिए नहीं किया है क्योंकि इसका अर्थ उन विश्वासों पर हमला होगा जो हिंदूवाद की परंपरा हैं। हिंदूवाद इन पर बिना कोई सवाल उठाए इनका महिमामंडन करता है।

जाति का तीसरा रूप आर्थिक संगठन है। शताब्दियों से हर जाति एक खास पेशा अपनाती थी। पेशों को नीचे से ऊंचे क्रम में परिभाषित किया गया था और इसके आधार पर अश्पृश्यता, अलगाव तथा ऊंचनीच को परिभाषित किया गया था। औद्योगीकरण और शहरीकरण के कारण जातियों व पेशों के बीच संबंध कमजोर हो गए। लेकिन नीची जातियों के लोग अब भी नीची जातियों की तरह देखे जाते हैं, भले ही वे अन्य पेशों, गांव से दूर वाले पेशों, उद्योगों या व्यापार में हों। इस प्रकार जाति का सामाजिक रूप उसके आर्थिक रूप की तुलना में ज्यादा लंबे जीवन वाला होता है। जाति का सामाजिक रूप बने रहने का यह अर्थ नहीं कि यह कभी समाप्त नहीं होगा। इसके बने रहने के चाहे जितने उदाहरण हों, इसके कमजोर होने के भी कुछ उदाहरण हैं।

जाति तोड़ने का रास्ता नीची जातियों को उन पेशों में लाना है जो अब तक उच्च जातियों के पास थे। संक्षेप में, यदि कोई राजनीतिक पार्टी जातिवाद को समाप्त करना चाहती हो तो उसे मुख्य उपकरण के रूप में उद्योग व व्यापार में रोजगार सृजन करना चाहिए। क्या भाजपा उत्तर प्रदेश में यह कर रही है? सेंटर फार मानीटरिंग इंडियन इकोनोमी के अनुसार, राज्य में 15-29 आयुवर्ग के 70.99 मिलियन नौजवानों में से केवल 12.17 प्रतिशत या लगभग 17 प्रतिशत सितंबर-दिसंबर, 2021 में रोजगार प्राप्त थे। ऐसे में जाति और पेशे के बीच संबंध कैसे तोड़ा जा सकता है?

# आईटी उद्योग की मजबूत आधारशिला

“194 बिलियन डॉलर के आकार वाले आईटी उद्योग ने सरकार, उद्योगों और शिक्षाविदों को अपने जनादेश को त्वरित तरीके से प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाया है।”

**ओंकार राय**
(लेखक तकनीकी विशेषज्ञ हैं)



भारतीय आईटी उद्योग ने पिछले साढ़े तीन दशकों में मूल्य श्रृंखला को आगे बढ़ाया है। 194 बिलियन डॉलर के आकार वाले आईटी उद्योग ने सरकार, उद्योगों और शिक्षाविदों को अपने जनादेश को त्वरित तरीके से प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाया है। आईटी उद्योग की मजबूत नींव देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज बनने के अपने दृष्टिकोण को क्रियान्वित करने में भी सरकार की मदद कर रही है।

इस उद्योग ने नीति निर्माताओं को वांछित परिणामों के साथ कम समय में डिजिटल पहल की योजना बनाने और उसे लागू करने में सक्षम बनाया है। सरकार द्वारा अपनी पहल, यानी इंडिया स्टैक के माध्यम से डिजिटल पुश ने फिनटेक क्षेत्र के पूरे परिदृश्य को बदल दिया है। वित्तीय और गैर-राजकोषीय प्रोत्साहनों के एक सेट के माध्यम से वर्षों से स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करने के सरकार के प्रयासों ने न केवल ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था की संस्कृति का निर्माण करके, बल्कि रोजगार सृजन की गति को भी तेज करके समृद्ध लाभांश देना शुरू कर दिया है। राष्ट्र। डिजिटल इंडिया और स्टार्ट-अप इंडिया कार्यक्रमों की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण भारत को वैश्विक यूनिकॉर्न हब बनाने वाले क्षेत्रों में यूनिकॉर्न का उदय है। अनुमानों के अनुसार, जनवरी 2022 तक, भारत में 83 यूनिकॉर्न थे, जिनका कुल मूल्यांकन 277.77 बिलियन डॉलर था।

यह एक संख्या है जिसे कुछ साल पहले कल्पना करना भी मुश्किल था। महत्वपूर्ण बात यह है कि कोविड-19 महामारी और कोरोनावायरस की विनाशकारी दूसरी लहर ने नवोदित उद्यमियों को अपने विचारों के साथ आगे बढ़ने और बड़े सपनों को साकार करने से नहीं रोका। महामारी के दौरान, नीतिगत




ढांचे ने स्टार्ट-अप्स को यूनिकॉर्न बनने के लिए अपनी नवाचार यात्रा के साथ-साथ आगे बढ़ने की अनुमति दी।

भारत में स्टार्ट-अप की लगातार बढ़ती संख्या इसके व्यापक नीतिगत ढांचे के संयोजन के साथ अपने मजबूत स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र को दर्शाती है, और युवा, उद्यमी भारतीयों की अपने नवीन विचारों के साथ प्रयोग करने और बड़ा बनने और भारत को गौरवान्वित करने की उनकी आशा को आगे बढ़ाने की इच्छा को दर्शाती है। लगभग छह साल पहले एक विनम्र शुरुआत के साथ, आज देश में जनवरी 2022 तक लगभग 61,400 मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप हैं। 2021 के दौरान, केंद्र सरकार ने 2016-17 में 733 के मुकाबले 14,000 से अधिक स्टार्ट-अप को मान्यता दी है। यह देश में स्टार्ट-अप संस्कृति के तेजी से विकास और उन अवसरों का स्पष्ट प्रतिबिंब है जिनके लिए शिक्षित और उद्यमी युवा इच्छुक हैं। बजट 2022 डिजिटल अर्थव्यवस्था पर केंद्रित है जो किसी भी मामले में आईटी उद्योग की क्षमता का बड़े पैमाने पर लाभ उठाता है। डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करके, एक डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना करके और डिजिटल मुद्रा को लॉन्च करके, सरकार देश को एक डिजिटल राष्ट्र में बदलने के लिए आगे बढ़ रही है। एक बाजार संचालित अर्थव्यवस्था को उभरते उद्यमियों के समर्थन और प्रोत्साहन की आवश्यकता होती है, यही वजह है कि बजट 2022 ने स्टार्ट-अप के लिए और अधिक भत्तों की घोषणा की।

31 मार्च, 2022 से पहले स्थापित स्टार्ट-अप को निगमन से दस वर्षों में से लगातार तीन वर्षों के लिए कर प्रोत्साहन प्रदान किया गया था, हालांकि बजट 2022 ने पात्र स्टार्ट-अप के लिए कर प्रोत्साहन का एक और वर्ष बढ़ा दिया है, यानी 31 मार्च तक , 2023. कर प्रोत्साहन-पुरस्कार की अवधि के विस्तार का उद्योग द्वारा बहुत स्वागत किया गया है और निश्चित रूप से उभरते उद्यमियों को एक दिन यूनिकॉर्न बनने के लिए कड़ी मेहनत करना बंद नहीं करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। भारत तकनीकी नवाचार, उद्यमिता और रोजगार-समृद्ध आर्थिक विकास का केंद्र बन गया है। अब, टियर 2 और 3 शहर देश भर में प्रतिभा और आर्थिक विकास के लिए अगले मोर्चे के रूप में उभर रहे हैं ताकि सभी क्षेत्रों में एक समान खेल मैदान लाया जा सके।

बजट 2022 दृढ़ता से नवाचार और प्रौद्योगिकी के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराता है, आईटी क्षेत्र बोर्ड भर में बढ़ने के लिए तैयार है, प्रौद्योगिकी सबसे तेजी से बढ़ते खंड के रूप में उभर रही है। जैसे-जैसे स्टार्ट-अप और यूनिकॉर्न का प्रसार होगा, देश त्वरित गति से आगे बढ़ने में सक्षम होगा और बाद में जल्द से जल्द 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का एहसास करेगा।

## आप की बात

### दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं

**बंगाल** में हिंसा कब खत्म होगा? खत्म होगा भी की नहीं। जो दारुण व्यथित करने वाला दृश्य बिहार एवं यूपी के चुनावों के दौरान उभरते थे। अब वह भयावह घटनाएं बंगाल में दिखने लगी हैं। सोमबार देर शाम बीरभूम जिले में जिस तरह से एक टीएमसी नेता की हत्या हुई। उसके बाद तो मानो पूरा इलाका जल उठा। जिसमे 10 लोग मारे गए। बंगाल सरकार को यह सोचना चाहिए की क्या राज्य के लोगों ने जो प्रचंड बहुमत, विधान सभा एवं स्थानीय निकाय चुनावों में दिया है। उसके बदले उन्हें इस तरह के अशांति झेलनी पड़ेगी? जिस समय टीएमसी नेता की हत्या हुई, क्यों पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील नहीं किया जा सकता था ? ममता बनर्जी इस हिंसा एवं प्रतिहिंसा का आरोप बीजेपी पर लगाकर अपनी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकती। कानून व्यवस्था उसके अधीन है। बीजेपी वाले भी कुछ ज्यादा ही शक्रिय हो गए हैं। या कहें लाशों पर राजनीतिक रोटी सेंकने के फिराक में दिख रहे हैं। इन लोगों ने न सिर्फ राष्ट्रपति शासन की मांग की बल्कि 5 सदस्यीय समिति का गठन भी कर लिया है। मगर इनके राज्य यूपी के मथुरा में, भीड़ द्वारा, आधिकारिक रूप से मृत पशुओं को ले जा रहे तीन लोगों की बेरहमी से पिटाई कर दी।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### खराब सड़कें

**भारत** देश मे सड़कों का जाल बिछाने के लिये हर वर्ष अरबों रुपये का बजट और वैश्विक संस्थाओं से कर्जा लेकर सड़को को निर्माण किया जा रहा है। गांवों को मुख्य राजमार्गो से जोड़ने के लिये पीएम सड़क योजना सारे देश मे चलाई जा रही है। लेकिन सवाल और दर्शन गुणवत्ताहीन सड़को के होते हैं। करोड़ों की लागत से बनने वाली सड़क कुछ महीने बाद ही टूटने लगती है। कुछ समय बाद गड्ढे ही गड्ढे सड़कों पर दिखाई देते हैं।जो दुर्घटनाओं को दावत देते हैं। लखनऊ मलिहाबाद राजमार्ग पर 21मार्च को सड़क दुर्घटना में तीन मेडिकल छात्रों की दुखद मृत्यु हो गई। तीनों ही प्रतिभावान युवकों को असमय काल के गाल में सड़क के लिये जिम्मेदार अधिकारियों के कारण जाना पड़ा। चिन्तनीय बिंदु है। जब सड़कें बनती हैं। मानक के अनुसार बन रही हैं। इसको देखने और गुणवत्तापूर्ण निर्माण की जवाबदेही अधिकारियों की तय नहीं है। सड़क मजदूर बनाते हैं। निर्माण के समय इंजीनियर नहीं होते। इन सड़कों का निर्माण जन श्रुति है। मात्र 30पैसे में होती है। उप्र के उन्नाव जिले में शुक्लागंज में अंग्रेजों के जमाने मे बनी सड़क आज भी है। उसको तोड़ने में मशीने भी हार गईं।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव


### ममता दीदी होश में आओ

**पश्चिम** बंगाल के वीरभूम में टीएमसी के एक सरपंच स्तर के नेता की हत्या के बाद जिस तरह वहाँ पर लोगो को जिंदा जलाया जा रहा है इससे प्रतीत होता है कि पश्चिम बंगाल में लॉ एंड आर्डर की स्थिति बहुत ज्यादा खराब हो चुकी है। ममता दीदी शायद ये भूल बैठी है कि वो पश्चिम बंगाल की सारी जनता की मुख्यमंत्री है। चुनाव के बाद होने वाली हिंसा की आग अभी ठंडी भी नही हुई है और पुनः पश्चिम बंगाल हिंसा की आग में झुकने को तैयार है। हर छोटी छोटी बात पर मोदी सरकार को घेरने वाले लिबरल गैंग के तो लगता है कि मुंह मे दही जम गयी है अगर यही नरसंहार किसी भाजपा शाषित राज्य में हुआ होता तो कुछ लोग तो इस मुद्दे को इंटरनेशनल लेवल तक ले गए होते। ममता दीदी आप एक महिला होकर संवेदनहीन हो चुकी हो अभी भी समय है और होश में आओ। इस तरह की हिंसात्मक राजनीति लोकतंत्र के लिए शुभ लक्षण नहीं है। इसका हर तरह से विरोध किया जाना चाहिए। कहीं ऐसा न हो कि पश्चिम बंगाल की जनता को पछताना पड़े।

– **नागेंद्र चौहान**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



“**मुद्रास्फीति** सभी भारतीयों पर टैक्स है। यूक्रेन युद्ध से पहले ही रिकार्ड मूल्यवृद्धि ने लोगों को कुचल दिया था।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

**हमले** के बाद पश्चिमी देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन से संबंध सामान्य बनाने के प्रयास नहीं करने चाहिए।

– **बोरिस जान्सन**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री





**यदि** अध्यक्ष की अलोकतांत्रिक सोच आड़े न आए तो मेरा प्रस्ताव है कि विपक्षी दलों को हाल नहीं छोड़ना चाहिए।

– **बिलावल भुट्टो जरदारी**
पीपीपी अध्यक्ष”

# इकाना में कराई गई सेना के हेलीकाप्टर की ट्रायल लैंडिंग

## स्वतंत्रदेव समेत पार्टी पदाधिकारियों ने लिया शपथ ग्रहण की तैयारियों का जायजा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**योगी** आदित्यनाथ इस शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। इससे पहले लखनऊ के इकाना स्टेडियम में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इन्हीं तैयारियों के बीच बुधवार को इकाना स्टेडियम में सेना के हेलीकॉप्टर की ट्रायल लैंडिंग करवाई गई। दरअसल, योगी आदित्यनाथ के शपथ ग्रहण समरोह में पीएम मोदी भी शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हैलीकॉप्टर स्टेडियम में बने हैलीपेड पर उतरेगा।

प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने इकाना स्टेडियम पहुंचकर शपथ ग्रहण समारोह की युद्ध स्तर पर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, जेपीएस राठौर, अश्वनी त्यागी, अमरपाल मौर्य उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह में 80 बाई 40 की बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई है जो कि अभी तक के किसी भी शपथ ग्रहण समारोह में नहीं लगाई गई है। शपथ ग्रहण समारोह को यादगार शपथ ग्रहण बनाने के उद्देश्य से सभी व्यवस्थाओं में नवीनतम तकनीक और उच्च कोटि की व्यवस्था की जा रही है। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने स्टेडियम में व्यवस्था में लगाए हुए संगठन के पदाधिकारियों के साथ भी बैठक की और सभी को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निश्चित की गई व्यवस्थाओं की जानकारी प्रदान की। वहीं शपथ ग्रहण के लिए सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह के दौरान सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। इसके अलावा ट्रैफिक की व्यवस्था इस तरह से की जाएगी कि किसी को भी परेशानी न हो। सीएम योगी के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों की जानकारी देते हुए एडीजी प्रशांत कुमार ने कहा कि 25 मार्च को शपथ ग्रहण कार्यक्रम के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अलग-अलग जिलों से जुड़ रही सड़कों पर भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक में जो बदलाव होगा उसकी जानकारी लोगों को पहले से ही दे दी जाएगी ताकि उन्हें किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस दौरान एंबुलेंस के मूवमेंट में कोई दिक्कत नहीं होगी। बता दें कि योगी आदित्यनाथ का शपथ ग्रहण समारोह 25 मार्च को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में होगा। योगी शाम 4 बजे सीएम पद की शपथ लेंगे। इस दौरान उनके साथ मंत्रीमंडल में शामिल होने वाले नेता भी मंत्रीपद की शपथ लेंगे।

# योगी से मिला भारतीय पर्वतीय महासभा का प्रतिनिधिमंडल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** पर्वतीय महासभा का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत एवं होली की बधाई दी। महासभा के प्रतिनिधि मंडल में मुख्य संरक्षक पान सिंह भंडारी ने बताया कि योगी की जीत से पर्वतीय समाज में हार्दिक हर्ष का माहौल है तथा महासभा द्वारा मुख्यमंत्री को पर्वतीय समाज की समस्याओं एवं उनके राजनीतिक प्रतिनिधित्व के बारे में ज्ञापन देते हुए मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। मुख्यमंत्री ने महासभा के समस्त सदस्यों को अपनी शुभकामना देते हुए यथाशीघ्र उस पत्र पर क्रियान्वयन करने का पूर्ण आश्वासन भी दिया तथा महासभा को होली की बधाई भी दी और पर्वतीय समाज के सहयोग की प्रशंसा भी की। महासभा के प्रतिनिधि मंडल में मुख्य संरक्षक पान सिंह भंडारी, संरक्षक भवान सिंह रावत, मुख्य संयोजक ललित मोहन जोशी, संयोजक कैलाश उपाध्याय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कर्नल हुकम सिंह बिष्ट, महासचिव डॉ अनुपम सिंह भंडारी, सचिव नरेंद्र फर्त्याल,कार्यालय प्रभारी दिनेश उपरेती थे।

# रमापति शास्त्री प्रोटेम स्पीकर नियुक्त

- नवनिर्वाचित विधायकों को 28-29 मार्च को दिलाई जाएगी शपथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल ने विधानसभा के सबसे वरिष्ठ विधायक रमापति शास्त्री को विधानसभा के अध्यक्ष का चुनाव होने तक प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है। प्रोटेम स्पीकर रमापति शास्त्री विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों को 28-29 मार्च को शपथ दिलाएंगे। राज्यपाल ने नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाने के लिए पांच अन्य वरिष्ठ विधायकों को नियुक्त किया है।

गोंडा जिले की मनकापुर सीट से विधायक रमापति शास्त्री 1974 में पहली बार छठी विधानसभा के लिए विधायक निर्वाचित हुए थे। शास्त्री 7वीं, 10वीं, 11वीं, 12वीं, 14वीं और 17 वीं विधानसभा में विधायक रहे। शास्त्री कल्याण सिंह सरकार में समाज कल्याण और राजस्व मंत्री रहे। मायवती और कल्याण सिंह सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे। योगी सरकार में भी शास्त्री समाज कल्याण मंत्री थे। 18 वीं विधानसभा में शास्त्री आठवीं बार विधायक निर्वाचित हुए है। सदन के सबसे वरिष्ठ विधायक होने के कारण उन्हें प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है। राज्यपाल ने विधानसभा के वरिष्ठ विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय, पूर्व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, फतेह बहादुर सिंह को भी नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाने के लिए नियुक्त किया है। राज्यपाल राजभवन में 26 मार्च को प्रोटेम स्पीकर के साथ इन पांच विधायकों को भी शपथ दिलाएंगी।

# विश्वविद्यालय के छात्रों से जनउपयोगी प्रोजेक्ट बनवाएं: आनंदीबेन पटेल

## राज्यपाल ने प्रदेश के प्राविधिक विश्वविद्यालयों के प्रस्तुतिकरण का किया अवलोकन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि विश्वविद्यालयों में छात्रों से जन उपयोगी प्रोजेक्ट बनवाएं जाएं। उन्होंने कहा कि ऐसे जो भी प्रोजेक्ट छात्र बनाते हैं उसे दो-तीन जगहों पर संचालित कर उसके जन-सामान्य में उपयोग और उपादेयता का परीक्षण भी किया जाए।

राज्यपाल बुधवार को राजभवन स्थित प्रज्ञा कक्ष में हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर, मदन मोहन मालवीय प्राविधिक विश्वविद्यालय, गोरखपुर तथा डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के नवाचारों एवं संबंधित कार्यों पर प्रस्तुतिकरण का अवलोकन करने के बाद समीक्षा कर रहीं थीं। नवाचार विषयों का अवलोकन करते हुए राज्यपाल ने कहा कि जो तकनीक पहले से उपलब्ध है उस पर पुनः कार्य न किया जाये अपितु नए क्षेत्रों के लिए उपयोगी तकनीक विकास के लिए प्रोजेक्ट चयन किए जाएं। उन्होंने कहा प्रोजेक्ट चयन करते समय उसकी व्यावसायिक उपादेयता को भी देखा जाए। नये अविष्कारों के लिए परस्पर प्रतिस्पर्धा का आयोजन भी करें जिससे प्रेरित होकर विद्यार्थी अधिक उन्नत और उपयोगी तकनीक को विकसित करें। विश्वविद्यालयों में विकसित सफल प्रोजेक्ट्स पर चर्चा करते हुए राज्यपाल ने उन्हें बड़े स्तर पर जन उपयोग में लाने के लिए कार्य करने को कहा। उन्होंने मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, गोरखपुर द्वारा कोरोना काल में विकसित ऑक्सीजन मैनेजमेंट एप का चालू रखने, विश्वविद्यालय में विकसित ड्रोन से समीपस्थ खेतों में पेस्टीसाइट, पानी तथा दवा के छिड़काव का मुफ्त प्रदर्शन करके ग्रामीणों तक जानकारी देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ड्रोन में ऐसी प्रणाली विकसित की जाये जिससे अति-बारिश से किसी खेत में खराब हुई फसल का प्रतिशत पता लगाया जा सके। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों से इलेक्ट्रानिक वाहनों के चार्जिंग सिस्टम के विकास पर कार्य करने का सुझाव भी दिया। राज्यपाल ने बैठक में वर्तमान शहरी जीवन से जुड़ी समस्याओं का विश्लेषण कर उन विषयों पर तकनीक विकास के लिए जोर दिया। उन्होंने कहा शहरों में ट्रैफिक का सुगम संचालन और जनता के शौचालयों की सफाई पर विशेष ध्यान केन्द्रित किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा शहर की किसी एक समस्या के निराकरण से जुड़ा प्रोजेक्ट बनाएं और उसका सफल संचालन करके दिखाएं। उन्होंने अविष्कार कार्यों को शिक्षकों तक सीमित न रखकर उसमें विद्यार्थियों की प्रतिभागिता बढ़ाने का भी निर्देश दिया। राज्यपाल ने केन्द्र की योजनाओं से संबंधित उपयोगी प्रोजेक्ट बनाने, पुराने छात्रों का संस्थान में सहयोग बढ़ाने, लघु एवं ग्रामीण उद्योगों को सहयोग देने वाली तकनीकियों को विकसित करने, तकनीक से लाभ लेकर विकसित हुए उद्योगों का प्रदर्शन करने जैसे अन्य विविध विषयों पर भी चर्चा की। बैठक में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता, हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुरए के कुलपति प्रोफेसर शमसेर,मदन मोहन मालवीय प्राविधिक विश्वविद्यालय, गोरखपुर कुलपति प्रोफेसर जेपी पाण्डेय तथा डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



# समदर्शी थे भगत सिंह व डॉ. लोहिया: शिवपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**शहीद** भगत सिंह की शहादत और समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया की जयंती के उपलक्ष्य में प्रसपा कार्यालय में आयोजित वैचारिक कार्यशाला में शिवपाल सिंह यादव ने समाजवादी चिंतक दीपक मिश्र द्वारा लिखित भगत सिंह व लोहिया की समानता पर आधारित ई बुक का विमोचन किया।

इस अवसर भगत सिंह व राममनोहर लोहिया को समदर्शी बताते हुए शिवपाल यादव ने कहा कि दोनों भारत को आज़ाद कराकर शोषण विहीन समाजवादी व्यवस्था स्थापित करना चाहते थे, इसीलिए भगत ने सोशलिस्ट एसोसिएशन और लोहिया ने सोशलिस्ट पार्टी का गठन किया था। भाजपा दोनों महापुरुषों का नाम लेती है लेकिन इनकी समाजवादी विचारधारा का उल्लेख नहीं करती है। देश में व्याप्त गरीबी, आर्थिक विषमता व बेरोजगारी सदृश राष्ट्रीय व सामाजिक समस्याओं का वास्तविक समाधान भगत, लोहिया द्वारा प्रतिपादित समाजवादी नीतियों से ही संभव है।

लोहिया के गैर. कांग्रेसवाद के तर्ज पर गैर. भाजपावाद समय की जरूरत है । यादव ने भगत सिंह और लोहिया की सादृश्यता लिखने लिए दीपक मिश्र की प्रसंशा करते हुए कहा कि यह पुस्तिका समाजवादी विचारधारा की संग्रहणीय दस्तावेज साबित होगी। बौद्धिक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक मिश्र ने कहा कि भगत सिंह व लोहिया की साझा विरासत संकट में है। दोनों जितने बड़े समाजवादी उतने ही महान राष्ट्रवादी थे। भारतीय परिप्रेक्ष्य में समाजवाद व राष्ट्रवाद एक दूसरे के पूरक हैं। भाजपा राष्ट्रवाद के नाम पर साम्प्रदायिकता फैला रही है। राष्ट्रवाद हिंदू या मुस्लिम का विभेद नहीं करता।

# राजस्थान सरकार को बर्खास्त कर लगाया जाए राष्ट्रपति शासन: मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बसपा** अध्यक्ष मायावती ने राजस्थान में दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि होने का आरोप लगाते हुए वहां की कांग्रेस सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की मांग की है। मायावती ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि राजस्थान में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार में दलितों और आदिवासियासें पर अत्याचार की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। हाल में डीडवाना और धौलपुर में दलित युवतियों से बलात्कार और अलवर में दलित युवक की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या, जोधपुर के पाली में दलित युवक की हत्या ने दलित समाज को झकझोर कर दिया है। क्रमवार किए गए अपने दूसरे ट्वीट में बसपा अध्यक्ष ने कहा कि इससे यह स्पष्ट है कि राजस्थान में खासकर दलितों और आदिवासियों की सुरक्षा करने में वहां की कांग्रेस सरकार पूरी तरह से विफल रही है। इसलिए यह उचित होगा कि इस सरकार को बर्खास्त कर वहां राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। बीएसपी की यह मांग है।

# 27 साल से तारीख पर तारीख लेना पड़ा महंगा

- हाईकोर्ट ने ठोंका 25 हजार का हर्जाना, याचिका भी खारिज की

विधि संवाददाता। लखनऊ

**दीवानी** के एक मामले में स्थगन आदेश प्राप्त करने के बाद 27 साल तक तारीख पर तारीख लेकर मुकदमे को लटकाए रखने पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सख्त रवैया अपनाया है। पीठ ने याचिकाकर्ताओं पर 25 हजार का हर्जाना ठोंका है। कहा है कि चार हफ्ते में इस धनराशि को आर्मी बैटल कैजुअल्टी वेलफेयर फंड में जमा किया जाए। पीठ ने इसके साथ ही उनकी याचिका भी खारिज कर दी है। जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश अरशदुल्लाह खान व अन्य की याचिका पर दिया है। पीठ ने अपने आदेश में कहा है कि 27 अक्टूबर 1995 को यह याचिका सुनवाई के लिए स्वीकार की गई थी। याचिकाकर्ताओं के पक्ष में स्थगन आदेश पारित हुआ। लेकिन इसके बाद 27 साल से हर तारीख पर कोई न कोई बहाना करके मामले में अगली तारीख प्राप्त की जा रही है। जो बहुत परेशान करने वाली बात है। इस प्रकार अदालत के बहुमूल्य समय की आपराधिक बर्बादी की जाती है। पीठ को याचिकाकताओं के वकील के आचरण पर टिप्पणी करने में पीड़ा हो रही है। बार व बेंच न्याय के रथ के दो पहिए हैं। यदि बार सहयोग नहीं करेगाए तो न्याय के रथ को आगे नहीं बढाया जा सकता। यह मामला पाकिस्तान से बतौर शरणार्थी भारत आए मेजर चंद्रभान सिंह को आवंटित जमीन से जुड़ा है।

# इस बार नेता-प्रतिपक्ष की भूमिका में दिख सकते हैं अखिलेश

- इस बार बिखरा नहीं सशक्त होगा विपक्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** विधान सभा में इस बार का नाजारा काफी बदला रहेगा। लंबे समय बाद नेता सदन के सामने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में दिखाई पड़ सकते हैं। हालांकि, अभी अखिलेश ने विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका को लेकर अपने पत्ते नहीं खोले हैं लेकिन माना यही जा रहा है कि लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद अखिलेश यूपी विधान सभा में रहकर सत्तारूढ़ दल भाजपा के सामने मजबूत विपक्ष की भूमिका को धार देंगे।

18 वीं विधान सभा में विपक्ष के रूप में बसपा के एक और कांग्रेस के दो सदस्य रहेंगे। जबकि सपा और उसके गठबंधन दल के रूप में रालोद और सुभासपा को मिलाकर 125 सदस्य होंगे और जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के दो सदस्य होंगे। सत्तारूढ़ दल के रूप में भाजपा और उसके सहयोगी दल के 269 सदस्य होंगे। सदन में दलीय स्थिति के अनुसार इस बार अपना दल सोनेलाल 8, बसपा 1, भाजपा 255, कांग्रेस 2, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक 2, निषाद पार्टी 6, रालोद 8, सपा 111 और सुभासपा के 6 विधायक चुनकर आए हैं। इससे पहले 17 वीं विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में राम गोविंद चौधरी की भूमिका सशक्त रही है और इस बार वह चुनाव हार गए हैं। दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आजमगढ़ से लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और मैनपुरी की करहल सीट से बतौर विधायक यूपी के अखाड़े में राजनीति करने का निर्णय सार्वजनिक कर दिया। अब अगर अखिलेश यादव विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में मोर्चा संभालेंगे तो लगभग 13 साल बाद कोई पूर्व मुख्यमंत्री विधानसभा में सरकार के खिलाफ मोर्चा संभालेगा। जैसा कि तय माना जा रहा है कि अखिलेश ही समाजवादी विधायक दल के नेता होंगे तो मुख्य विपक्षी दल होने के नाते वही नेता प्रतिपक्ष होंगे। ऐसा हुआ तो वर्ष 2009 के बाद प्रदेश में वह ऐसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री होंगे जो नेता प्रतिपक्ष की भूमिका का निर्वाह करेंगे। उनसे पहले उनके पिता मुलायम सिंह यादव ही वह अंतिम पूर्व मुख्यमंत्री थे जिन्होंने नेता प्रतिपक्ष की भूमिका का निर्वाह किया था। मई 2009 के बाद से मायावती रही हों या खुद अखिलेश, इन्होंने विपक्ष में आते ही दिल्ली की राजनीति को वरीयता दी और राज्यसभा या लोकसभा के जरिये केंद्र का रास्ता पकड़ा। विधान सभा में अगर अखिलेश मोर्चा संभालते हैं तो मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ नेता सदन के रूप में उनके सामने होंगे। जाहिर है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष की टकरार दिलचस्प होगी। जिस प्रकार से विधान सभा चुनाव भाजपा और सपा के बीच ही सिमट गया वैसे ही विधान सभा में भी भाजपा और सपा के बीच भी विरोध और हंगामा दिखाई देगा। दरअसल अखिलेश के सामने नेता प्रतिपक्ष के चयन की भी बड़ी चुनौती दिख रही है। एक को बनाने पर दूसरे की नाराजगी का संकट दिख रहा है। शिवपाल को न बनाकर किसी और को बनाते तो परिवार में बिखराव का संदेश जाता। शिवपाल को बनाते तो कुछ और लोग अनमने हो सकते थे क्योंकि शिवपाल तकनीकी रूप से अभी एक अलग पार्टी के नेता भी हैं। किसी अन्य को बनाने पर भी खींचतान का खतरा था, जिससे पार्टी की एकजुटता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता था। ऐसे में उनके सामने विधानसभा की सदस्यता अपने पास रखना ही बेहतर विकल्प है।

### प्रतिनिधिमण्डल जाएगा कुशीनगर

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल 24 मार्च 2022 को टोला सिंसई मुसहर जनपद कुशीनगर जायेगा। प्रतिनिधिमण्डल कुशीनगर विधान सभा क्षेत्र के कुड़वा दिलीपनगर के टोला सिंसई में मुसहर जाति के 4 बच्चों की जहरीली टॉफी खाकर हुई मृत्यु की घटना की जांच एवं पीड़ित परिवार से शोक संवेदना व्यक्त करने हेतु कुशीनगर जायेगा। प्रतिनिधिमण्डल में मिठाई लाल भारती राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी बाबा साहब वाहिनी, पूर्णमासी देहाती पूर्व विधायक, डॉ. मनोज कुमार यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी कुशीनगर, राजेश प्रताप उर्फ बन्टी राव प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र कुशीनगर, राजेन्द्र यादव विधान सभा अध्यक्ष शामिल हैं।

# आजमगढ़ लोकसभा सीट पर कार्यकर्ता तय करेंगे प्रत्याशी

- भाजपा की गुण्डागर्दी पूरा देश देख रहा है: सपा प्रमुख

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आजमगढ़** लोकसभा सीट पर प्रत्याशी उतारने के मामले में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि इस पर फैसला क्षेत्र की जनता व पार्टी के कार्यकर्ता लेंगे। आजमगढ़ की जनता का जो निर्णय आएगा वही स्वीकार किया जाएगा। सपा प्रमुख अखिलेश ने यह बात बुधवार को लोहिया पार्क में समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरान्त कही। इस मौके पर सपा प्रमुख अखिलेश ने कहा कि भाजपा की गुण्डागर्दी पूरा देश देख रहा है। भाजपा गुंडों का सहारा लेकर लोकतंत्र पर हमला कर रही है।

चुनाव में बहुमत प्राप्त करने के लिये भाजपा गुंडई कर रही है। भाजपा सत्ता के नशे में चूर है। पंचायत चुनाव में जिस प्रकार महिला की साड़ी खींचकर भाजपाईयों ने लोकतंत्र को कलंकित किया था उसी प्रकार एक बार फिर विधान परिषद के चुनाव में भाजपा ने सत्ता का दुरूपयोग कर लोकतंत्र पर हमला किया है। अखिलेश यादव ने उपस्थित समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि विधानसभा में उत्तर प्रदेश के करोड़ो लोगों ने हमें नैतिक जीत दिलाकर ष्जन.आंदोलन का जनादेश दिया है। समाजवादी पार्टी महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक अन्याय के खिलाफ संघर्ष के लिये प्रतिबद्ध है। श्री यादव ने कहा कि समाज में गैर-बराबरी बढ़ी है। अमीर अधिक अमीर होते जा रहे हैं जबकि गरीबों की स्थिति बदतर हो रही है। नौजवान निराश होकर बेकार घूम रहे हैं। रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया है। जनता के साथ अन्याय और अत्याचार की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। ऐसे में डॉ. लोहिया के विचार बेहद प्रासांगिक है। कमजोर तबके को अधिकार एवं प्रतिनिधित्व समाजवादी व्यवस्था में ही सम्भव है। आधी आबादी को सुरक्षा एवं सम्मान दिलाना ही समाजवादी सिद्धांत है। समाजवादी पार्टी डॉ लोहिया के विचारों पर चलते हुए समतामूलक समाज की स्थापना के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को संघर्ष का जनादेश मिला है। समाजवादी पार्टी जनता के मुद्दों एवं समस्याओं को लेकर सदन से सड़क तक अपने कार्यक्रमों के माध्यम से संघर्ष करेगी। भाजपा सरकार कहती है कि डीजल, पेट्रोल पर उसका नियंत्रण नहीं है तो चुनाव के समय दाम क्यों नहीं बढ़ते हैं। चुनाव समाप्त होने के बाद कम्पनियां मुनाफा क्यों कमा रही हैं, डीजल, पेट्रोल से होने वाला मुनाफा बड़े-बड़े उद्योगपतियों की जेब में जा रहा है। समाजवादियों ने पहले ही कहा था कि चुनाव के बाद सरकार महंगाई बढ़ा देगी। भाजपा ने सरकार में रहते हुए जनहित में कोई कार्य नहीं किया। इस अवसर पर राजेन्द्र चौधरी पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं नरेश उत्तम पटेल प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित रहे। इसके साथ ही डॉ. राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान तथा पार्टी मुख्यालय सहित प्रदेश के सभी जनपद कार्यालयों में समाजवादी आंदोलन के महानायक डॉ राम मनोहर लोहिया की 112वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद अन्नू टंडन सहित अरविन्द कुमार सिंह, डॉ. राजपाल कश्यप एमएलसी, शाही इमाम मौ. कारी सैय्यद शाह फैजुल मन्नान रहमानी टीले वाली मस्जिद, आरके चौधरी सहित सैकड़ों प्रमुख लोग शामिल हुए।

छापे में 5 लोगों को पकड़ा

# एआरटीओ दफ्तर में छापा, हड़कंप

● लाइसेंस बनाने को लेकर अवैध असूली का मामला

संवाददाता। सीतापुर




**सीतापुर के** एआरटीओ कार्यालय में एआरटीओ व पुलिस टीम के छापा मारने पर हड़कंप मच गया। पुलिस ने 5 लोगो को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ में जुटी हुई है। एआरटीओ कार्यालय में अक्सर दलालो का बोलबाला बना रहता है और वहां आये हुए लोग बिना दलालो के कोई भी काम ना करा पाते है। एआरटीओ कार्यालय आये किसी एक अन्य व्यक्ति ने इसकी शिकायत पुलिस से की जिसके बाद आज पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर छापा मारा और मौके से 5 लोगो को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार सीतापुर के थाना खैराबाद स्थित एआरटीओ कार्यालय पर दलालों का जमावाडा लग रहता है और वहा पर दलालो के माध्यम से यहा पर डीएल व अन्य काम होते है। डीएल के 350 रूपये की जगह पर 1200 से 1500 रूपये दलाल ले रहे और लोगो की जेबों पर डाका डाल रहे है। जिसको लेकर खैराबाद पुलिस व एआरटीओ माला बाजपेई ने छापा मारा जिसमे खैराबाद पुलिस ने लगभग पांच लोगो को हिरासत मे लिया वही पुलिस का कहना है कि जाच की जा रही कि ये दलाल है या अपना डीएल बनवाने आये है।

# नदी के किनारे जमीन पर किया जा रहा अवैध कब्जा

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर जनपद** के सकरन थाने की पुलिस खुद अपनी जमीन की रक्षा नही कर सकती तो आम जनमानस की रक्षा व सुरक्षा की कैसे कर पायेगी। जानकारी के अनुशार थाना क्षेत्र के बेलवा बसहिया में सकरन थाने की ग्यारह बीघा सरकारी जमीन किवानी नदी के किनारे है उक्त जमीन पर विगत तीस वर्षों से बेलवा गांव निवासी कुछ दबंगों का कब्जा था चार साल पहले सकरन थाने के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक नोवेन्द्र सिंह सिरोही ने उक्त जमीन की राजस्व विभाग से पैमाइस कराकर उसे दबंगों से मुक्त कराया था उसके बाद जमीन के चारों ओर पक्के पिलर बनवाकर उसमें तार लगवाकर तीन साल तक पुलिस की देखरेख में उसमें गेहूं,धान,सरसों की खेती होती रही थी खेत में पैदा होने वाले आनाज से थाने की मेस में भोजन बनता था जिससे सारे पुलिस कर्मी नि:शुल्क भोजन करते थे नोवेन्द्र सिंह सिरोही के ट्रांसफर हो जाने के बाद सकरन थाने पर आये प्रभारी निरीक्षक राजकुमार,अनिल कुमार के कार्यकाल में भी वह जमीन पुलिस के कब्जे में रही उसके बाद सकरन में पुष्पराज कुशवाहा की तैनाती के दौरान दबंगों ने पुनरू थाने की उक्त जमीन पर कब्जा करके धान की बुआई कर दी थी धान की फसल कटने के बाद उसमें सरसों की बुआई की गयी थी सरसों की बुआई के बाद से उक्त खेत पर अब भी दबंगों का कब्जा बरकरार है जब कि थाने की जमीन पर दबंगों द्वारा किये गये कब्जे की जानकारी सकरन थाने के एसओ समेत सीओ तक को है उसके बाद भी पुलिस दबंगों के कब्जे से अपनी खुद की जमीन नही छुडवा पा रही है तो आम जनता पुलिस से न्याय की उम्मीद कैसे कर पायेगी। मामले को लेकर जब एसओ मनीष सिंह से बात की गयी तो उन्होने कहा कि जो लोग जमीन पर कब्जा किये थे उनको खेत छोडने के लिये कह दिया गया है अगर दोबारा कब्जा किया गया तो कडी कार्यवाही की जायेगी।

# युवाओं की निष्ठा और मेहनत से ही परम वैभव तक पहुंचेगा भारत: आस्था

संवाददाता। सीतापुर



**अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल 9 जुलाई 1949 से विभिन्न प्रकार के रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में अपनी भूमिका को निभाती चली आ रही है। इसी क्रम में आज अभाविप नगर इकाई सीतापुर द्वारा शहीद भगत सिंह, राजगुरु तथा सुखदेव जी के शहीद दिवस पर लोहार बाग स्थित भगत सिंह पार्क में भगत सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आस्था गुप्ता ने कहा कि हम सभी को भगत सिंह जी के जीवन से सीख लेनी चाहिए तथा आज के समय में सरहद पर बंदूक लेकर देश की रक्षा करना ही राष्ट्रभक्ति नहीं है अपितु हम सभी जिस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं उसी क्षेत्र में अपनी मेहनत एवं निष्ठा के साथ कार्य करें तो हम सभी भारत को पुन: परम वैभव तक पहुंचा सकते हैं। सीतापुर नगर इकाई के नगर सह मंत्री आयुष शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगत सिंह जी के मन में बचपन से ही देश के प्रति समर्पण एवं त्याग का भाव था। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश मिश्रा, जिला सहसंयोजक शिवम वर्मा, नगर संगठन मंत्री श्याम जी, नगर सह मंत्री अनुराग, तेजपाल, नितिन, गोपाल सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसी भी प्रत्याशी ने पहले दिन नहीं वापस लिया पर्चा

संवाददाता। सीतापुर

**एमएलसी पद** के नामांकन के बाद नाम वापसी का पहला दिन था, जिसमें से किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन नहीं वापस लिया है। आपको बता दूं कि नाम वापसी का पहला दिन था, अपर जिलाधिकारी व एआरओ रामभरत तिवारी के मुताबिक आज किसी भी प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापस नहीं लिया है, हालांकि नाम वापसी की अन्तिम तारीख 24 मार्च है, ऐसे में नाम वापसी के लिए अभी एक दिन और बाकी है। अब कल पर सबकी निगाहें टिकी हुई है, कि क्या कोई दावेदार अपना नाम वापस लेता है। सीतापुर में एमएलसी पद पर नामांकन की बात करें तो भाजपा से पवन सिंह चौहान, सपा से अरूणेश यादव व निर्दलीय रूप में अरूण दीक्षित मोनू तथा देवशंकर ने अपना-अपना पर्चा दाखिल किया है। 24 फरवरी को नामवापसी का आखिरी दिन है, यह अब कल ही पता चल सकेगा कि कौन चुनाव लड़ेगा, कौन बिना लड़े ही मैदान से बाहर होगा या फिर चारों दावेदार मैदान में डटे रहेगें। फिलहाल आज नाम वापसी के पहले दिन जिलाधिकारी न्यायालय में एआरओ सुबह 11 बजे से 3 बजे तक बैठे रहे, मगर कोई भी प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र वापस लेने नहीं पहुंचा।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल का होली मिलन आयोजित



होली मिलन समारोह में मौजूद व्यापारीगण

**संडीला( हरदोई )।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल, कंछल गुट द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारियों और नगर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया। स्थानीय प्रभात फेरी मंदिर में आयोजित इस होली मिलन समारोह में प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश मंत्री प्रदीप जायसवाल, त्रिलोकेश महरोत्रा, अतुल जायसवाल, संजय गुप्ता हैदराबादी, मुकेश गुप्ता, महेन्द्र गुप्ता, शाह कन्हैयालाल, चरण सिंह, प्रेम बाबा, ओम नाथ गुप्ता, गयाधर तिवारी, श्रवण दीक्षित, रमन नितीश जायसवाल, संजय अग्रवाल, गौरव महरोत्रा, उमाशंकर गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, नरेश अर्कवंशी, सुफल गुप्ता, सौरव गुप्ता, अभय गुप्ता, शरद चौरसिया, अजय खन्ना समेत बड़ी संख्या में लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर होली की बधाई दी। गौरतलब है कि विगत दो वर्षों से कोविड के कारण होली मिलन समारोह का आयोजन नहीं हुआ था।

इडियन पासी समाज का हुआ होली मिलन समारोह.......

# पासी समाज ने दिया भाजपा का साथ: रामनरेश रावत

● डिप्टी सीएम बनाने समाज ने बनाने की उठाई मांग

● पूर्व विधायक बछरावां रामनरेष रावत रहे मुख्य अतिथि

संवाददाता। सीतापुर



**स्व. राजेन्द्र** गुप्ता की प्रतिमा के पास इंडियन पासी समाज आईपीएस ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें पासी समाज के सैकड़ो लोगो ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायबरेली बछरावां से पूर्व विधायक व राष्ट्रीय संयोजक रामनरेश रावत रहे। कार्यक्रम में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि होली मिलन समारोह आपसी मतभेद भुलाता है और सामाजिक बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम आयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष रामदयाल राजवंशी ने कहा कि पासी समाज भाजपा के साथ है, इसीलिए इस बार मंत्रिमंडल रामनरेश रावत को लिया जाए जिससे पासी समाज का सम्मान बढ़ सके। जिला महामंत्री रमेश भार्गव ने संगठन को मजबूत करने की बात कही। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान दीपक राजवंशी, अमित राजवंशी, राजा राम भार्गव, उमेश राजवंशी, अजय कुमार, प्रमोद राजवंशी, सुधीर राजवंशी, कन्नू राजवंशी, धीरज राजवंशी, धर्मेन्द्र कुमार, शिवलाल पासी, अरूण राजवंशी, राजकुमार, सुशील कुमार, छोटेलाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे। पूर्व विधायक रामनरेश रावत ने पायनियर से कहा कि संगठन को और मजबूत करना ही हमारी प्राथमिकता है।

# परीक्षा देकर लौट रहे छात्रों को ट्रक ने कुचला, दोनों की मौत

● परिजनों में मचा हाहाकार

● इस घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक कुछ दूरी पर ट्रक को खड़ा करके फरार हो गया

**संडीला( हरदोई )।** परीक्षा देकर बाइक से घर लौट रहे दो छात्रों को अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रक ने कुचल दिया जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल ले जाते समय दोनों की मौत हो गयी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला अशराफ टोला निवासी अनिल कुमार यादव का 22 वर्षीय पुत्र त्रिहितिक यादव अपने साथी मोहल्ला मानस नगर निवासी प्रमोद मिश्रा के 23 वर्षीय पुत्र प्रियंक मिश्रा के साथ घर से बाइक द्वारा परीक्षा देने के लिए महाराणा प्रताप डिगरी कॉलेज गए थे जहां दोनों बीएसएसी कृषि तृतीय वर्ष के छात्र थे। परीक्षा देने के बाद दोनों युवक बाइक से घर वापस लौट रहे थे। हरदोई लखनऊ मार्ग पर जब वे खर्जुमई तिराहें के पास पहुंचे तो सामने बहुत तेज गति से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। रहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को उठाकर जिला अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों छात्रों के पास प्राप्त आधार कार्ड और प्रवेश पत्र से जानकारी मिलने पर पुलिस ने परिजन को सूचित किया। इस दर्दनाक सूचना मिलने के बाद दोनों के परिवारों में हाहाकार मच गया। इस घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक कुछ दूरी पर ट्रक को खड़ा करके फरार हो गया। पुलिस ने दोनों छात्रों के शवों को पोस्टमार्टम कराकर उन्हें परिजन को सौंपा है।

# तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार




**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत मंगलवार को थाना मैलानी पुलिस द्वारा अभियुक्त शिवा पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम सॉसिया कॉलोनी थाना मैलानी जनपद खीरी को एक अवैध तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना मैलानी पर आर्म्स एक्ट सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ नौ मुकदमें दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक रामबक्स, हेड कांस्टेबल विकास पवार, कांस्टेबल रोबिन कुमार व कांस्टेबल जाबिर हुसैन शामिल रहे।

# आवास की किस्तें आने का इंतजार

**लखीमपुर-खीरी।** जमीन होने के बावजूद बेघर, कच्चे या जर्जर मकान में रह रहे लोगों के लिए प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी पीएम आवास योजना (शहरी) पिछले एक साल से उलझ कर रह गई है। लाभार्थियों की सूची तहसील के जिस भी पटल पर पहुंचती है वहीं अटक कर रह जाती है।

गौरतलब रहे कि डूडा ने करीब डेढ़ साल पहले 5087 आवेदकों की सूची पात्रता की जांच हेतु तहसील व नगर पालिका को भेजी थी। नगर पालिका स्तर से जांच कर पात्रों की सूची तैयार कर ली गई थी लेकिन तहसील के कर्ताधर्ता मनमानी करते रहे। अव्वल जांच में ही कोताही बरतती रही। जांच की स्थिति नौ दिन चले अढ़ाई कोस वाली रही। 15 अगस्त 2021 के दिन कलेक्ट्रेट परिसर में तहसील की इस लापरवाही के लिए तत्कालीन डीएम तक को फटकार लगानी पड़ी थी। इसके बाद जांच पूरी हुई। लेखपालों ने पात्रता सूची तैयार कर कानूनगो के पटल पर पहुंचा दी। तब से कई महीने बीत गए हैं कानूनगो के पटल पर ही सूची अटकी पड़ी है।

# कई मामलों में आठ लोग गिरफ्तार



संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

● फूलबेहड़ पुलिस ने दबोचा

**पुलिस अधीक्षक** संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत बुधवार को थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत 8 अभियुक्तगणों के विरुद्ध 151, 107, 116 सीआरपीसी के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सुलेमान पुत्र हबीब निवासी ग्राम सरवा थाना फूलबेहड़ खीरी, जाफर अली पुत्र मो. शोयब निवासी ग्राम सरवा थाना फूलबेहड़ खीरी, अतहर पुत्र सुलेमान निवासी ग्राम सरवा थाना फूलबेहड़ खीरी, नारेन्द्र पुत्र उदन गड़ौसा थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी, रामसिंह पुत्र मंगूलाल निवासी ग्राम गड़ौसा थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी, निगम यादव पुत्र रामधार निवासी ग्राम तनाजा थाना फूलबेहड़ खीरी, दीपू पुत्र रामखेलावन निवासी ग्राम तनाजा थाना फूलबेहड़ खीरी व राजूपाल पुत्र सुन्दरलाल निवासी ग्राम सिसैया कलुआपुर थाना फूलबेहड़ खीरी के रूप में हुई। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में उप निरीक्षक उदयभान यादव, उप निरीक्षक मो. अनीश, कांस्टेबल अनिरुद्ध यादव, कांस्टेबल श्याम किशुन व कांस्टेबल सुरेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# कैदियों पर प्रति वर्ष खर्च होता है दो हजार अट्ठारह करोड़ रुपए

● केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने प्रश्नकाल में दिया जवाब

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**केन्द्रीय** गृहराज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने लोकसभा में सांसद रेवती रमन सिंह के प्रश्न क्या भारतीय जेलों में विचाराधीन विदेशी मूल के कैदियों की संख्या, उनके देश के नाम और सरकार द्वारा कैदियों पर प्रति वर्ष व्यय राशि के उत्तर में केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उसे सूचित किए गए कारागार संबंधी आंकड़ों को संकलित करता है और इन्हें अपने वार्षिक प्रकाशन प्रिजन स्टेटिसटिक्स इंडिया में प्रकाशित करता है। नवीनतम प्रकाशित रिपोर्ट वर्ष 2020 की है। 31 दिसम्बर, 2020 की स्थिति के अनुसार, देश के जेलों में बंद विदेशी विचारणाधीन कैदियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या 3467 है। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि 31 दिसम्बर, 2020 की स्थिति के अनुसार, पूरे देश में कारागारों में बंद विदेशी मूल के विचारणाधीन कैदियों की देश-वार संख्या 3467 (अनुलग्नक-2 में दी गई) है। वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, विदेशी मूल के विचारणाधीन कैदियों सहित, कारागार में बंद कैदियों पर किए गए व्यय का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा 2018.48 करोड़ रूपये (अनुलग्नक-3 में दिया गया) है।

# पेज एक का शेष

## बीरभूम नरसंहार...

करता रहा है। इससे भी भयावह तथ्य यह है कि स्थानीय स्तर पर तैनात पुलिसकर्मियों ने पीड़ितों की मदद के लिए बाहर से बचाव के उपाय का तत्काल कोई प्रबंध नहीं किया। वहीं अनारूल ने पुलिस को आने से रोका और दमकल कर्मियों को शुरुआती घंटों में आने दिया गया। मणिरुल ने मामले की जांच सीबीआई से कराने और दोषियों को फांसी की सजा की मांगी की। हमें इस पुलिस बल पर कोई भरोसा नहीं है, जब वे हमारी सुरक्षा नहीं कर सके तो निष्पक्ष जांच की कैसे उम्मीद की जा सकती है। उन्होंने कहा कि धमकियों के चलते कई परिवार गांव को छोड़कर चले गए हैं।

## 31 मार्च...

के लिए आपदा प्रबंधन, 2005 के तहत आदेशों और दिशा-निर्देशों को उचित रूप से बंद करने पर विचार करें। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र शासित प्रदेश मानक संचालन उपायों और सलाह का पालन करना जारी रख सकते हैं जो स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा समय-समय पर रोकथाम उपायों, टीकाकरण और अन्य संबंधित पहलुओं के लिए जारी किए गए हैं या जारी किए जा रहे हैं।

## दिल्ली में...

पर वायु प्रदूषण में वृद्धि के लिए जिम्मेदार कारकों की पहचान करने में मदद करेगी।

## योगी आज...

में शाम 4 बजे भाजपा विधायक दल की बैठक होगी। भाजपा विधायक दल की बैठक में उप मुख्यमंत्रियों के नामों का एलान भी हो सकता है। पार्टी की ओर से सभी 255 विधायकों को विधायक दल की बैठक में उपस्थित रहने का फरमान दिया है। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ विधायक की ओर से योगी आदित्यनाथ को विधायक दल का नेता चुनने का प्रस्ताव रखा जाएगा। पार्टी के सभी विधायक सर्वस मति से प्रस्ताव को पारित करेंगे। उसके बाद योगी आदित्यनाथ और गृहमंत्री अमित शाह बैठक को संबोधित करेंगे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, केशव प्रसाद मौर्य, डॉ. दिनेश शर्मा भी मौजूद रहेंगे।

## शपथ ग्रहण...

रहेंगे। इस दौरान एक वरिष्ठ विधायक दोबारा योगी आदित्यनाथ के नाम का प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा। बाद में विधायक प्रस्ताव पर जैसे ही अपनी सहमति देंगे। तभी यह तय हो जाएगा कि योगी फिर से मुख्यमंत्री की कमान संभालेंगे। यूपी का सीएम कौन होगा इसकी घोषणा गृहमंत्री अमित शाह और रघुबर दास करेंगे। मंत्री बनने की रेस में भी कई सारे नाम सामने आ रहे हैं। ऐसे में शपथ ग्रहण में महिलाओं को बड़ी जि मेदारी मिलने की संभावनाएं जताई जा रही है। प्रदेश में विधानसभा चुनाव मु यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चेहरे पर लड़ा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई बार चुनावी मंचों से आएंगे तो योगी ही और योगी ही उपयोगी जैसा नारा देकर स्पष्ट संदेश दे चुके थे कि भाजपा दोबारा सरकार बनाती है तो मु यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही होंगे। संगठन की शक्ति और अमित शाह की रणनीति के साथ मोदी-योगी की जोड़ी ने विपक्षी मंसूबों को ढेर कर अकेले 255 व गठबंधन सहयोगियों के साथ 273 सीटें जीत लीं।

## धामी फिर...

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद्र अग्रवाल सहित तीन नए चेहरों को भी जगह दी गई है। मंत्रिमंडल में स्थान पाने वाले दो अन्य नए चेहरे सौरभ बहुगुणा और चंदन रामदास हैं। सौरभ पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा के पुत्र हैं। हालांकि, धामी के नए मंत्रिमंडल में पूर्व कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, विशन सिंह चुफाल, बंशीधर भगत और अरविंद पाण्डेय को जगह नहीं मिली है। कौशिक फिलहाल प्रदेश पार्टी अध्यक्ष हैं। मंत्रिमंडल में तीन स्थान रिक्त छोड़कर धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का अनुकरण किया है जिन्होंने पिछले साल अपने कार्यकाल की समाप्ति तक उन्हें नहीं भरा था। उत्तराखंड के मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री समेत अधिकतम 12 सदस्य हो सकते हैं। प्रदेश की 70 सदस्ईय विधानसभा चुनाव के 10 मार्च को घोषित परिणामों में भाजपा ने 47 सीटों पर जीत हासिल कर दो-तिहाई से अधिक बहुमत के साथ प्रदेश में लगातार दूसरी बार सत्तासीन होने का इतिहास रचा है।

## स्कूलों में...

में पांच वर्ष से कम आयु के वो बच्चे, जो बेहद कमजोर हैं, उनका प्रतिशत 2015-16 की तुलना में बढ़ा है। यह चिंताजनक है और इसे रोकने के लिए सरकार को हर संभव प्रयास करना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करती हूं कि आईसीडीएस कार्यक्रम के तहत गर्म और पका हुआ भोजन देने की व्यवस्था फिर से शुरू की जाए और मध्याह्न भोजन को भी तुरंत शुरु किया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से यह आग्रह भी किया, पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करने के वाजिब प्रावधान किए जाने चाहिए और साथ ही आंगनबाड़ियों के माध्यम से गर्म, पका हुआ भोजन तीन साल से कम उम्र के बच्चों और गर्भवती तथा स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए भी उपलब्ध होना चाहिए। इसके लिए सामुदायिक रसोई शुरू करने का प्रावधान करना चाहिए।

## हैदराबाद में...

के निकटतम परिजनों के लिए अनुग्रह राशि की भी घोषणा की है। दमकल और पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बिहार में छपरा के रहने वाले श्रमिक घटना के समय यहां भोईगुड़ा में गोदाम के ऊपर बने एक कमरे में सो रहे थे। उन्होंने बताया कि दमकल नियंत्रण कक्ष को तड़के करीब 3 बजकर 55 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली और करीब 7 बजे आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि श्रमिक खुद को नहीं बचा सके क्योंकि वहां केवल एक ही सीढ़ी थी। हालांकि एक व्यक्ति कमरे से कूदकर बचने में सफल रहा। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार आग कबाड़ के गोदाम से शुरू हुई और ऊपर के कमरे में फैल गई। ऐसा प्रतीत होता है कि श्रमिकों ने भागने की कोशिश की, लेकिन सांस के साथ धुआं अंदर चले जाने के बाद वे बेहोश हो गए। उन्होंने कहा कि यह एक हृदय विदारक दृश्य था क्योंकि घटनास्थल पर शवों का ढेर लगा हुआ था। जले शव को पोस्टमार्टम और अन्य प्रक्रियाओं के लिए नजदीक के सरकारी गांधी अस्पताल ले जाया गया है।

## प्रताप विहार...

नगर निगम के ठेकेदार इस नाले को बनाने का कार्य करवा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आगे आगे नाले को गहराई तक बनाने के लिए ठेकेदार द्वारा मंगाई गई जेसीबी खुदाई की जा रही थी। पीछे मजदूरों की टीम सीमेंट कांक्रीट कार्य करने के लिए सरिया बांधने का कार्य कर रहे थे। इसी बीच रात में करीब ढाई बजे न्यू रैनबो पब्लिक स्कूल की दीवार अचानक नाले में कार्य कर रहे मजदूरों के ऊपर 8 फुट ऊंची दीवार भरभराकर गिर गई। दीवार गिरते ही वहां चीख पुकार शुरू हो गई। हादसे की सूचना तुरंत ही पुलिस को दी। मौके पर विजयनगर पुलिस और तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। मौके पर बचाव कार्य के लिए फायर ब्रिगेड भी पहुंच गई।

**हादसे पर मेयर ने जताया दुख:** मेयर आशा शर्मा ने न्यू रैनबो स्कूल की दीवार गिरने से हुई मजदूरों की मौत पर दुख जताया। उन्होंने मारे गए मजदूरों के प्रति संवेदना प्रकट की। मेयर ने घटनास्थल का दौरा भी किया। किस तरह से दीवार गिरी और क्या स्थिति बनी है उसका जायजा भी लिया। निगम के चीफ इंजीनियर एनके चौधरी ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच कराई जाएगी। उनका कहना है कि जब कार्य किया जा रहा था उस समय क्या सेफ्टी इंतजाम किए थे इसकी जांच होगी। उन्होंने कहा कि मजदूरों के परिजनों को ठेकेदार से मुआवजा दिलाया जाएगा।

## देश का...

हासिल कर लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वस्तुओं के निर्यात का लक्ष्य हासिल करने की सराहना करते हुए कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत की यात्रा में मील का पत्थर है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा है, भारत ने 400 अरब डॉलर के वस्तुओं के निर्यात का लक्ष्य रखा था। इसे हासिल कर लिया गया है। पहली बार इतना ऊंचा लक्ष्य हासिल किया गया है। मैं अपने किसानों, बुनकरों, एमएसएमई, विनिर्माताओं, निर्यातकों को इस सफलता की बधाई देता हूं। यह आत्मनिर्भर भारत की यात्रा में मील का पत्थर है। मीडिया से बातचीत में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कोविड-19 महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध समेत हर तरह के प्रतिकूल हालात के बावजूद भारत ने यह उल्लेखनीय लक्ष्य हासिल किया है। गोयल ने संवाददाताओं से कहा, इतिहास में पहली बार भारत ने 400 अरब डॉलर का वस्तु निर्यात का लक्ष्य हासिल किया... अगर यह द कश्मीर फाइल्स जैसी फिल्म होती, तो इसे मेक इन इंडिया ब्लॉकबस्टर कहा जाता। उन्होंने कहा कि राज्यों और जिलों के साथ लगातार संपर्क, निर्यातकों के साथ जुड़ाव, उनके मुद्दों का तेजी से समाधान, विभिन्न निर्यात संवर्धन परिषदों, उद्योग संगठनों और अन्य संबंधित पक्षों के साथ सक्रिय रूप से जुड़कर इस मील के पत्थर तक पहुंचने में मदद मिली है।

# भाजपा प्रतिनिधिमंडल को हिंसा वाली जगह पर जाने से रोका

**भाषा।** कोलकाता

**भाजपा** के एक प्रतिनिधिमंडल को पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में उस स्थान पर जाने से रोक दिया गया, जहां आठ लोगों की झुलसकर मौत हो गई थी। राज्य के प्रमुख विपक्षी दल ने इस घटना पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की और आरोप लगाया कि दोषियों को बचाने के प्रयास किए जा रहे है। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधिमंडल को रोक दिया गया क्योंकि पुलिस ने बोगटुई गांव के बाहर अवरोधक लगा दिए थे। उन्होंने कहा, हमें मौके पर जाने से रोक दिया गया था, मुख्यमंत्री ने कहा था कि वह वहां जा रही हैं। वह सबूतों को मिटाने और दोषियों को बचाने के लिए इलाके का दौरा करेंगी। हम इसके खिलाफ हैं। अगर हमें अनुमति नहीं है, तो किसी और को भी यहां जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। केवल सीबीआई और एनआईए की जांच से ही सच्चाई सामने आ सकती है। हिंसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। अधिकारी ने बीरभूम जाते समय संवाददाताओं से कहा, मुख्यमंत्री राज्य के गृह मंत्री भी होते हैं। वह गृह मंत्री के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में विफल रही हैं। उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। भाजपा सांसद और पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री को घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए और इस्तीफा देना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस ने विपक्षी दल भाजपा पर कटाक्ष करते हुए क हा कि उसके सदस्य पिकनिक मना रहे थे। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने एक मिठाई की दुकान पर स्थानीय व्यंजनों का स्वाद चखते हुए भाजपा नेताओं का एक वीडियो ट्विटर पर साझा किया। घोष ने कहा, भाजपा ने हिंसा प्रभावित बीरभूम में अपने सदस्यों के दौरे की व्यवस्था की, लेकिन वे वहां जाते समय रास्ते में पिकनिक मना रहे हैं।

### लोकसभा में उठा बंगाल हिंसा का मुद्दा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सदस्य ने पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में हुई हिंसा का मुद्दा उठाया और राज्य में तृणमूल कांग्रेस के शासन में कानून एवं व्यवस्था ध्वस्त होने का आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार से संविधान के उचित अनुच्छेद के तहत हस्तक्षेप करने की मांग की। वहीं, तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि बीरभूम जिले में जो कुछ भी हुआ है, उसका राजनीतिक संघर्ष से कोई लेना-देना नहीं है। शून्यकाल के दौरान भाजपा के सुकांत मजूमदार ने निचले सदन में इस विषय को उठाते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस से संबद्ध पंचायत स्तर के एक उप प्रमुख की हत्या के बाद प्रतिशोध के रूप में हिंसा शुरू हुई। भाजपा सांसद ने इस घटना में कई लोगों के लापता होने का भी दावा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले एक हफ्ते में ही राजनीतिक हिंसा में कई लोगों के मारे जाने की खबरें हैं। मजूमदार ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति ध्वस्त हो चुकी है और वहां विधानसभा चुनाव के बाद से राजनीतिक हिंसा जारी है। उन्होंने कहा कि वह केंद्र सरकार से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग करते हैं।



## राज्यपाल ने वीरभूम हिंसा में सीएम पर दोषियों को बचाने का प्रयास करने का आरोप लगाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने राज्य के बीरभूम जिले के एक गांव में कुछ मकानों में कथित तौर पर आग लगाए जाने के कारण लोगों की मौत होने के मामले को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर नए सिरे से निशाना साधते हुए दावा किया कि राज्य सरकार की ओर से की गई कार्वाई राजनीति से प्रभावित है और दोषियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। राज्यपाल ने ममता को एक पत्र लिखकर यह बात कही। धनखड़ ने मंगलवार को रामपुरहाट में आठ लोगों की मौत की इस घटना को भयावह करार देते हुए कहा था कि राज्य पूरी तरह से हिंसा और अराजकता की संस्कृति की गिरफ्त में है। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल की टिप्पणी की आलोचना की थी और कहा था कि उनका यह बयान अवांछनीय है। धनखड़ ने बुधवार को बनर्जी को तीन पृष्ठों का एक पत्र लिखकर जवाब दिया और कहा कि मुख्यमंत्री ने घटना पर उनकी संयमित प्रतिक्रिया पर आरोप लगाने वाला रुख अपनाया है। राज्यपाल ने पत्र में कहा, हमेशा की तरह, आपने रामपुरहाट के इतिहास में सबसे भीषण नरसंहार को लेकर मेरी संयमित प्रतिक्रिया पर आरोप लगाने वाला रुख अपनाया है। स्तब्ध कर देने वाले इस नरसंहार की तुलना कई लोगों द्वारा राज्य में कुछ साल पहले हुई घटनाओं से की जा रही है। उस समय आप विपक्ष में थीं। उन्होंने कहा अलग अलग रुख अपना कर आपने मुझ पर अवांछित बयान देने का आरोप लगाया। जो स्थिति है उसमें मैं मूक दर्शक बन कर नहीं रह सकता।

## ममता आज करेंगी दौरा, कहा-दोषियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को जोर देते हुए कहा कि बीरभूम जिले में हिंसा के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बीरभूम जिले के एक गांव में मंगलवार को कथित तौर पर कुछ मकानों में आग लगा दी गई, जिसमें आठ लोगों की जल कर मौत हो गई। ममता ने कहा कि वह स्थिति का जायजा लेने के लिए बृहस्पतिवार को बोगतुई गांव का दौरा करेंगी, जहां एक ग्राम पंचायत उप प्रधान की हत्या के शीघ्र बाद कुछ मकानों में आग लगा दी गई थी। ममता ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा, यह हमारी सरकार को बदनाम करने के लिए भाजपा, वाम दलों और कांग्रेस की कोशिश है... बीरभूम की घटना के लिए जिम्मेदार सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, चाहे वे किसी भी राजनीतिक दल से संबंध रखते हों। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने थाना प्रभारी, उपसंभागीय पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को हटा दिया है। पुलिस महानिदेशक कल से ही जिले में हैं। मुख्यमंत्री ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान यह भी कहा कि उन्हें जिले का अपना दौरा एक दिन के लिए स्थगित करना पड़ा क्योंकि वहां पहले से जुटे हुए अन्य राजनीतिक दलों के साथ वह नहीं उलझना चाहती थीं। ममता ने अन्य राज्य में हिंसा की पुरानी घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी पार्टी के सांसदों को असम में हवाईअड्डे पर रोक दिया गया था, जहां वे एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक पंजी) का विरोध करने गए थे। उनकी पार्टी के सांसदों को उत्तर प्रदेश में हाथरस और उन्नाव (जहां सामूहिक बलात्कार की घटनाएं हुई थी) में प्रवेश करने की अनुमति भी नहीं दी गई थी, लेकिन उनकी सरकार ने ऐसा कभी नहीं किया।

## अब तक 22 लोग गिरफ्तार, वाम दलों ने रामपुरहाट में निकाली रैली

**कोलकाता/रामपुरहाट।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में हुई हिंसा के सिलसिले में अब तक कम से कम 22 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस हिंसा में आठ लोगों की जान चली गई थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। रामपुरहाट के बोगतुई गांव में मंगलवार को तड़के करीब एक दर्जन मकानों में कथित तौर पर आग लगा देने से दो बच्चों समेत कुल आठ लोगों की जल कर मौत हो गई। यह घटना सोमवार को टीएमसी के पंचायत स्तर के नेता भादू शेख की कथित हत्या के कुछ घंटों के भीतर हुई। तृणमूल कांग्रेस के नेता की हत्या के बाद रामपुरहाट शहर के बाहरी इलाके में स्थित बोगतुई गांव में करीब एक दर्जन मकानों पर कथित तौर पर पेट्रोल बम से हमला कर आग लगा दी गई थी। कुछ लोगों ने अपने नेता की हत्या के प्रतिशोध में मकानों में आग लगा दी। भादू शेख के परिजनों का कहना है कि पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें शेख के बेटे भी शामिल हैं। हालांकि, पुलिस ने इस मामले में गिरफ्तार किए गए संदिग्धों के नामों का खुलासा नहीं किया है। इस घटना के सिलसिले में मंगलवार को 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस अधिकारी ने कहा, इस मामले में अब तक 22 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। हम यह पता लगाने के लिए उनसे पूछताछ कर रहे हैं कि क्या इस घटना में और लोग शामिल थे। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कुछ आरोपी गांव से भाग गए हैं। हम उनका पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। फॉरेंसिक विशेषज्ञ घटना की प्रकृति के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए क्षतिग्रस्त मकानों की जांच कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल सरकार ने घटना की जांच के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) ज्ञानवंत सिंह की अध्यक्षता में एक एसआईटी का गठन किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से घटना पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस बीच, वाम मोर्चा (एलएफ) ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के रामपुरहाट कस्बे में एक रैली निकाली और एक दिन पहले इलाके में हुई हिंसा में मारे गए लोगों के लिए न्याय की मांग की।

# लोग वीआपी संस्कृति से हाताश हो गए हैं, खासतौर पर मंदिरों में: मद्रास उच्च न्यायालय

**मदुरै (तमिलनाडु)।** मद्रास उच्च न्यायालय की मुदुरै पीठ ने बुधवार को कहा कि लोग वीआईपी संस्कृति से हाताश हो गए हैं, खासतौर पर मंदिरों में। इसके साथ ही अदालत ने तमिलनाडु के प्रसिद्ध मंदिरों में विशेष दर्शन के संबंध में कई दिशा निर्देश जारी किए। न्यायमूर्ति एस एम सुब्रमण्यम ने तूतीकोरिन जिले के तिरूचेंदुर स्थित प्रसिद्ध अरुलमिगु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर के संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि वीआईपी (अति विशिष्ठ व्यक्ति) प्रवेश उक्त व्यक्ति और उसके परिवार के सदस्यों के लिए होनी चाहिए लेकिन उनके रिश्तेदारों के लिए नहीं। कुछ लोग विशेष दर्शन के हकदार हैं इसका कोई तर्क नहीं हो सकता। इस तरह की सुविधा केवल कुछ विशेष कार्यालयों को धारण करने वालों के लिए है न कि व्यक्तिगत हैसियत से। अधिकतर विकसित देशों में राज्य केवल कुछ शीर्ष पदों को धारण करने वालों की रक्षा कर करते हैं, वे संवैधानिक हस्तियां होती हैं बाकी को अपनी सुरक्षा देखनी होती है। इस तरह के विशेषाधिकार नागरिकों की समानता के आड़े नहीं आनी चाहिए। न्यायाधीश ने कहा, लोग वीआईपी संस्कृति से हाताश हैं खासतौर पर वीआईपी और अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों को विशेष दर्शन कराने के लिए मंदिर परिसरों को बंद करने से जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी होती है। लोग वास्तव में इससे दुखी होते हैं और कोसते हैं। मंदिर प्रशासन का यह कर्तव्य है कि वह आम दर्शनार्थियों को कोई असुविधा हुए वीआईपी दर्शन सुनिश्चित करे। न्यायाधीश ने कहा कि तमिलनाडु सरकार ने पहले ही वीआईपी की सूची अधिसूचित कर दी है और इसका अनुपालन मंदिर प्रशासन द्वारा किया जाना चाहिए। यह स्पष्ट किया जाता है कि वीआपी प्रवेश की वजह से श्रद्धालुओंआम दर्शनार्थियों के समानता के अधिकार में हस्तक्षेप नहीं होनी चाहिए। वीआईपी प्रवेश केवल वीआईपी और उसके परिवार तक सीमित होनी चाहिए न कि उनके रिश्तेदारों के लिए। अदालत ने कहा कि वीआईपी उन्हें मुहैया कराए गए सुरक्षा गार्ड के साथ जा सकते हैं यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि अन्य कर्मी और विभाग के सदस्यों को वीआईपी के साथ विशेष दर्शन की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। भगवान अकेले वीआईपी हैं। अगर कोई वीआईपी आम श्रद्धालु के लिए असुविधा पैदा करता है तो वह वीआईपी धार्मिक पाप करता है, जिसे भगवान द्वारा माफ नहीं किया जाएगा....इसलिए यह स्पष्ट किया जाता है कि विभिन्न विभागों के लोक सेवक जो वीआईपी के श्रेणी में नहीं आते या अन्य व्यक्ति, श्रद्धालु या दानकर्ता को अलग से कतार बनाकर या वीआईपी के साथ मंदिर में विशेष दर्शन की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

### कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद आतंकी गतिविधियां घटी, निवेश का माहौल बना : सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद वहां आतंकवादी गतिविधियों में कमी आई है तथा निवेश के लिए माहौल बना है। जम्मू कश्मीर के बजट और उससे संबंधित अनुदान की अनुपूरक मांगों पर राज्यसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अनुच्छेद 370 समाप्त होने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में 890 केंद्रीय कानूनों को लागू किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जिन्हें पहले वहां कोई अधिकार नहीं थे, अब वे सरकारी नौकरी पा सकते हैं और भूमि खरीद सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा 250 भेदभावकारी राज्य कानूनों को हटा दिया गया है और 137 कानूनों में संशोधन किया गया है। सीतारमण ने कहा, राज्य में औद्योगिक विकास के लिए जो विभिन्न अड़चनें थीं, उन्हें हटा दिया गया है।

## सरकार ने आपराधिक कानूनों में संशोधन की प्रक्रिया शुरू की

**नई दिल्ली।** देश के आपराधिक कानूनों में व्यापक बदलाव लाने के उद्देश्य से सरकार ने आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में संशोधन की प्रक्रिया आरंभ कर दी है और इसके मद्देनजर सभी हितधारकों से सुझाव मांगे गए हैं। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय ने आपराधिक कानूनों में व्यापक संशोधनों के संबंध में राज्यों के राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों, केंद्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपालों व प्रशासकों, भारत के प्रधान न्यायाधीश, विभिन्न उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश, बार काउंसिल ऑफ इंडिया और विभिन्न राज्यों की बार काउंसिल, विभिन्न विधि विश्वविद्यालयों व संस्थानों और सांसदों से भी सुझाव मांगे हैं। गृह मंत्रालय से जुड़ी स्थाई संसदीय समिति ने अपनी 146वीं रिपोर्ट में यह सिफारिश की थी कि देश की आपराधिक न्याय प्रणाली की व्यापक समीक्षा किए जाने की आवश्यकता है।

इससे पूर्व संसदीय स्थाई समिति ने अपनी 111वीं और 128वीं रिपोर्ट में भी संबंधित अधिनियम में टुकड़ों में संशोधन करने की बजाय संसद में एक व्यापक कानून लाकर देश के आपराधिक कानून में सुधार करने और इसे युक्तिसंगत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया था। सभी को कम खर्च पर और त्वरित न्याय प्रदान करने तथा जन-केंद्रित विधिक ढांचे का निर्माण करने के लिए देश के आपराधिक कानूनों में व्यापक बदलाव करने के मद्देनजर सरकार ने सभी हितधारकों के साथ परामर्श करके आपराधिक कानूनों मसलन, भादंसं 1860, दंड प्रक्रिया संहिता 1973 और भारतीय साक्ष्य अधि. 1872 में व्यापक संशोधनों के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। आपराधिक कानूनों में सुधार के लिए सुझाव देने वास्ते दिल्ली स्थित राष्ट्रीय विधि विवि के कुलपति की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई थी।

### एयरसेल मैक्सिस मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम, उनके बेटे को मिली नियमित जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम और उनके बेटे कार्ति को एयरसेल-मैक्सिस सौदे के संबंध में क्रमश: सीबीआई और ईडी द्वारा दायर भ्रष्टाचार और धनशोधन मामलों में नियमित जमानत दे दी। अदालत, जिसने पहले मामले में दोनों आरोपियों को अग्रिम जमानत दी थी, ने दोनों मामलों में एक-एक लाख रुपए के जमानत बांड को स्वीकार कर लिया और नियमित जमानत दे दी। आरोपियों ने मामले में अदालत के समक्ष पेश होने के बाद राहत का अनुरोध करते हुए अपने वकील अर्शदीप सिंह के माध्यम से आवेदन दिया था। इससे पहले, अदालत ने एजेंसियों को एयरसेल-मैक्सिस मामले में एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। यह मामला एयरसेल-मैक्सिस सौदे में विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड की मंजूरी में कथित अनियमितताओं से जुड़ा है।


## पूरे देश में कौशल विकास केंद्र स्थापित होंगे पहले चरण में 5,000 केंद्र की योजना

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि उसकी योजना पूरे देश में कौशल विकास केंद्र स्थापित करने की है ताकि छात्रों व रोजगार चाहने वाले लोगों को व्यापक कौशल एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। इसके साथ ही उसने कहा कि पहले चरण में 5,000 ऐसे केंद्र खोलने की योजना है। कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब देते हुए कहा कि शिक्षा प्रणाली और कौशल विकास पहल दोनों के मौजूदा बुनियादी ढांचे का उपयोग करते हुए कौशल केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले चरण में 5,000 ऐसे केंद्र होंगे और प्रयास है कि देश के लगभग हर हिस्से में कौशल विकास केंद्र मौजूद हों।

मंत्री ने इस बात से इनकार किया कि कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी कम हुई है। उन्होंने कहा, यह सच नहीं है कि कोविड के कारण कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी में कोई बड़ी रुकावट आई है। कोविड के दौरान, समग्र कार्यबल में महत्वपूर्ण व्यवधान आया और संभव है कि कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी भी प्रभावित हुई हो।

चंद्रशेखर ने हालांकि जोर दिया कि कई क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी में काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए, आईटी और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी 44-45 प्रतिशत से अधिक हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों के संबंध में मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में उन्होंने कहा कि जन शिक्षण संस्थान नेटवर्क का मकसद मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को कुशल बनाना है और यह बहुत अच्छा काम कर रहा है।



भोपाल में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दीप जलाकर झीलों को अतिक्रमण से बचाने का दिया संदेश।

### संसद ने जम्मू कश्मीर के लिए 1.42 लाख करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** संसद ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के 1.42 लाख करोड़ रूपए के बजट को बुधवार को मंजूरी दे दी। राज्यसभा ने आज इस बजट को चर्चा के बाद ध्वनिमत से लौटा दिया। लोकसभा इसे 14 मार्च को ही मंजूरी दे चुकी है। उच्च सदन ने जम्मू कश्मीर विनियोग विधेयक 2022 और जम्मू कश्मीर विनियोग (क्रमांक दो) विधेयक 2022 को ध्वनिमत से वापस कर दिया। उच्च सदन में चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के सदस्यों के बीच जम्मू कश्मीर में 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने से पहले आतंकवादी गतिविधियों के मुद्दे पर तीखी नोंकझोंक हुई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने करीब चार घंटे तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद आप देख सकते हैं कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के निवासियों तक न्याय पहुंचा, लोकतंत्र पहुंचा, आर्थिक विकास पहुंचा है।

## पहली बार शिक्षा मंत्रालय को एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का आवंटन किया गया : केंद्र

**नई दिल्ली।** सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में शिक्षा की हिस्सेदारी बढाए जाने की जरूरत पर विभिन्न दलों द्वारा बल दिए जाने के बीच सरकार ने बुधवार को संसद में कहा कि आगामी वित्त वर्ष के बजट में शिक्षा मंत्रालय को उसकी गतिविधियों के लिए पहली बार एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का रिकॉर्ड आवंटन किया गया है। शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों का जवाब देते हुए कहा कि आगामी वित्त वर्ष 2022-23 के लिए शिक्षा मंत्रालय को अपनी गतिविधियों के लिए पहली बार एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का रिकॉर्ड बजट आवंटित किया गया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में केंद्र सरकार और सभी राज्य सरकारों द्वारा शिक्षा में सार्वजनिक निवेश में पर्याप्त वृद्धि करने का स्पष्ट रूप से समर्थन और परिकल्पना है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य शिक्षा क्षेत्र में सार्वजनिक निवेश को जल्द से जल्द सकल घरेलू उत्पाद के छह प्रतिशत तक पहुंचाने के लिए मिलकर काम करते हैं तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति इसके कार्यान्वयन के लिए अलग-अलग समय-सीमा के साथ-साथ सिद्धांत और कार्यप्रणाली भी प्रदान करती है। सरकार ने कहा कि 2017-18 से 2019-20 तक शिक्षा बजट व्यय का विश्लेषण प्रकाशन के अनुसार, 2019-20 में भारत में शिक्षा पर सार्वजनिक व्यय (केंद्र और राज्य) जीडीपी का 4.39 प्रतिशत रहा जो वर्ष 2014-15 में 4.07 प्रतिशत था और इस अवधि के दौरान लगभग आठ प्रतिशत की समग्र वृद्धि हुई है। शिक्षा समवर्ती सूची में है, अत: इसके लिए केंद्र और राज्यों के बीच सावधानीपूर्वक योजना, संयुक्त निगरानी और सहयोगात्मक कार्यान्वयन की आवश्यकता होती है।

### मानहानि के मुकदमे में एनआरआई के खिलाफ निषेधाज्ञा की सलमान खान की अर्जी खारिज

**मुंबई।** यहां एक दीवानी अदालत ने बुधवार को सलमान खान की एक एनआरआई के खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमे में निषेधाज्ञा आदेश जारी करने से जुड़ी एक याचिका को खारिज कर दिया। एनआरआई द्वारा पनवेल में सलमान के फार्महाउस को लेकर बॉलीवुड अभिनेता और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक और मानहानिकारक टिप्पणी की गई थी। अनिवासी भारतीय (एनआरआई) केतन कक्कड़ की मुंबई के पास रायगढ़ जिले के पनवेल में खान के फार्महाउस के बगल में एक पहाड़ी पर एक जमीन है। सलमान खान के मानहानि वाद के मुताबिक, कक्कड़ ने एक यू-ट्यूबर (ऐप पर वीडियो डालने वाले) को दिए साक्षात्कार में अभिनेता के खिलाफ मानहानिकारक टिप्पणी की थीं।

# उडुपी मंदिर प्रबंधन ने परिसर में मुस्लिमों के कारोबार पर प्रतिबंध लगाया

**उडुपी/बेंगलुरु (कर्नाटक)।** कर्नाटक में उडुपी जिले के कापू शहर में मारी गुड़ी मंदिर प्रबंधन ने हिंदू सगठनों के अनुरोध पर वार्षिक उत्सव के दौरान अन्य धर्म के लोगों को मंदिर की जमीन पर कारोबार नहीं करने देने का फैसला किया है। राज्य विधानसभा में भी यह मामला उठा,जहां सरकार ने इससे दूरी बना ली। विधानसभा में यह मुद्दा उठाए जाने पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नियमों का हवाला देते हुए इससे दूरी बना ली। राज्य सरकार ने विधानसभा में स्पष्ट किया कि ए नियम मंदिर परिसर के बाहर रेहड़ी-पटरी लगाने वालों पर लागू नहीं होते हैं और अगर इसके चलते कोई भी व्यवधान उत्पन्न होता है तो कार्वाई की जाएगी। सरकार ने कहा कि वह इस मामले में अगला कदम उठाने से पहले नियमों और जमीनी हालात का जायजा लेगी। हिंदू जागरण वेदिका और तुलुनाडु हिंदू सेना जैसे संगठनों ने मंदिर प्रबंधन से मंगलवार और बुधवार को दो दिवसीय धार्मिक मेले के दौरान मुस्लिम व्यापारियों को कारोबार करने की अनुमति नहीं देने की अपील की थी। जिसके बाद मंदिर प्रबंधन ने यह कदम उठाया है। इन संगठनों ने कहा कि मुसलमानों ने हिजाब मुद्दे पर कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ बंद का समर्थन किया था, जो भारत के कानून और न्यायिक प्रणाली के प्रति उनके दृष्टिकोण को दर्शाता है।

मंदिर प्रबंधन के एक कार्यकारी अधिकारी ने कापू में संवाददाताओं से कहा, हिंदू संगठनों ने एक ज्ञापन सौंपकर हमें मारी गुड़ी त्योहार के दौरान अन्य धर्म के लोगों के बजाए केवल हिंदू व्यापारियों को कारोबार करने की अनुमति देने के लिए कहा। तदनुसार, मंदिर प्रबंधन ने ऐसे किसी भी व्यक्ति को किराए पर जमीन नहीं देने का फैसला किया है, जो हिंदू नहीं है। केवल हिंदुओं को व्यापार करने के लिए जगह दी जाएगी। वहीं उडुपी डिस्ट्रिक्ट स्ट्रीट वेंडर्स एंड ट्रेडर्स एसोसिएशन ने जिला प्रशासन से मुसलमान कारोबारियों को हिंदू त्योहारों और वार्षिक मंदिर मेलों के दौरान व्यवसाय करने की अनुमति देने का आग्रह किया है।

उडुपी में पत्रकारों से बात करते हुए संगठन के जिला सचिव मोहम्मद आरिफ ने कहा कि वार्षिक कापू मारी गुडी उत्सव के दौरान बैनर लगाए गए, जिसमें कहा गया था कि मुस्लिम विक्रेताओं को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इस तरह के बैनर पादुबिद्री मंदिर उत्सव में भी लगाए गए। मंदिर प्रबंधन को सौंपे गए एक ज्ञापन में कापू के तुलुनाडु हिंदू सेना ने अपील की कि सुग्गी मारी पूजा उत्सव के दौरान किसी भी मुस्लिम को व्यापार करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। हिंदू सेना ने कहा, मारी पूजा उत्सव के दौरान किसी भी मुस्लिम को स्टाल लगाने के लिए जगह नहीं दी जानी चाहिए। अगर मुसलमानों को अपने स्टॉल लगाने की अनुमति दी जाती है, तो आप (मंदिर अधिकारी) अकेले समस्या और खतरे के लिए जिम्मेदार होंगे। इसलिए, आपको मुसलमानों को दुकान लगाने के लिए जगह नहीं देना चाहिए।

हिंदू जागरण वेदिका के प्रकाश के. ने कहा कि कापू शहर में मारी पूजा उडुपी जिले का एक बहुत बड़ा त्योहार है जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम व्यापारी यहां व्यापार करते हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, जो लोग हमारे भगवान, हमारे धार्मिक स्थलों का सम्मान नहीं करते हैं और एक अलग धर्म का पालन करते हैं, उन्हें हमारे धार्मिक त्योहारों के दौरान व्यापार नहीं करना चाहिए। हिंदू समुदाय ने मारी गुड़ी मंदिर प्रबंधन से यह अपील की थी। अपील के पीछे का कारण बताते हुए, उन्होंने कहा कि हाल ही में मुस्लिम व्यापारियों ने कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा हिजाब के फैसले के खिलाफ राज्य भर में बंद का आयोजन किया था।

विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में राज्य के कानून मंत्री जे सी मधुस्वामी ने कहा, वर्ष 2002 में कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम के नियम बनाते समय, नियम 12 में कहा गया है कि संस्थान के पास स्थित भूमि, भवन या स्थल सहित कोई भी संपत्ति गैर-हिंदुओं को पट्टे पर नहीं दी जाएगी। इन नियमों का हवाला देते हुए पोस्टर और बैनर लगाए गए हैं। नियमों का पालन किए जाने का हवाला देते हुए मंत्री ने कहा, अगर परिसर के भीतर चीजें (अन्य धर्म के कारोबारियों द्वारा कार्य) हो रही हैं तो उन्हें नियमों का पालन करना होगा। हमारी (भाजपा) सरकार ने यह नियम नहीं बनाए हैं। ए नियम 2002 में कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए थे और अब आप हम पर आरोप मढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। मामले में हस्तक्षेप करते हुए मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि मंदिर मेलों के दौरान धार्मिक स्थलों के पास के क्षेत्रों को पट्टे पर दिया जाता है और जो पट्टे पर लेते हैं वे व्यापारियों को उपठेका देते हैं। उन्होंने कहा, ए उन लोगों द्वारा लिए गए निर्णय हैं जिन्होंने पट्टे लिए हैं....हम गौर करेंगे कि नियम क्या कहते हैं और हकीकत क्या है। इस बीच मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के उडुपी जिला सचिव बालकृष्ण शेट्टी ने उडुपी के उपायुक्त को हस्तक्षेप करने और यह सुनिश्चित करने के लिए पत्र लिखा कि इस तरह की कार्वाई की अनुमति नहीं दी जाए क्योंकि यह राज्य भर में एक अलग रुख ले सकता है और आगे चल कर इससे ध्रुवीकरण हो सकता है।

# रूस ने मारियुपोल में राहतकर्मियों को बंदी बनाया

● यूक्रेन के नेताओं ने लगाया आरोप, कहा लोग गोलीबारी के बीच रहने को मजबूर

एपी। कीव



**यूक्रेन** के नेताओं ने रूस पर एक मानवीय सहायता काफिले को रोककर 15 बचावकर्मियों और चालकों को बंदी बनाने का आरोप लगाया, जो मारियुपोल में भोजन और अन्य वस्तुओं को प्राप्त करने की कोशिश कर रहे थे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि शहर में लगभग 1,00,000 लोग अब भी अमानवीय परिस्थितियों में, पूर्ण नाकेबंदी के कारण भोजन, पानी, दवा के बगैर और लगातार गोलाबारी के बीच रह रहे हैं। पोलैंड चले गए विक्टोरिया टोत्सेन (39) ने कहा, उन्होंने पिछले 20 दिनों से हम पर बमबारी की। जेलेंस्की ने मंगलवार की रात राष्ट्र के नाम अपने वीडियो संबोधन में रूसी सेना पर मानवीय गलियारे पर सहमत होने के बावजूद सहायता काफिले को अवरुद्ध करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हम मारियुपोल के निवासियों के लिए स्थिर मानवीय गलियारों को व्यवस्थित करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से हमारे लगभग सभी प्रयासों को रूस ने गोलाबारी कर या जानबूझकर हिंसक गतिविधियों से विफल कर दिया है। रेड क्रॉस ने पुष्टि की कि एक मानवीय सहायता काफिला शहर तक पहुंचने की कोशिश कर रहा था जिसे रोक दिया गया।

यूक्रेन की उप राष्ट्रपति इरिना वेरेश्चुक ने कहा कि रूसियों ने 11 बस चालकों और चार बचावकर्मियों को उनके वाहनों के साथ कब्जे में ले लिया है। उनके बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। यूक्रेन की राजधानी कीव में बुधवार को तड़के लगातार गोलाबारी और गोलीबारी जारी रही और पश्चिमी बाहरी इलाके से धुएं के गुबार उठते दिखाई दिए। मंगलवार को भी उत्तर-पश्चिम से भारी गोलाबारी की आवाज सुनी गई, जहां रूस ने कई उपनगरों को घेरने और कब्जा करने की कोशिश की है।

जेलेंस्की ने कहा कि मंगलवार को मारियुपोल से 7,000 से अधिक लोगों को निकाला गया। युद्ध से पहले, इस बंदरगाह शहर की आबादी 4,30,000 थी। यूक्रेन पर रूस ने 24 फरवरी को हमला किया और तब से पूर्वी यूरोपीय देश यूक्रेन में भीषण तबाही मची है। रूस के हमले जारी हैं और यूक्रेन में जान-माल का भयावह नुकसान हो रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन यूरोप की अपनी यात्रा के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे, जिसमें उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के एक आपात सम्मेलन में भाग लेना, यूरोपीय संघ (ईयू) के नेताओं को संबोधित करना शामिल है। इस बीच पश्चिमी अधिकारियों ने कहा कि रूसी सेना को भोजन, ईंधन और ठंड के मौसम में गंभीर कमी का सामना करना पड़ रहा है।

## पोलैंड ने की 45 रूसी अधिकारियों के निष्कासन की मांग

**वारसा।** पोलैंड ने राजनयिक दर्जे की आड़ लेकर देश में रहने वाले 45 रूसी खुफिया अधिकारियों की पहचान की है और अधिकारी उनके निष्कासन की मांग कर रहे हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पोलैंड की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि उसने विदेश मंत्रालय से तत्काल इन रूसी अधिकारियों को निष्कासित करने के लिए कहा है, जिन्हें पोलैंड की सुरक्षा के लिए खतरा बताया गया है। सुरक्षा प्रवक्ता स्टैनिसलॉ जेरिन ने कहा, पोलैंड और उसके सहयोगी देशों के प्रति रूस की नीति और यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के चलते एजेंसी के प्रमुख ने इन व्यक्तियों को पोलैंड से निष्कासित करने का आग्रह किया है। एजेंसी ने कहा कि उसने रूस की खुफिया सेवाओं के लिए जासूसी करने के संदेह में पोलैंड के एक नागरिक को हिरासत में लिया है। संदिग्ध व्यक्ति वारसा रजिस्ट्री कार्यालय में काम करता है और शहर के अभिलेखागार तक उसकी पहुंच थी।

# यूक्रेन संकट पर शिखर वार्ता के लिए यूरोप में सहयोगी देशों की बैठक

एपी। ब्रसेल्स

**यूक्रेन** संकट से संबंधित तीन शिखर वार्ताओं के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के आधिकारिक विमान एयरफोर्स वन के ब्रसेल्स की धरती पर उतरने से पहले पश्चिमी सहयोगी देश एकजुट नजर आ रहे हैं। इसकी मुख्य वजह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन हैं। यूक्रेन पर 24 फरवरी से शुरू हुए रूसी हमले के बाद अमेरिका के सहयोगी देश एकजुट नजर आ रहे हैं। इन देशों ने अभूतपूर्व प्रतिबंधों से रूस की कमर तोड़ने और यूक्रेन की मदद करने के लिए त्वरित कदम उठाए।

बाइडन 12 घंटों के भीतर तीन शिखर वार्ताओं में शिरकत करेंगे, जिनमें उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो), जी-7 और यूरोपीय संघ की बैठकें शामिल हैं। यह इसलिए संभव हो सकेगा, क्योंकि सभी देश प्रमुख समस्याओं पर लगभग एकमत है, परिणाम स्वरूप गहरे मतभेदों को सुलझाने के लिए बहुत ज्यादा समय नहीं लगेगा। बाइडन शुक्रवार को पोलैंड की यात्रा करेंगे, जहां यूक्रेन के दो लाख शरणार्थी पहुंचे हैं। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि बाइडन नेताओं से मिलने-जुलने और ग्रुप फोटो खिंचवाने से इतर अपने समय का इस्तेमाल रूस के खिलाफ नए प्रतिबंधों की घोषणा के लिए करेंगे। वह रूस के खिलाफ पहले से लगाए गए प्रतिबंधों की कमियों को भी दुरुस्त करने का प्रयास करेंगे। बृहस्पतिवार को शिखर वार्ता 30-देशों के सैन्य संगठन के लिए यह अहसास करने का नया मौका प्रदान करेगी कि अमेरिका अपने सहयोगियों से विचार-विमर्श कर रहा है, क्योंकि ट्रम्प प्रशासन के दौरान इस विमर्श का अभाव नजर आता था। यूरोपीय संघ के मौजूदा अध्यक्ष फ्रांस के क्लेमंट ब्यूने ने कहा, एकजुटता का संदेश देने का वक्त है। उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेन के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए रूस पर और अधिक प्रतिबंध लगाए जाने की आवश्यकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के लिए भले ही कहीं कोई सीट आरक्षित नहीं है, लेकिन आज वह हर किसी के दिमाग में अपनी छाप छोड़ चुके हैं क्योंकि वह इस मामले में पूरी तरह स्पष्ट हैं कि उन्हें पश्चिमी देशों से क्या चाहिए? जेलेंस्की ने बुधवार को एक वीडियो साझा करके कहा, हम हरसंभव प्रयास करेंगे।

**PUBLIC NOTICE**

**RAMAN VIHAR COOP. GROUP HOUSING SOCIETY LTD. Plot No.5A, Sector-11, Dwarka, New Delhi-110075.**

In pursuance to rule 19(2) of DCS rules, 2007, applications are invited from general public of Delhi who fulfill the conditions laid down in rule-19 & 20 of DCS Rules, 2007 for filling up one vacancy in Raman Vihar CGHS Ltd. (Regd. No. 872-GH) for proposed three bedroom flat (Tentative cost of flat 87,31,110/-) (having area approximate 1750 Sq. Feet), which has arisen due to resignation of member, Interested persons can collect the application form in person from society office ie Plot No.5A,Sector-11, Dwarka, New Delhi-1 10075 between 10.00 am to 4.30 pm free of cost and the same have to deposited along with the amount of Rs. 87,31,110 which includes Share money, admission fee, land & Construction money and Equalization money through Pay order/ Demand Draft within 15 days of issue of this notice in favour of Raman Vihar Co-operative Group Housing Society Ltd.

Secretary-Raman Vihar CGHS Ltd.

# श्रीलंका ने आतंकवाद-रोधी कानून में सुधारों को मंजूरी दी

● यूरोपीय यूनियन के साथ व्यापार संबंधों को बढ़ाने की गरज से लिया फैसला

● आर्थिक बदहाली के दौर से गुजर रहा है श्रीलंका

एपी। कोलंबो

**श्रीलंका** के सांसदों ने मंगलवार को आतंकवाद रोधी कानून में सुधारों को मंजूरी दे दी। बदतर आर्थिक संकट से गुजर रहे श्रीलंका ने यूरोपीय यूनियन के साथ व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने के मद्देनजर इस कानून में सुधार करने का निर्णय लिया है। दरअसल पिछले साल पारित यूरोपीय संसद के प्रस्ताव में श्रीलंका के साथ एक तरजीही व्यापार योजना का आह्वान किया गया था, जिसका इस्तेमाल इस दक्षिण एशियाई देश में अधिकारों में सुधार के लिए किया जाएगा। सामान्यीकृत वरीयता योजना या जीएसपी प्लस के तहत चुनिंदा देशों से आयात होने पर पर्याप्त शुल्क रियायतें दी जाती हैं। यूरोपीय यूनियन जल्द ही संबंधित रियायतों की समीक्षा कर सकता है। श्रीलंका के विपक्षी समूहों और सांसदों ने इन सुधारों को बनावटी करार देते हुए कहा है कि अब भी आतंकवादी कानूनों में बिना वारंट के संदिग्ध की गिरफ्तारी नहीं की जा सकती और अदालतें अक्सर यातना देकर लिए गए इकबालिया बयानों को सबूत के रूप में इस्तेमाल करने की अनुमति देती रहेंगी उन्होंने कहा कि 1979 के आतंकवाद रोधी कानून का व्यापक रूप से दुरुपयोग किया गया है, जिससे बड़ी संख्या में निर्दोष लोगों को बिना मुकदमे के कई साल जेल में बिताने पड़े हालांकि न्याय मंत्री अली साबरी ने कहा कि सुधार पर्याप्त हैं और संदिग्धों को अदालत में अपनी नजरबंदी को चुनौती देने की अनुमति देते हैं। इसके अलावा इन सुधारों के जरिए मामलों की सुनवाई में तेजी लाई जा सकेगी, जिससे संदिग्धों को मुकदमा चलाए जाने से पहले लंबे समय तक हिरासत में रखने से बचा जा सकेगा। साबरी ने कहा कि सुधार केवल एक प्रक्रिया की शुरुआत है और सरकार जल्द ही एक नया कानून पेश करेगी।

## तालिबान ने लड़कियों की उच्च स्कूली शिक्षा पर रोक लगाई

**काबुल।** अफगानिस्तान के तालिबान शासन ने लड़कियों की उच्च स्कूली शिक्षा पर रोक लगाने का फैसला किया है, जिसके तहत छठी कक्षा से ऊपर के स्कूलों में लड़कियों को जाने की अनुमति नहीं रहेगी। हालांकि, पूर्व में तालिबान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष संकल्प जताया था कि वे महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों में कटौती नहीं करेंगे। तालिबान के एक अधिकारी ने बुधवार को इस कदम की पुष्टि की है। अफगानिस्तान में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से पहले तालिबान द्वारा ए फैसला लिया गया है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय तालिबानी नेताओं से जल्द ही स्कूल खोलने और महिलाओं को उनके सार्वजनिक अधिकारों से वंचित नहीं करने का आग्रह करता रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत में मंत्रालय द्वारा जारी बयान में सभी छात्रों से स्कूल आने का अनुरोध किया गया था। तालिबान नीत प्रशासन में बाह्य संबंध अधिकारी वहीदुल्लाह हाशमी ने एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि लड़कियों के उच्च शिक्षा वाले स्कूलों में आने पर रोक संबंधी फैसला मंगलवार रात को सामने आया। हाशमी ने कहा, लड़कियों के लिए स्कूल बंद रहने संबंधी फैसले की जानकारी तालिबान नेतृत्व द्वारा हमें देर रात दी गई। हम यह नहीं कहते कि स्कूल हमेशा के लिए बंद रहेंगे। उन्होंने कहा, नेतृत्व ने यह फैसला नहीं किया है कि लड़कियों को कब और किस तरह से दोबारा स्कूल जाने की अनुमति दी जाएगी।

# यूक्रेन में अपने लक्ष्यों को पूरा करने में विफल रहा है रूसः अमेरिका

● अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने गिनाए रूस के तीन लक्ष्य

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि यूक्रेन पर भीषण एवं क्रूर आक्रमण के जरिए रूस अपने तीन प्रमुख लक्ष्यों को हासिल करने में स्पष्ट रूप से विफल रहा है। रूस द्वारा यूक्रेन के दोनेत्स्क और लुहांस्क क्षेत्रों की स्वतंत्रता को मान्यता देने के तीन दिन बाद 24 फरवरी को रूसी सेना ने यूक्रेन के खिलाफ एक विशेष सैन्य अभियान की शुरुआत की थी। सुलिवन ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि यूक्रेन के खिलाफ अकारण हमला शुरू कर रूस अपने तीन बुनियादी लक्ष्यों को पूरा करना चाहता है। इनमें से सबसे पहला लक्ष्य यूक्रेन को अपने अधीन करना है। दूसरा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रूस की ताकत एवं प्रतिष्ठा को बढ़ाना है, जबकि तीसरा लक्ष्य पश्चिमी देशों को विभाजित कर उन्हें कमजोर करना है।अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा, रूस अब तक इन तीनों लक्ष्यों को पूरा करने में स्पष्ट रूप से विफल रहा है। वास्तव में रूस ने अब तक इन लक्ष्यों के विपरीत परिणाम ही हासिल किए हैं। सुलिवन ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यूक्रेन के बहादुर नागरिक आत्मसमर्पण करने से इनकार कर रहे हैं। वे डटकर रूसी सैनिकों का सामना कर रहे हैं। वे अपने घरों तथा अपने शहरों की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि रूस अपने क्रूर सैन्य अभियान के जरिए कुछ और क्षेत्रों पर कब्जा कर सकता है, लेकिन यूक्रेन के लोगों से उनका देश नहीं छीन सकता। उन्होंने कहा, दूसरी ओर, इस युद्ध के कारण रूस की ताकत एवं प्रतिष्ठा बुरी तरह प्रभावित हुई है। रूसी सेना की कार्वाई बेहद कमजोर रही। रूसी अर्थव्यवस्था कड़े एवं कठोर प्रतिबंधों से हिल गई है। रूस के रक्षा क्षेत्रों पर प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा रूस अंतरराष्ट्रीय समुदाय में पूरी तरह से अलग-थलग हो गया है। अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि रूस के इस हमले से पश्चिमी देश पहले की अपेक्षा और अधिक एकजुट हुए हैं और दृढ़ता के साथ किसी चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

**PUBLIC NOTICE**

Sealed Offers are invited from the public by the undersigned on behalf of my client's, the Trustees of Divine Asian Educational Trust, pursuant to the order dated 27th January 2022 passed by Hon'ble Court of Civil Judge (Junior Division) Sohna in Civil Suit No. 223 of 2021 for the trust property described in the Schedule hereunder written, which is mortgaged with M/s GMT Pipes and Tubes Pvt. Ltd. by deposit of title deeds without possession under a Mortgages Agreement dated 12th June 2021, on **"as is where is basis"**:-

Each offer should be accompanied by a demand draft/pay order/cheque in the sum of 15% of bid price on which no interest will be paid. The demand draft/pay order/cheque should be drawn in favour of "Divine Asian Educational Trust" and submitted along with the offer, which will be returned after opening of offers to those whose offer is not accepted.

The proforma of the Letter of Offer containing the terms and conditions on which the offer is to be made will be available from the office of the undersigned at Gurugram between 10:00 am to 3:00 pm on payment of Rs.5000/-. Each offer should be in a sealed envelope super scribed **"Offer for property at Village Silani"** and should reach the office of the undersigned accompanied by a Demand Draft/pay order/cheque of Nationalised bank of 15% of bid price on or before 08.04.2022 at 2.30 p.m. The offers will be opened on the same day at 4 p.m. at the office of the undersigned in the presence of the offerers who may remain present and at that time the offerers will be permitted to enhance their offers if they so desire. The suit property will be sold above the market value of the said property. The Trustees will not be bound to accept the highest or any other offer and may reject any or all offers without assigning any reason therefore.

The property shall be open for inspection on 30th March 2022 between 12.00 p.m. and 3.30 p.m with the prior permission of the advocate/trustees. The trustees are not bound to accept the highest or any offer and will at liberty to accept or reject any offer made by the offers without assigning any reason whatsoever. No one should approach any trustees individually and if he will do so he will be disqualified.

The property will be sold on **"as is where is basis"**. By making the offer, each offerer will be deemed to have accepted the terms and conditions of sale as contained in the letter of offer.

The earnest money of 15% of bid price will be forfeited in case the offer is withdrawn before the acceptance or rejection thereof.

**Schedule**

Admeasuring 241 Kanal 2 Marla in Khewat No. 104, Khatai No. 131, Khewat No. 63, Khata No. 90, Khewat No. 225, Khata No. 271, Khewat No. 80, Khata No. 106, Khewat No. 371, Khata No. 484, Khewat No. 218, Khata No. 264, Khewat No. 217, Khata No. 263, Khewat No. 226, Khata No. 287, Khewat No. 220, Khata No. 266, Khewat No. 78, Khata No. 104, Khewat No. 85, Khata No. 111, Khewat No. 225, Khata No. 271 situated within the revenue estate of Village Silani, Tehsil Sohna, District Gurugram

**Raj Kumar Goyal Advocate**
**Enrollment No. P/617**
**Chamber No.93, Block-B,District Courts Gurugram**
**Advocate of Divine Asian Educational Trust.**
**Mob: 9811803503**

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कोयली देवी पत्नी श्री बद्री प्रसाद और श्री बद्री प्रसाद स्वामी पुत्र श्री ओंकार दास स्वामी खेवट/खाता संख्या-389/406 में शामिल 1 कनाल 13 मरला, अर्थात 1000.00 वर्ग गज, फ्रीहोल्ड आवासीय भूमि के मालिक है। जो खसरा नंबर 8//24/1/2 (0-9), 24/1/7 (0-8), 24/1/8 (0-13), 24/1/9 (0-7), 24/1/10 (0-7), 24/1/11 (0-7), 24/1/13 (0-15), गांव में स्थित - शिकाना मौजा नाहर पुर हरि नगर मनी मंडी रोड तहसील-गुड़गांव हरियाणा, बिक्री विलेख दिनांक 08.02.2022 पंजीकृत के रूप में। दस्तावेज़ संख्या नंबर 10406 उपनिबंधक गुड़गांव के कार्यालय में पंजीकृत है जो प्रोस्पेक्टस कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड (पीसीपीएल) झंडेवाला एक्सटेंशन, सेंट्रल, नई दिल्ली द्वारा वित्तपोषित किया जाना है। 1. मूल बिक्री विलेख दस्तावेज़ संख्या नंबर 15515, दिनांक 01.09.2010 को पुस्तक संख्या 1 में 2. मूल बिक्री विलेख दस्तावेज़ संख्या नंबर 31634, दिनांक 10.02.2011 को पुस्तक संख्या 1 में और 3. स्थानान्तरण विलेख (रक्त संबंध में) दस्तावेज़ संख्या नंबर 6367, दिनांक 25.07.2018 को उपनिबंधक गुड़गांव के कार्यालय में पंजीकृत है, उक्त संपत्ति के मूल संबंधित दस्तावेज कहीं खो गए हैं और पुलिस स्टेशन सेक्टर-37 गुड़गांव हरियाणा के साथ दिनांक 21.03.2022 पर प्राथमिकी संख्या 0078/2022 दर्ज की गई है।

यदि किसी व्यक्ति का उपरोक्त संपत्ति पर कोई दावा है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेज़ों के साथ हमें इस नोटिस की तारीख से 10 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा कि किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।

राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +91-8076188328

## संसदीय समिति का लेखा संस्थान स्थापित करने का सुझाव

**नई दिल्ली।** संसद की एक समिति ने देश में आईआईटी और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) की तर्ज पर लेखा संस्थान स्थापित करने का सुझाव दिया है। वित्त पर संसद की स्थाई समिति ने बुधवार को लोकसभा में पेश अपनी रिपोर्ट में यह सुझाव दिया। समिति ने कहा कि उन्नत देशों की तरह निकायों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने, ऑडिटिंग और लेखांकन के मानक एवं गुणवत्ता को बढ़ाने तथा वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता में सुधार करने की आवश्यकता है। यह सुझाव चार्टर्ड अकाउंटेंट, लागत एवं कार्य लेखा तथा कंपनी सचिव (संशोधन) विधेयक, 2021 पर रिपोर्ट का हिस्सा है। रिपोर्ट में कहा गया, सरकार को देश में लेखांकन और वित्त पेशे के विकास के लिए आईआईटी और आईआईएम की तरह लेखा संस्थान (आईआईए) स्थापित करने पर विचार करना चाहिए।

# आत्मनिर्भर भारत की तरफ बढ़ने में 400 अरब डॉलर का निर्यात अहम पड़ावः नरेंद्र मोदी

भाषा। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने चालू वित्त वर्ष में 400 अरब डॉलर का उत्पाद निर्यात लक्ष्य हासिल करने में भारत को मिली कामयाबी की तारीफ करते हुए बुधवार को कहा कि देश को आत्मनिर्भर भारत बनाने में यह एक अहम पड़ाव है। भारत ने निर्धारित समय से नौ दिन पहले ही 400 अरब डॉलर का उत्पाद निर्यात लक्ष्य हासिल कर लिया है। यह पहला मौका है जब भारत ने 400 अरब डॉलर का उत्पाद निर्यात किया है। चालू वित्त वर्ष में भारत का निर्यात 37 प्रतिशत बढ़कर 400 अरब डॉलर पर पहुंच चुका है। वित्त वर्ष 2020-21 में यह 292 अरब डॉलर रहा था। निर्यात के मामले में भारत का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2018-19 में 330.07 अरब डॉलर का रहा था। प्रधानमंत्री ने अपने एक ट्वीट में कहा कि भारत ने 400 अरब डॉलर के उत्पाद निर्यात का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा था और पहली बार इस मुकाम को हासिल कर लिया है। उन्होंने इस सफलता पर किसानों, कारीगरों, एमएसएमई, विनिर्माताओं, निर्यातकों को बधाई देते हुए कहा, "आत्मनिर्भर भारत के अपने सफर में यह एक अहम पड़ाव है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने कुछ ग्राफिक्स भी साझा किए हैं जिनमें भारत को अब तक का सर्वाधिक निर्यात लक्ष्य हासिल करने का उल्लेख है। इन ग्राफिक्स के मुताबिक सरकार राज्यों एवं जिलों के साथ करीबी संपर्क में है और निर्यातकों से जुड़े मुद्दों के त्वरित समाधान के लिए भी उनसे जुड़ी हुई है। इसके मुताबिक निर्यात संवर्द्धन परिषदों, उद्योग संगठनों और अन्य हितधारकों के साथ सक्रिय संपर्क ने भी इस लक्ष्य को हासिल करने में काफी मदद की है। भारत ने वित्त वर्ष 2021-22 में औसतन 33 अरब डॉलर के उत्पाद हर महीने निर्यात किए। इस तरह हर दिन एक अरब डॉलर से अधिक मूल्य के उत्पादों का निर्यात औसतन किया गया। निर्यात वृद्धि में खास तौर पर पेट्रोलियम उत्पादों, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, इंजीनियरिंग उत्पाद, चमड़ा, कॉफी, प्लास्टिक, रेडीमेड परिधान, मांस एवं दुग्ध उत्पाद, समुद्री उत्पाद और तंबाकू की अहम भूमिका रही है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फिओ) के महानिदेशक अजय सहाय ने इसे देश के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि बताते हुए कहा कि निर्यातकों ने तमाम लॉजिस्टिक चुनौतियों के बावजूद एक साल में ही निर्यात में 110 अरब डॉलर की वृद्धि कर ली है। उन्होंने कहा कि इस सिलसिले को कायम रखना और उसे आगे बढ़ाना अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कुछ देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं का भी साथ मिलेगा।

**Public Notice**

My Client **Kamlesh Arora** W/o Late Sh. Satpal Arora R/o **WZ-137,Vishnu Garden, N.D.-18** has severed all her relations from her unmarried son **Satinder Pal Arora** aged **44 years** and his associates, disowned & debarred all of them from her movable and immovable properties with immediate effect because of harassment, torture, cruelty, atrocities committed by them against my client. Anybody deals with them in any manner they do so at their own risk. My client shall not be responsible in any manner for the same.

A.K Verma-Advocate, 3.19, S.R.II,Distt.Centre Janak puri,ND

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that **Swaran Mohini Malhotra** "Seller/s" claims to be owner and in possession of Ground Floor and First Floor, of Property No. 40, Block G, in Bali Nagar, Najafgarh Road, New Delhi (**hereinafter called the said property**) by virtue of Relinquishment Deed executed by Sachin Malhotra through Sameer Nath and Mamata Malhotra through Sameer Nath in favor of Swaran Mohini Malhotra in respect of the entire Property, Doc.No.1319 **(All Legal Heirs of Late Jugal Kishore Malhotra and Late Sarla Malhotra)**, Sarla Malhotra was the owner of the entire property by virtue of Sale Deed Dated **12.09.1973** and thereafter the death of Sarla Malhotra, entire property was mutated in favor of JK Malhotra and said Swaran Mohini Malhotra has agreed to sell the said property to Subhash Mittal and said Subhash Mittal has agreed create mortgage of the said Property in favour of our client, **IDFC First Bank Limited, having its office at ITO**. All person/s /Institution/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within **14 days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan against the said property and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

**Vishal Diwan** (Advocate)
**For Diwan and Company, Advocates and Solicitors**
House No.2 (LGF), NRI Complex, N. Delhi-19 M. 9818399999

**PUBLIC NOTICE**
Reg.: Plot # 451-52 Sector-8 Phase-IV, IMT Manesar

Plot # 451-52 Sector-8 Phase-IV, IMT Manesar-122050, Distt. Gurugram (Haryana) measuring 2,025 sq. mtrs. was re-allotted by the Corporation vide its Re-Allotment Letter dated 17.7.2020in favour of M/s. SGM Paper Products, a partnership firm of Mrs. Shubita Sachdeva, Mr. Gagan Sachdeva and Mr. Manish Sachdeva with profit sharing ratio of 20 : 40 : 40 respectively as per Partnership Deed dated 1.4.2012 and having its present office at 183 Sector-4, IMT Manesar-122050 Distt. Gurugram (Haryana). The Corporation has been informed by the firm that one of its partner namely Mrs.Shubita Sachdeva W/o Shri Vishveshwar Kumar Sachdeva R/o House # 34 Block # A, Mount Kailash, New Delhi-110065 has expired on 19.4.2021. Subsequently after her death, the firm has reconstituted the Partnership Deed and the legal heirs of the deceased partner, Mr.Visheshwar Kumar Sachdeva, Mr. Gagan Sachdeva, Mr. Manish Sachdeva and Ms.ShivaliSikkahas approached the Corporation to transfer her 20% shares in M/s. SGM Paper Products in favour of Mr. Gagan Sachdeva and Mr. Manish Sachdeva in the ratio of 10 : 10 as per Agreement Modifying The Partnership Deed dated 19.4.2021 to becomes the legal heirs of her 20% shares in M/s. SGM Paper Products in the records of the Corporation.

The Corporation is in process of considering firm's request and transferring the said 20% her shares in M/s. SGM Paper Products to and in favour of Mr. Gagan Sachdeva and Mr. Manish Sachdeva in the ratio of 10 : 10 on the basis of Agreement Modifying the Partnership firm namely M/s. SGM Paper Products and NOC from other legal heirs. Through this public notice, it is hereby informed that in case, any of the legal heirs of late Mrs. Shubita Sachdevaor any other person having reservation / objection to the said transfer may file his / her / its objection in writing before the undersigned or Addl. General Manager (Estate), M/s. HSIIDC Ltd., C-13-14 Sector-6, Panchkula, Haryana along with an affidavit within a period of 30 days from the date of publication of this notice. In case, no response is received within the aforesaid period, it will be presumed that no one has any objection to Agreement Modifying the Partnership Deed dated 19.4.2021 and the Corporation shall go ahead with amendment in shareholding of M/s. SGM Paper Products in the records of the Corporation

The Estate Manager
**M/s. HSIIDC Ltd.**
IMT Manesar-122050, Distt. Gurugram

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) FORCETTFBP
DL1VB9239-YOM-2016
MINIMUM RESERVE PRICE 418187

2) CB_FORCE TEMPO TRAVELLER FULLY BUILT PASSENGER
DL1VC2802- YOM-2015
MINIMUM RESERVE PRICE 472306

3) PRO_2110 EICHR_VECV
HR38AB3917-YOM-2021
MINIMUM RESERVE PRICE 1245394

4) SM_SAMRAT
UP14JT0863- YOM-2019
MINIMUM RESERVE PRICE 777563

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 08.04.2022 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313
OR CONTACT : RAJESH ANTIL
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 09711173320
EMAIL rajesh.antil@kotak.com

# सेंसेक्स 304 अंक टूटा, निफ्टी भी 70 अंक नीचे आया

भाषा। मुंबई

**शुरुआती** बढ़त गंवाते हुए बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 304 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। मुद्रास्फीति और आपूर्ति संबंधी बाधाओं को लेकर चिंता के बीच हालिया तेजी के बाद निवेशकों ने बैंक, वित्तीय और चुनिंदा आईटी शेयरों में मुनाफावसूली को तरजीह दी, जिससे बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स मजबूती के साथ खुला और एक समय 58,416.56 अंक पर पहुंच गया। हालांकि, हालिया तेजी के बाद निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार की मजबूती कायम नहीं रह सकी और अंत में सेंसेक्स 304.48 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,684.82 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 420.71 अंक टूटकर 57,568.59 अंक तक नीचे आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 69.85 अंक यानी 0.4 प्रतिशत टूटकर 17,245.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में एचडीएफसी सबसे अधिक 2.36 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा कोटक महिंद्रा बैंक (2.25 प्रतिशत), एचडीएफसी बैंक (1.26 प्रतिशत), भारती एयरटेल (1.97 प्रतिशत), सन फार्मा (1.46 प्रतिशत), मारुति सुजुकी इंडिया (1.54 प्रतिशत), महिंद्रा एंड महिंद्रा (1.33 प्रतिशत), एशियन पेंट्स (1.16 प्रतिशत) और इन्फोसिस (0.86 प्रतिशत) के शेयर भी नुकसान में रहे। वहीं लाभ में रहने वाले शेयरों में डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज (2.31 प्रतिशत), टाटा स्टील (2.15 प्रतिशत), आईटीसी (0.86 प्रतिशत) शामिल हैं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, उतार-चढ़ाव के बीच पिछले दो दिनों से शेयर बाजार सीमित दायरे में अटका हुआ है। लाभ में खुलने के बाद भी उच्चस्तर पर लिवाली नहीं दिखी। इसके कारण दोपहर के कारोबार में बाजार में दबाव देखने को मिला। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, हाल की तेजी के बाद निवेशक सतर्कता का रुख अपना रहे हैं। आपूर्ति संबंधी बाधाओं के कारण मुद्रास्फीति दबाव को देखते हुए उतार-चढ़ाव की स्थिति फिर बन रही है। कच्चे माल की लागत में लगातार वृद्धि और दुनिया के कई भागों में कोविड मामलों के कारण मांग में नरमी, युद्ध तथा जिंसों के ऊंचे दाम कमाई की वृद्धि को प्रभावित कर रहे हैं। इससे कुल मिलाकर परिदृश्य नीचे जा सकता है।

## पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार दूसरे दिन 80 पैसे प्रति लीटर बढ़े

भाषा। नई दिल्ली

**पेट्रोल** और डीजल की कीमतों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की तरफ से जारी मूल्य अधिसूचना के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.21 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर अब 97.01 रुपए प्रति लीटर हो गई है। वहीं डीजल की कीमत 87.47 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 88.27 रुपए हो गई है। पेट्रोल एवं डीजल की कीमतें रिकॉर्ड 137 दिन तक स्थिर रहने के बाद 22 मार्च को बढ़ाई गई थीं। मंगलवार को भी इनकी कीमतों में प्रति लीटर 80 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी। उत्तर प्रदेश और पंजाब समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले चार नवंबर, 2021 से ही पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें स्थिर बनी हुई थीं। हालांकि, इस अवधि में कच्चे तेल की कीमत 30 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ गई थी। मुंबई में पेट्रोल के दाम में प्रति लीटर 85 पैसे की वृद्धि हुई है और यह अब 111.67 रुपए प्रति लीटर के भाव पर बिक रहा है। वहीं चेन्नई में पेट्रोल 75 पैसे की बढ़ोतरी के साथ 102.91 रुपए प्रति लीटर हो गया है। कोलकाता में इसकी कीमत 83 पैसे बढ़कर 106.34 रुपए प्रति लीटर हो गई है। मुंबई में डीजल के दाम भी 85 पैसे प्रति लीटर बढ़ गए हैं। राज्यों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में यह अंतर वहां लगने वाले स्थानीय करों में अंतर की वजह से है। विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के साथ ही पेट्रोल एवं डीजल के दाम में बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही थी लेकिन पेट्रोलियम कंपनियों ने कुछ दिन तक इंतजार किया। विश्लेषकों का कहना है कि अब पेट्रोलियम विपणन कंपनियां अपने घाटे की भरपाई कर रही हैं।

Office Of Executive Engineer, Maintenance Division
**Uttarakhand Jal Sansthan**
Lane No-1, Tarun Vihar, Mothrowala Road, Dehradun-248001
Phone No/Fax. 0135-2671940, E-mail - eemdujs@rediffmail.com

Letter No. 4824/E-Tender Notice/2021-22 Date: 21.03.2022

**CORRIGENDUM**

इस कार्यालय पत्रांक सं. 3996/E-Tender Notice/2021-22 Date 06.01.2022, 4066 / E-Tender Notice/2021-22 Date 10.01.2022 एवं 4766/E-Tender Notice/2021-22 Date 14.03.2022 से जल जीवन मिशन के कार्यों हेतु आमंत्रित ई-निविदाओं को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

''जल संचय-जीवन संचय''

**Executive Engineer**

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्जदार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में, प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में, निम्नवर्णित कर्जदारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतदद्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार को विषेश रूप से तथा जन साधारण को एतदद्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | मांग सूचना की तिथि/ मांग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विजय कुमार गर्ग / कमला गर्ग (20000042572 & QZNOD00005015822) | एच नंबर- 108, शिव कॉलोनी, खसरा नंबर 15/25 गली नंबर 02, बल्लागढ़, हरियाणा, फरीदाबाद 121004/ 21 मार्च 2022 | जून 25, 2021 ₹.22,26,320 | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदारएवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मार्च 24, 2022
स्थान: दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# अपराधबोध को दें मात

**हिंगोरी** का कहना है कि हम जितना अधिक दोषी महसूस करते हैं, उतना ही हम खुद को कार्रवाई के कर्ता के रूप में स्वीकार करने के परिणामस्वरूप एक नकारात्मक कर्म संतुलन निर्मित करते हैं



आध्यात्मिक पथ पर अपराधबोध की बड़ी भूमिका होती है। एक भूमिका जिसे दिलचस्प रूप से गैर-भूमिका के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। सीधे शब्दों में कहें, हम जितना अधिक दोषी महसूस करते हैं, उतना ही अधिक हम खुद को क्रिया के कर्ता के रूप में स्वीकार करने के परिणामस्वरूप एक नकारात्मक कर्म संतुलन निर्मित करते हैं। अपराधबोध की कार्रवाई के इस स्वामित्व के परिणामस्वरूप हमारे संस्कारों की किताब में एक और पन्ना जुड़ जाता है जो इस जीवन में या उससे परे किसी समय उभर कर सामने आने की प्रतीक्षा कर रहा है।

जब मैंने एक मित्र से इस बारे में चर्चा की, तो वह प्रसन्न हुआ। हालांकि इसके विपरीत कोई अन्य लौकिक आध्यात्मिक बाड़ पर बैठा हुआ था, अपराध-मुक्त होने की अवधारणा ने उसकी आंखों में एक चमक बिखेरी और उसने मुझसे पूछा - ''तो मैं सचमुच वह कर सकता हूं जो मैं चाहता हूं और बिना किसी परिणाम के अपराध-मुक्त रह सकता हूं?'' उसकी प्रतिक्रिया ने मुझे हंसा दिया क्योंकि मुझे एहसास हुआ कि वह खुद को सभी प्रकार के ईमानदार और नैतिक कुकर्म करते हुए व अपने अपराध बोध से मुक्त होने की कल्पना कर रहा था।

इससे पहले कि मैं अपने दोस्त के दिमागी भ्रम को ठीक करने के लिए पहल करूं, मैं बसरा की राबिया की कहानी सुनाना चाहूंगा, एक संत जिनकी मृत्यु 801 ईस्वी में हुई थी।

राबिया को बचपन में गुलाम बनाकर बेच दिया गया था। जब बसरा में अकाल पड़ा, तो उसके मालिक ने उसे अतिरिक्त पैसे कमाने के लिए वेश्यावृत्ति में धकेल दिया। उसे परमात्मा से बहुत प्यार था और वह लंबी और कड़ी साधना करती थी, जब वह परम ध्यानावस्था में प्रवेश कर पाती थी। एक दिन, राबिया के गुरु ने देखा कि राबिया के सिर पर एक दिव्य चमक प्रकाशित हो रही है। अचंभित होकर उसने युवती को मुक्त कर दिया। राबिया एक महान सूफी संत बन गई। क्या वह वेश्या होने के प्रति दोषी महसूस करके ऐसी विकसित अवस्था में पहुंच सकती थी? मुझे नहीं लगता! बाधाओं के बावजूद, उसे खुद पर भरोसा था और जिस शक्ति की वह पूजा करती थी उस पर विश्वास करती थी और अपराध बोध से रहित थी क्योंकि उसने अपनी पहचान को उस शरीर से नहीं जोड़ा था जिसमें वह थी।

अब मैं अपने मित्र की स्थिति पर आ रहा हूं। उसके इस बयान में दो बड़ी और गलत धारणाएं हैं। पहला यह विश्वास है कि यदि मैं अपने आप से कहूं कि मैं दोषी नहीं हूँ, तो मैं अपराध बोध पर विजय प्राप्त कर लूंगा। यदि हम सिगमंड फ्रायड द्वारा प्रस्तावित मनोवैज्ञानिक तीन मन मॉडल को देखें, तो वह चेतन, अवचेतन और अचेतन मन है। चेतन समग्र मन के 10प्रतिशत के आसपास कहा जाता है और यहीं पर मेरा मित्र पहले खुद को सतही स्तर पर बताएगा कि उसे अपराध बोध नहीं है। उसे कम ही इस बात का एहसास है कि अपराधबोध पहले ही उसके अवचेतन में गहराई से घुस चुका है। इसलिए बचना इतना आसान नहीं जितना दिख रहा है। दूसरी समस्या को उस व्यक्ति की कुछ अजीबोगरीब स्थिति से स्पष्ट किया जा सकता है जो एक पुलिस स्टेशन तक जाता है और कहता है कि उसने कुछ लोगों की हत्या कर दी है और कोई अपराध नहीं महसूस करता है, इसलिए उन्हें उसे मुक्त कर देना चाहिए।

सीधे शब्दों में कहें, जो बोझ आत्मा या जीवात्मा लेकर चलती है, उसे जीवात्मा को वहन करने की आवश्यकता होगी और जो बोझ प्रत्यक्ष व्यक्ति लेकर चलता है, उसे व्यक्ति को वहन करने की आवश्यकता होगी - पुरस्कार और परिणाम दोनों।

फिर कैसे कोई अपराध बोध से ऊपर उठ जाता है। प्रस्तावित दृष्टिकोण तीन पहलुओं की एक क्रिया है। इन्हें तीन स्तरों के रूप में भी माना जा सकता है :

- **नकारात्मक को सकारात्मक के साथ संतुलित करना :** जब हम अपनी ओर से गलत काम करने की भावना अनुभव करते हैं, तो अपराध बोध के प्रभाव को सीमित करने का एक शानदार तरीका यह है कि हम इसे अच्छे कर्म या 'सेवा' करके अभिभूत कर दें। तब हम स्वयं को सकारात्मक कार्य या ऐसे कर्म करते हुए देखेंगे जो नकारात्मक से कहीं अधिक है, तो यह आत्म-मूल्य और आत्म-विश्वास की हमारी भावना को बरकरार रखता है - इस प्रकार ये दोनों तत्व- आत्म मूल्य और आत्म विश्वास- आध्यात्मिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।
- **स्वीकृति :** भाग्य के दर्शन में विश्वास स्वीकृति की भावना पैदा करता है। यह स्वीकार करना कि कार्य तो होना ही था और यह स्वीकार करना कि आप वो उपकरण बनने के लिए थे जिसके माध्यम से इसे लागू किया जाएगा।
- **अकर्तापन :** यह ऊपर बताए अनुसार स्वीकार करने की क्षमता से आकर्षित होता है और इसे एक और कदम आगे ले जाता है। यह सचमुच यह महसूस करने की क्षमता है कि हम 'कर्ता' नहीं हैं और हमारे माध्यम से कुछ भी - कथित सकारात्मक या नकारात्मक - नहीं किया जाता है । यह अहसास 'माया' की प्राप्ति या वास्तविकता की भ्रमपूर्ण धारणा का कार्य है।

राम और वाली या बाली (सुग्रीव के भाई और अंगद के पिता) के बीच लड़ाई से संबंधित रामायण की इस कहानी पर एक पल के लिए विचार करें। बाली को यह वरदान प्राप्त था कि वह आमने-सामने लड़ने वालों की आधी शक्ति हथियाने में सक्षम था। राम को इस वरदान के बारे में पता था, और बाली के साथ युद्ध में विजयी होने के लिए, वह एक पेड़ के पीछे छिप गए और बाली की पीठ में एक तीर मार दिया जिससे वह मर गया और उसका शासन समाप्त हो गया। अब, पराक्रमी, न्यायप्रिय व श्रद्धेय राम को कायरता के कार्य के बारे में कोई अपराधबोध क्यों नहीं होगा।


इसे समझने के लिए आपको गुरु वशिष्ठ की शिक्षाओं पर भरोसा करना होगा। उनके द्वारा राम को इस विश्वास की शिक्षा दी गई थी कि यह संसार रूपी मन द्वारा निर्मित भ्रम के अलावा और कुछ नहीं है। जो कुछ भी वास्तविक माना जाता है वह सर्वोच्च चेतना में एक विचार मात्र है। एक सपना जो सपने देखने वाले को वास्तविक प्रतीत होता है लेकिन जब कोई जागता है तो वह इसे देखता है कि यह क्या है - कुछ भी नहीं। अच्छा, बुरा, सही, गलत, 'तुम' और 'मैं' सब ऐसे शब्द हैं जो इस यात्रा को साकार करने के लिए उपयोग किए जाते हैं। इस प्रकार अपनी स्वयं की पहचान, द्वैत, विश्वरूप, मन और इंद्रियों पर काबू पाने से राम को अकर्तापन का एहसास हुआ था और इसलिए अपराध का कोई तत्व नहीं था, केवल एक भूमिका निभाई जा रही थी।

कहने की जरूरत नहीं है, हालांकि इसे 'अकादमिक रूप से समझा' जा सकता है, मगर यह ऐसा कुछ नहीं है जिसे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक विकास और अभ्यास के बिना महसूस किया जा सकता है।

इसलिए, निष्कर्ष रूप में, व्यक्तिगत और आध्यात्मिक प्रगति के लिए अपराधबोध कोई बड़ी बात नहीं है। स्वयं को नीचा देखना भीतर के देवत्व को साकार करने का बहुत अच्छा मार्ग नहीं है। अपराध बोध को दूर करने का कोई शॉर्टकट नहीं है। सेवा के रूप में धीरे धीरे सही काम करें, जो अधिक 'सत्व' के निर्माण के जरिए 'गुण मिश्रण' में मदद करेगा। समय के साथ स्वीकृति और अंततः अकर्तापन इसे पूरी तरह समाप्त कर देगा। मेरी सलाह द्विस्तरीय होगी - सेवा एक कम ऊंचाई पर लटका हुआ फल है जिसे करना बहुत आसान है। आगे बढ़ो और इसके साथ कदम बढ़ाओ। दूसरी ओर है स्वीकृति व अकर्तापन के कुछ अधिक कठिन पहलू - इस मामले में 'इसे तब तक नकली' मानें जब तक आप इसे साध नहीं लेते। और इसे आप निश्चित रूप से साध लेंगे।

**-लेखक आध्यात्मिक पुस्तकों की हिंगोरी सूत्र श्रृंखला के लेखक हैं।**

# शिक्षा का लक्ष्य





प्रमोद पाठक

जैसे-जैसे रूस यूक्रेन युद्ध भारी मात्रा में मौत व तबाही का कारण बनता जा रहा है और तथाकथित वैश्विक समुदाय असहाय दिखाई देता है, एक बुनियादी सवाल सामने आता है। प्रागैतिहासिक युग में देखी जाने वाली भावना के साथ चलते रहने के लिए हम अभी भी शत्रुता, आक्रामकता और हत्या की प्रवृत्ति के साथ पशु प्रवृत्ति द्वारा शासित क्यों हैं। क्या शिक्षा, धर्म व समाजीकरण की अन्य एजेंसियों के जरिए मनुष्य को मनुष्य बनाने के वे सभी प्रयास प्रभाव डालने में विफल रहे हैं? एक और सवाल उठता है : सैनिक किसके लिए लड़ रहे हैं? क्या रूसी अपने देश के लिए लड़ रहे हैं या पुतिन नाम के व्यक्ति के लिए। वे सभी वैचारिक बहाने कम मायने रखते हैं। तथ्य यह है कि यह एक आदमी का अहंकार है, और उसकी पागल सोच इस दुनिया को इस कगार पर ले आई है। शायद सामाजिक डार्विनवाद की पैरोकारियां किसी बेहतरी की तरफ नहीं पहुंचा पाई हैं। योग्यतम का जीवित रहना एक ऐसा शब्दजाल है जो कमजोर के बजाय बलवान की पीठ थपथपाने को स्वीकृति देने हेतु हिंसा व आक्रामकता को सही ठहराता है। मानव समाज में भी जंगल का कानून प्रचलित है। इंसान जानवरों से भी बदतर साबित हुआ है। जानवर जरूरत पड़ने पर ही मारते हैं। जबकि मनुष्य तब भी मार डालते हैं, जब उनके पास ऐसा करने का कोई आवश्यक कारण न हो। और यह पहली बार नहीं है। अतीत में भी जानवरों की प्रवृत्ति मानवी कारक से बेहतर रही है। और यह हमेशा सिर्फ एक कारण बनी है। एक आदमी का अहंकार और कई लोगों की सहमति। इसका उपाय उन सभी लोगों द्वारा उचित तर्क को लागू करना है जो तब ना नहीं कहते हैं जब वे ना कहना चाहते हैं। इसी पृष्ठभूमि के मद्देनजर हमें शिक्षा पर चर्चा करने की आवश्यकता है। शिक्षा, जो मानव स्वभाव को परिष्कृत करने और हमारे अंदर के पशु को मनुष्य में रूपांतरित करने वाली मानी जाती है।

एक सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, द्वितीय विश्व युद्ध के अंत में एक नाजी यातना शिविर में शिक्षकों को संबोधित एक पत्र मिला था। यह बहुत ही प्रासंगिक बात कहता है। भले ही इसकी प्रामाणिकता संदिग्ध हो, मगर सामग्री पर गंभीर विचार की आवश्यकता है। यह इस प्रकार उद्धृत है। ''मैं एक यातना शिविर का पीड़ित हूं। मेरी आंखों न जो देखा, वो किसी को नहीं देखना चाहिए। विद्वान इंजीनियरों द्वारा चैंबर बनाए गए। शिक्षित डाक्टरों द्वारा बच्चों को जहर दिया गया, प्रशिक्षित नर्सों द्वारा शिशुओं को मार डाला गया, महिलाओं और बच्चों को हाई स्कूल व कॉलेज के स्नातकों द्वारा गोली मारकर जला दिया गया। इसलिए, मैं शिक्षा को लेकर सशंकित हूं। मेरा अनुरोध है कि अपने छात्रों को इंसान बनने में मदद करें। आपके प्रयासों से कभी भी विद्वान दैत्य, कुशल मनोरोगी और शिक्षित निरक्षर उत्पन्न नहीं होने चाहिए। पढ़ना, लिखना और अंकगणित तभी महत्वपूर्ण हैं जब वे हमारे बच्चों को मानवीय बनाने की दिशा में काम करते हैं। दिलचस्प बात यह है कि बीएचयू के संस्थापक मदन मोहन मालवीय ने लगभग चार दशक पहले कुछ ऐसा ही कहा था। उन्होंने कहा कि शिक्षण विश्वविद्यालय अपनी कार्य-प्रस्तुति आधा कर देगा यदि वह अपने विद्वानों की हृदय शक्ति को उसी भावना के साथ विकसित करने का प्रयास नहीं करता है जिसके साथ वह मानसिक शक्ति का विकास करता है। उन्होंने चरित्र निर्माण को विश्वविद्यालय बनाने के प्रमुख उद्देश्यों में से एक के रूप में रखा। इसमें इंजीनियरों, डॉक्टरों, प्रबंधकों आदि को ही नहीं, बल्कि उच्च चरित्र, ईमानदारी व सम्मान वाले व्यक्ति भी शामिल होने चाहिए। समय आ गया है कि शिक्षा का पुनराविष्कार करने का प्रयास किया जाए ताकि यह निर्मम पेशेवरों के बजाय सभ्य इंसानों का निर्माण करे। यह एक कठिन काम होने जा रहा है क्योंकि अच्छे इंसान बनाने के लिए पाठ्यक्रम तैयार करना एक लंबा क्रम है। लेकिन प्रयास किया जा सकता है ताकि अनिच्छुक द्वारा अनुचित और अपात्र का पीछा न किया जाए। शिक्षा को विवेक जगाना होगा।

**- पाठक प्रबंधन- प्रोफेसर, लेखक और प्रशंसित सार्वजनिक वक्ता हैं।**

# दूसरों के लिए जियो

**अजीत कुमार बिश्नोई** लिखते हैं कि जो दूसरों के लिए जीते हैं, उन्हें कई तरह से फायदा होता है। वे भगवान की स्वीकृति से मिलते हैं



हमें दूसरों के लिए जीना चाहिए, क्योंकि यह सृष्टिगत विधान है। हम में से अधिकांश के ऐसा किए बिना दुनिया का अस्तित्व टिका नहीं रह सकता। कई उदाहरण इस वास्तविकता की पुष्टि करेंगे। पहला और सबसे अच्छा उदाहरण एक मां का है। हम बचपन में जीवित रहते हैं क्योंकि हमारी माताएं हमारे लिए जीना पसंद करती हैं। बच्चे के जन्म से पहले ही वह बलिदान के मूड में रहती है। यह तब तक चलता है जब तक बच्चा उस पर बहुत ज्यादा निर्भर न रह जाए। यह हमारी आवश्यकता है लेकिन एक मां बिना किसी शिकायत या एहसान के, ऐसा करती है। एक पिता अपने बच्चे के लिए अपनी जरूरतों का बलिदान करता है, अपने बच्चे के साथ समय बिताने की कोशिश करता है, भले ही यह कठिन हो।

तीसरा उदाहरण सामाजिक कार्यकर्ताओं, ईमानदार व्यक्तियों का है। वे दूसरों के लाभ हेतु अपनी निस्वार्थ गतिविधियों से दुनिया को चलाते रहते हैं। कभी-कभी, उनके परिवार भी पीड़ित होते हैं या भौतिक एवं समय के हिसाब से उन्हें जो मिलना चाहिए, उससे वंचित रह जाते हैं। लेकिन बहुत से लोग शिकायत नहीं करते हैं यदि वे व्यापक तस्वीर देख सकते हैं। आखरी उदाहरण अध्यात्मवादियों का है। इस मामले में, मैं एक उदाहरण दूंगा, जोकि आदि शंकराचार्य का है, क्योंकि वे अत्यंत उत्कृष्ट थे। कम उम्र में घर छोड़ने के बाद उनका पूरा जीवन आध्यात्मिक किस्म की कल्याणकारी गतिविधियों में बीता, जो कई शताब्दियों के बाद भी मानवता को लाभान्वित कर रहे हैं।


जो लोग दूसरों के लिए जीते हैं, उन्हें अपने प्रयासों के कारण कई तरह से लाभ होता है। वे परमेश्वर की स्वीकृति प्राप्त करते हैं, जो कि परम महत्वपूर्ण है। क्यों? क्योंकि भगवान इस सृष्टि के नियंत्रक हैं, उनकी इच्छा सर्वोच्च है। ऐसे लोगों को ईश्वर कई प्रकार से पुरस्कृत करता है। माताओं को अपने बच्चों से शुद्ध प्रेम मिलता है, जो इस स्वार्थी दुनिया में दुर्लभ है। पिता को अपने बच्चों से और समाज से भी, मौन विचार से भी पहचान मिलती है। अध्यात्मवादियों, वास्तविक लोगों को बहुत सम्मान दिया जाता है, यहां तक कि पूजा भी की जाती है। इसी प्रकार समाजसेवियों को समाजों में विशेष स्थान दिया जाता है। ऐसा सारा ध्यान अत्यधिक संतोषजनक है, जो व्यक्ति के जीवन को समृद्ध करता है, जीने लायक बनाता है। व्यक्ति जानता है कि उसके जीवन का एक उच्च उद्देश्य है। यह औसत व्यक्ति के मौजूदा जीवन से बहुत अलग है। दूसरों के लिए जीने वालों के लिए, भगवान की कृपा के साथ मिलकर बनी उनकी संतुष्टि सचमुच अच्छी लगती है।

उन्हें और भी कई तरह से फायदा होता है। उनकी सहन-शक्ति एक औसत व्यक्ति की तुलना में बहुत अधिक होती है, जो अपने संयम को बहुत आसानी से खोने की संभावना रखता है। ऐसे व्यक्तियों में एक और दुर्लभ गुण होता है, अर्थात धैर्य का, जो उनके जीवन को समृद्ध बनाता है। अच्छाई का स्वरूप, जो सभी प्रकार की अच्छाइयों पर पनपता है, उनके अनुपात में उच्च होता है। यह उन्हें जुनून व अंधेरे के तरीकों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने में मदद करता है। और, सबसे महत्वपूर्ण बात, उनकी 'जीवनी-शक्ति' (जीवित शक्ति) कई गुना बढ़ जाती है, जो उस औसत व्यक्ति की तुलना में जीवन को बहुत आसान बना देती है, जो ज्यादातर संघर्ष करता है।

इसके विपरीत उन लोगों का भाग्य है जिनका संकीर्ण रूप से स्वार्थी अस्तित्व है। जब चलना कठिन होता है तो व्यक्ति मन को हार जाता है। कुछ तो आत्महत्या तक कर लेते हैं। दूसरों के लिए जीना जीवन को एक अर्थ देता है। चलना किसी के लिए भी मुश्किल हो सकता है, लेकिन वे चलते रहते हैं, क्योंकि जीने की चाहत के बहुत सारे कारण होते हैं। व्यक्ति अपने आप में कभी पूर्ण नहीं हो सकता, व्यक्ति को बेहतर अस्तित्व के लिए दूसरों की जरूरत होती है। कोई वैसा कैसे करता है? वह दूसरों के लिए जीता या जीती है। सृष्टि विधान हमें एक दूसरे के पूरक होने का आह्वान करता है। एक सामान्य उदाहरण पति और पत्नी की टीम का है, वे ज्यादातर वही प्रदान करते हैं जो उन्हें पारस्परिक रूप से चाहिए। जो दूसरों के लिए उपयोगी नहीं हैं, उन्हें संसार चुप करा देता है। एकमात्र अपवाद वे अध्यात्मवादी हैं, जो 'तपस्या' में लगे हुए हैं। ये भी मानवता की सेवा के लिए लौटते हैं। और यह एकतरफा नहीं है। आमतौर पर स्वार्थी व्यक्तियों को दूसरों से सहायता या सहयोग नहीं मिलता है। अध्यात्म की शुरुआत यहीं से होती है, यानी जब कोई दूसरों की सेवा करता है।

**-बिश्नोई एक आध्यात्मिक लेखक हैं।**

# मानसिक स्वास्थ्य और काम



**अनामिका यदुवंशी** का कहना है कि नियोताओं को चिंता को स्वीकारना चाहिए और इससे पीड़ित लोगों को समायोजित करने के लिए समायोजन करना चाहिए

मानसिक स्वास्थ्य कल्याण व उत्पादक प्रदर्शन साथ-साथ चलते हैं। इसलिए, यह समझ में आता है कि कर्मचारी कल्याण अनेक संगठनों तथा प्रदर्शन चर्चाओं की प्राथमिक चिंता बन गया है। कर्मचारियों को अपने नियोक्ताओं से अटूट समर्थन और विश्वास की आवश्यकता होती है यदि उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है, और यह उन कर्मचारियों के लिए विशेष रूप से सच है जो शायद चिंता या अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों से जूझ रहे हों। नियोक्ताओं को अपने कर्मचारियों को यह समझाने की आवश्यकता है कि वे अपनी नौकरी खोने या पदोन्नति के डर के बिना आपके प्रोत्साहन व समझ पर भरोसा कर सकते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, आइए चिंता, जो एक विकार है, जो प्रदर्शन, काम की गुणवत्ता और कर्मचारी प्रेरणा को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है, पर चर्चा करते हैं।

चिंता विकारों से पीड़ित लोग शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, और यहां तक कि आध्यात्मिक रूप से भी प्रभावित हो सकते हैं। भले ही बीमारी के कोई बाहरी लक्षण न हों, मगर चिंता विकार कष्टदायक और दुर्बल करने वाले लक्षणों से भरा हो सकता है। यह गंभीर जीवन शैली की हानि का कारण बन सकता है और जो दुर्गम शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों जैसा लगता है। ये चुनौतियां अक्सर पीड़ितों को भयभीत, भ्रमित, निराश और उनकी बुद्धि के नष्ट होने की स्थिति में छोड़ देती हैं।

चिंता के पांच प्रमुख रूप हैं : आतंक विकार, अभिघातजन्य तनाव-विकार, जुनूनी बाध्यकारी विकार, सामाजिक चिंता विकार और सामान्यीकृत चिंता विकार

चिंता करने वाला व्यक्ति हमेशा चरम पर महसूस कर सकता है, उसे लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई हो सकती है या वह अत्यधिक चिंता कर सकता है। वे आसानी से चिड़चिड़े और अनिर्णायक भी हो सकते हैं, और उच्च स्तर का तनाव व घबराहट अनुभव कर सकते हैं।

लोग अक्सर चिंता और तनाव को अनिवार्य रूप से एक ही मान लेते हैं। लगभग हर पेशेवर कामकाजी व्यक्ति तनाव का अनुभव करता है, खासकर जब समय सीमा नजर आती है या कंपनी कठिनाइयों का सामना कर रही होता है, लेकिन हर कर्मचारी चिंता का अनुभव नहीं करता है।

यहां कुछ तरीके दिए गए हैं जिनका कर्मचारी समर्थन कर सकते हैं :

- **चर्चा के लिए तैयार रहें :** हर कोई चिंता की एक अलग तीव्रता और आवृत्ति अनुभव करता है। किसी भी दो कर्मचारियों का एक जैसा चिंता आवेग नहीं होगा और न ही वे एक ही तरह से अपनी चिंता व्यक्त करेंगे। मानसिक स्वास्थ्य को लेकर शर्मिन्दगी के बावजूद, नियोक्ताओं को एक ईमानदार संवाद शुरू करना चाहिए और कर्मचारियों को यह बताने के लिए पहल करनी चाहिए कि उनके मानसिक स्वास्थ्य को गंभीरता से लिया जा रहा है। एक बार जब कर्मचारी प्रबंधन में विश्वास करने के लिए और ज्यादा आत्मविश्वास महसूस करना शुरू कर देते हैं तो आप सहयोगात्मक रूप से एक प्रेरक कार्य वातावरण बना सकते हैं।
- **लचीला बनें :** कभी-कभी केवल लचीले ढंग से काम करने की संभावना जानने से कर्मचारी की चिंता कम करने में मदद मिल सकती है। चिंता से ग्रसित लोगों के लिए कुछ दिन दूसरों की तुलना में खराब होते हैं, इसलिए उन्हें कुछ कार्यों के लिए अतिरिक्त समय की आवश्यकता हो सकती है। छोटे समायोजन करना, टेलीकम्प्यूटिंग या फ्लेक्सटाइम की पेशकश करना भला काम हो सकता है।
- **प्रायः एवं पारदर्शी संवाद:** एक बार की ईमानदार चर्चा पर्याप्त नहीं है। एक बार, जब आप किसी कर्मचारी के साथ स्वस्थ संवाद स्थापित कर लेते हैं तो आपको नियमित संपर्क बनाए रखना चाहिए। संवाद कर्मचारी प्रोत्साहन में प्रमुख कारक है। हर महीने कर्मचारियों के साथ यह पूछने के लिए बैठकें करें कि कर्मचारी अपने कार्य बोझ से कैसे उबर रहे हैं, उन्हें सकारात्मक जानकारी प्रदान करके उनकी सहायता करें, उनकी उपलब्धियों व प्रगति की चर्चा करें, उनके काम की प्रशंसा करना, उसे पहचान देना बहुत जरूरी है।

यह याद करना जरूरी है कि सारी अयोग्यताएं साफ तौर पर नजर नहीं आती हैं। बेचैनी से ग्रसित लोग अपना समस्त प्रदान करना चाहते हैं और बतौर नियोक्ता यह आपकी जिम्मेदारी है कि उन्हें उपकरण व सहायता प्रदान करें ताकि वे अपना शत प्रतिशत प्रदान कर सकें।

**- लेखक प्रेरक वक्ता एवं जीवन प्रशिक्षक हैं।**

# ऐश बार्टी ने 25 साल की उम्र में टेनिस से लिया संन्यास

**एपी।** ब्रिस्बेन



**ऐश** बार्टी ने आस्ट्रेलियाई ओपन के रूप में अपना तीसरा ग्रैंडस्लैम जीतने के दो महीने के अंदर बुधवार को टेनिस से संन्यास ले लिया।

बार्टी की उम्र केवल 25 वर्ष है और उन्होंने विश्व में नंबर एक स्थान पर रहते हुए यह फैसला करके सबको चौंका दिया। बार्टी ने अपने इंस्टाग्राम पर छह मिनट का वीडियो डालकर यह घोषणा की। वह बेहद भावुक थी और उनकी आवाज लड़खड़ा भी रही थी। उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं और मैं इसके लिए पूरी तरह तैयार हूं। मैं इस समय सिर्फ अपने दिल की सुन रही हूं और मैं जानती हूं कि यह सही फैसला है। बार्टी ने कहा अब अन्य सपनों को साकार करने का समय आ गया है। इस स्टार टेनिस खिलाड़ी ने नवंबर में गोल्फर गैरी किसिक के साथ सगाई की थी। उन्होंने कहा कि वह अब खुद को वह सब करने के लिए मजबूर नहीं करना चाहती जो उनकी नजर में टेनिस में सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए जरूरी है।

बार्टी ने अपनी पूर्व युगल जोड़ीदार केसी डेलाक्वा के साथ एक अनौपचारिक साक्षात्कार के दौरान कहा, यह पहली बार है जब मैंने वास्तव में सार्वजानिक तौर पर यह बात कही और हाँ, यह कहना मुश्किल है। उन्होंने कहा, मेरे अंदर वह शारीरिक ताकत, वह इच्छाशक्ति और वे सब चीजें नहीं हैं जो शीर्ष स्तर पर खुद को चुनौती देने के लिए आवश्यक होती हैं। यह पहला अवसर नहीं है जबकि बार्टी ने इस तरह से टेनिस को छोड़ा। वह 2011 में 15 साल की उम्र में विंबलडन जूनियर चैंपियन बनी और उनका करियर शानदार नजर आ रहा था लेकिन उन्होंने 2014 में थकान, दबाव और लंबी यात्राओं के कारण स्वयं को दो साल तक खेल से दूर रखा। वह आस्ट्रेलिया में इस बीच पेशेवर क्रिकेट खेलने लगी, लेकिन बाद में उन्होंने फिर से रैकेट थामा और अपने खेल में वापसी की। बार्टी ने तीन अलग अलग कोर्ट पर ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट जीते। उन्होंने 2019 में क्ले कोर्ट पर फ्रेंच ओपन, पिछले साल ग्रास कोर्ट पर विंबलडन और इस वर्ष हार्ड कोर्ट पर आस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता। वह पिछले 44 वर्षों में आस्ट्रेलियाई ओपन जीतने वाली पहली आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बनी थी। उन्होंने एकल में 15 टूर स्तर के खिताब जीते। इसके अलावा उनके नाम पर 12 युगल खिताब भी दर्ज हैं। वह कुल 121 सप्ताह तक विश्व में नंबर एक रैंकिंग पर रही जिनमें पिछले 114 सप्ताह भी शामिल हैं। बार्टी ने जो पिछले 26 मैच खेले उनमें से 25 में जीत दर्ज की। वह नंबर एक रैंकिंग पर रहते हुए संन्यास लेने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उनसे पहले जस्टिन हेनिन ने मई 2008 में नंबर एक पर रहते हुए टेनिस को अलविदा कह दिया था।

बार्टी ने आस्ट्रेलियाई ओपन जीतने के बाद कोई टूर्नामेंट नहीं खेला था। मेलबर्न पार्क पर उन्हें ट्राफी सौंपने वाली सात बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन इवोनी गूलागोंग ने कहा, मैं बार्टी का समर्थन करती हूं क्योंकि उसने वह चुना जिसमें उसकी खुशी निहित है। डब्ल्यूटीए के सीईओ स्टीव साइमन ने बार्टी को वास्तविक प्रतिस्पर्धी करार दिया जिन्होंने अपने पेशेवरपन और खेल भावना से उदाहरण पेश किया। हमें उनकी कमी खलेगी। बार्टी में बीच में जब 21 महीनों तक टेनिस से दूर रही थी तब वह महिला बिग बैश लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में ब्रिस्बेन हीट्स की तरफ से खेली थी। उन्होंने मई 2016 में टेनिस में वापसी की थी। बार्टी टेनिस में लोकप्रिय खिलाड़ियों में शामिल रही हैं और इसलिए कई खिलाड़ियों ने उन्हें भविष्य के लिए भी शुभकामनाएं दी। इनमें सिमोना हालेप, मेडिसन कीज, एलिसियो मोलिक और एंडी में भी शामिल हैं। बार्टी ने वीडियो के आखिर में कहा, टेनिस के प्रति मेरा प्यार कभी कम नहीं होगा। यह हमेशा मेरी जिंदगी का अहम हिस्सा रहेगा लेकिन अब मुझे लगता है कि एक खिलाड़ी नहीं बल्कि एक आम जन के रूप में जिंदगी के अगले चरण का आनंद उठाना महत्वपूर्ण है।

# शरत कमल डब्ल्यूटीटी कंटेंडर के सेमीफाइनल में

**भाषा।** दोहा



**भारत** के अनुभवी अचंत शरत कमल ने बुधवार को डब्ल्यूटीटी कंटेंडर टेबल टेनिस टूर्नामेंट दोहा के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 41वें स्थान पर काबिज शरत ने क्रोएशिया के टोमिस्लाव पुकार को 11-8, 11-7, 11-4 से मात दी। जी साथियान के पहले दौर में बाहर होने के बाद शरत टूर्नामेंट में पुरूष एकल में अकेले भारतीय बचे हैं। सेमीफाइनल में उनका सामना चीन के युआन लिसेन से होगा जो रैंकिंग में 264वें स्थान पर है। उन्होंने ही सोमवार को साथियान को हराया था। साथियान और मनिका बत्रा मिश्रित युगल वर्ग के फाइनल में पहुंच गए। उन्होंने हांगकांग के वोंग चुन तिंग और दू होइ केन की जोड़ी को 3-2 से हराया।

अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त ताइपै के चेंग आई चिंग और लिन युन जू से होगा। महिला एकल में मनिका मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में चीन की फान सिकि से 7-11, 5-11, 6-11 से हारकर बाहर हो गई।

## क्विक न्यूज

### खेल मंत्रालय ने चार भारतीय तैराकों के लिए वित्तीय सहायता को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने अपने लक्ष्य ओलंपिक पोडियम (टॉप्स) और एसीटीसी योजनाओं के तहत साजन प्रकाश और श्रीहरि नटराज सहित चार भारतीय तैराकों को आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारियों और उनमें भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है। मंत्रालय के मिशन ओलंपिक प्रकोष्ठ (एमओसी) ने टॉप्स और प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता (एसीटीसी) योजना के तहत वित्तीय सहायता को मंजूरी दी। जिन पांच तैराकों को वित्तीय सहायता दी गई है उनमें ओलंपियन साजन, श्रीहरि और माना पटेल के अलावा युवा केनिशा गुप्ता शामिल हैं। साजन और श्रीहरि वर्तमान में टॉप्स के मुख्य समूह (कोर ग्रुप) का हिस्सा है, जबकि माना और केनिशा इसके विकास समूह में शामिल हैं।

### पंजाब एफसी ने एड एंगेलकेस को नया कोच नियुक्त किया

**कोलकाता।** आई-लीग क्लब पंजाब एफसी ने इंग्लैंड के एश्ले वेस्टवुड से आपसी सहमति से नाता तोड़ने के बाद नीदरलैंड के एड एंगेलकेस को टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। क्लब ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। एंगलकेस नीदरलैंड के शीर्ष फुटबॉल क्लबों एएफसी अजाक्स और एजेड अल्कमार तथा रॉयल डच फुटबॉल एसोसिएशन (केएनवीबी) के साथ कई वर्षों तक काम कर चुके है। वह विभिन्न फुटबॉल संस्थानों से भी जुड़े रहे। पंजाब एफसी फुटबॉल निदेशक निकोलास टोपोलियाटिस ने एक विज्ञप्ति मे कहा, हमारे पास एड के रूप मे अनुभवी कोच है, जो हमारे उद्देश्यों से अच्छी तरह वाकिफ है। हम आई-लीग मे निरंतर आगे बढ़ने की उम्मीद करते है।

### गुकेश को रानिंदु लियानागे ने हराया

**नई दिल्ली।** भारत केसबसे युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को श्रीलंका केरानिंदु लियानागे ने 19वे दिल्ली इंटरनेशनल ओपन शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर मे हरा दिया। दूसरी वरीयता प्राप्त रूस केपावेल पोंक्रातोव , तीसरी वरीयता प्राप्त गत चैम्पियन अभिजीत गुप्ता और चौथी वरीयता प्राप्त पराग्वे के नौरिस डेलगाडो रामिरेज को निचली रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वियो ने ड्रॉ पर रोका। तीसरी वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगेसी ने अनुभवी ग्रैंडमास्टर पी कार्तिकेयन को मात दी। गुप्ता को पूर्व राष्ट्रीय महिला चैम्पियन पद्मिनी राउत ने ड्रॉ पर रोका।

### श्रीकांत ने स्विस ओपन में जीत के साथ आगाज किया

**बासेल।** सातवी वरीयता प्राप्त किदाम्बी श्रीकांत ने मैड्स क्रिस्टोफरसेन को स्विस ओपन बैडमिंटन मे सीधे गेम मे हराकर स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरूष एकल वर्ग के दूसरे दौर मे प्रवेश कर लिया। श्रीकांत ने डेनमार्क के प्रतिद्वंद्वी को 21-16, 21-17 से हराया। तीसरी वरीयता प्राप्त चिराग शेट्टी और सात्विक साइराज रांकिरेड्डी ने इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहिबुल फिक्री और बागास एम को 17-21, 21-11, 21-18 से मात दी। भारत की पी वी सिंधू, साइना नेहवाल और पारुपल्ली कश्यप भी अपने मुकाबले बुधवार को देर रात खेलेंगे।


### देसाई ने दुबई पैरा एथलेटिक्स जीपी में भारत का पहला स्वर्ण जीता

**दुबई।** फर्राटा धावक प्रणव प्रशांत देसाई ने विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री मे भारत का पहला स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पुरूषों की 200 मीटर टी64 फाइनल मे पहला स्थान हासिल किया। टी64 क्लासीफिकेशन पैर मे विकार वाले खिलाड़ियों के लिए है जो प्रोस्थेटिक्स के साथ खड़े होकर खेलते है। देसाई ने ही भारत को इस दिन पहला पदक दिलाया जबकि थ्रो खिलाड़ी नाकाम रहे। फाजा चैम्पियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता देसाई ने 24-42 सेकंड में रेस पूरी की। वह थाईलैंड के डेनपूम के और नॉर्वे के कीनिथ जेनसेन एच से आगे रहे।

# जडेजा फिर से आलराउंडरों की सूची में शीर्ष पर

**आईसीसी टेस्ट रैंकिंग**

**भाषा।** दुबई



**भारतीय** स्टार रविंद्र जडेजा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में आलराउंडरों की सूची में वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर की जगह फिर से शीर्ष पर काबिज हो गए। इस महीने की शुरुआत में मोहाली में श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में नाबाद 175 रन बनाने और नौ विकेट लेने के बाद जडेजा नंबर एक पर पहुंच गए थे, लेकिन पिछले सप्ताह उनकी जगह होल्डर ने ले ली थी। अब जडेजा 385 रेटिंग अंक के साथ फिर से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। रविचंद्रन अश्विन ऑलराउंडरों की सूची में तीसरे और गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह गेंदबाजों की सूची में चौथे स्थान पर बने हुए हैं। कप्तान रोहित शर्मा बल्लेबाजों की सूची में एक पायदान नीचे सातवें स्थान पर खिसक गए हैं लेकिन वह भारतीयों में शीर्ष पर हैं। पूर्व कप्तान विराट कोहली और ऋषभ पंत क्रमश: नौवें और 10वें स्थान पर बने हुए हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम तीन पायदान ऊपर पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। मोहम्मद रिज़्वान और आस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा ने भी लंबी छलांग लगाई है।

आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 104 रन की नाबाद पारी खेलने वाले रिजवान छह पायदान के फायदे से डेविड वार्नर के साथ संयुक्त 11वें नंबर पर पहुंच गए हैं। कराची में 160 और 44 रन बनाने वाले ख्वाजा 11 पायदान के फायदे से 13वें नंबर पर पहुंच गए हैं। एकदिवसीय रैंकिंग में कोहली ने अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है लेकिन रोहित एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। बाबर आजम इस सूची में शीर्ष पर हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक तीसरे स्थान पर पहुंच गए है। वनडे में गेंदबाजों की सूची में बुमराह छठे स्थान पर हैं जबकि जडेजा जिम्बाब्वे के सीन विलियम्स के साथ संयुक्त 10वें स्थान पर हैं।

## मंधाना, भाटिया महिला वनडे रैंकिंग में आगे बढ़ी, मिताली खिसकी

**भाषा।** दुबई

**भारत** की स्मृति मंधाना और यास्तिका भाटिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महिला वनडे में खिलाड़ियों की नवीनतम विश्व रैंकिंग में क्रमश: 10वें और 39वें स्थान पर पहुंच गईं, लेकिन कप्तान मिताली राज आठवें स्थान पर खिसक गईं हैं।

न्यूजीलैंड में चल रहे आईसीसी महिला विश्व कप में भारत के पिछले तीन मैचों में 35, 10 और 30 रन की पारियां खेलने वाली स्टार सलामी बल्लेबाज मंधाना एक स्थान ऊपर चढ़कर 663 की रेटिंग के साथ शीर्ष 10 में पहुंच गईं। भाटिया ने इस बीच प्रभावशाली प्रदर्शन किया जिससे वह मंगलवार को जारी रैंकिंग में आठ पायदान ऊपर 39वें स्थान पर पहुंच गई हैं। बाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने भारत के पिछले दो मैचों में आस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के खिलाफ अर्धशतक बनाए थे। पिछले दो सप्ताह में पांच स्थान खिसकने वाली मिताली एक और स्थान नीचे लुढ़क गई है और अब न्यूजीलैंड की एमी सैटरथवेट के साथ संयुक्त आठवें स्थान पर हैं। भारतीय कप्तान ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 68 रन बनाकर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए लेकिन मंगलवार को बांग्लादेश पर भारत की 110 रन की जीत के दौरान वह खाता भी नहीं खोल सकी। आस्ट्रेलिया की एलिसा हीली (730 अंक) अब भी एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर हैं, लेकिन उन्हें अपनी साथी खिलाड़ियों से ही चुनौती मिल रही है।

बेथ मूनी 725 रेटिंग अंक के साथ दो पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। उनके अलावा मेग लैनिंग (715) और राचेल हेन्स (712) भी क्रमश: चौथे और पांचवें स्थान पर पहुंच गईं हैं। दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोलवार्ट दो पायदान आगे तीसरे नंबर पर काबिज हो गईं हैं। गेंदबाजों की सूची में भारत की तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर 13 पायदान ऊपर चढ़कर 56वें स्थान पर पहुंच गईं हैं जबकि अनुभवी झूलन गोस्वामी एक पायदान नीचे सातवें स्थान पर खिसक गईं हैं।

## श्रेयस अय्यर जन्मजात नेतृत्वकर्ता: हसी

**भाषा।** मुंबई

**कोलकाता** नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटर (मार्गदर्शक) डेविड हसी का मानना है कि टीम के नए कप्तान श्रेयस अय्यर को क्रिकेट की अच्छी समझ है और उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान के रूप में अपने नेतृत्व कौशल को साबित किया है। दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल 2020 के फाइनल में पहुंचाने वाले अय्यर को केकेआर ने पिछले महीने मेगा नीलामी में 12.25 करोड़ रुपए में खरीदा था। केकेआर टीम प्रबंधन ने उन्हें आस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम के कप्तान तेज गेंदबाज पैट कमिंस पर प्राथमिकता दी। हसी ने बुधवार को वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, 'श्रेयस जन्मजात नेतृत्वकर्ता हैं। वह काफी सम्मानित खिलाड़ी हैं। मैं पैट (कमिंस) को अच्छी तरह से जानता हूं। वह अच्छे उप कप्तान साबित होंगे और वह आगे बढ़कर भी नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा, लेकिन श्रेयस ने जिस तरह से अतीत में दिल्ली की कप्तानी की है। वह क्रिकेट की बहुत अच्छी समझ रखता है और जानता है परिस्थितियों के अनुसार खेल कैसे खेलना है। मुझे लगता है कि उसे कप्तान नियुक्त करना ब्रेंडन (मैकुलम) और केकेआर प्रबंधन का अच्छा फैसला है।

# आस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट में पहली पारी में 123 रन की बनाई बढ़त

**एपी।** लाहौर



**आस्ट्रेलिया** के कप्तान पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क की शानदार तेज गेंदबाजी के सामने पाकिस्तान की टीम तीसरे और आखिरी क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन पहल पारी में 123 रन से पिछड़ गई। चाय के बाद पाकिस्तान ने सात विकेट 41 रन के भीतर गंवा दिए। आखिरी चार विकेट तो एक भी रन जोड़े बिना गिर गए। कमिंस ने 56 रन देकर पांच और स्टार्क ने 36 रन देकर चार विकेट लिए। आस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर बिना किसी नुकसान के 11 रन बना लिए थे। उस्मान ख्वाजा सात और डेविड वॉर्नर चार रन बनाकर खेल रहे हैं। इससे पहले आस्ट्रेलिया के पहली पारी के 391 रन के जवाब में पाकिस्तान ने 268 रन बनाए। फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक (81) और अनुभवी अजहर अली (78) कल के स्कोर एक विकेट पर 90 रन से आगे खेलते हुए पाकिस्तान को एक विकेट पर 170 रन तक ले गए। आस्ट्रेलिया को पहले सत्र में कोई सफलता नहीं मिली। कप्तान पैट कमिंस के शानदार रिटर्न कैच पर अजहर की साढे पांच घंटे की पारी का अंत हुआ जिसमें सात चौके और एक छक्का शामिल था।

आफ स्पिनर नाथन लियोन को पहले विकेट के लिए 21वें ओवर तक इंतजार करना पड़ा। उन्होंने शफीक (81) को पवेलियन भेजा। शफीक ने 228 गेंद की अपनी पारी में 11 चौके लगाए। उन्होंने अजहर के साथ साढे चार घंटे डटकर 150 रन की साझेदारी की। अपने शहर लाहौर में पहली बार खेल रहे अजहर टेस्ट क्रिकेट में 7000 रन पूरे करने वाले पांचवें पाकिस्तानी बल्लेबाज बन गए। उनसे अधिक रन यूनिस खान (10099), जावेद मियांदाद (8832), इंजमाम उल हक (8829) और मोहम्मद युसूफ (7530) ने बनाए हैं। चाय के बाद पाकिस्तान ने आखिरी छह विकेट 40 गेंद के भीतर लिए। नई गेंद से दो ही ओवर फेंकने वाले स्टार्क ने आखिरी सत्र में फवाद आलम (13) और मोहम्मद रिजवान (1) के विकेट लिए। पाकिस्तान के पुछल्ले बल्लेबाज कुछ नहीं कर सके। कप्तान बाबर आजम ने 131 गेंद में 67 रन बनाए। कमिंस ने साजिद खान, नोमान अली और हसन अली को दो ओवरों के भीतर पवेलियन भेजा। वहीं स्टार्क ने बाबर को पगबाधा आउट किया और 11वें नंबर के बल्लेबाज नसीम शाह को क्लीन बोल्ड किया।



स्पेन के अल्फ्रेडो डि स्टेफानो स्टेडियम में रियल मैड्रिड और बार्सिलोना के बीच पहले चरण के फुटबॉल मैच के दौरान महिला चैंपियंस लीग क्वार्टर फ़ाइनल के दौरान अपने पक्ष के तीसरे गोल के बाद टीम के साथियों के साथ जश्न मनाया।

## अभी एनसीए में ही रहेंगे दीपक चाहर

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ वर्षों में चेन्नई सुपर किंग्स की सफलताओं में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज दीपक चाहर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से मंजूरी मिलने तक राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में उपचार कराते रहेंगे और इस कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरुआती मैचों में नहीं खेल पाएंगे। चाहर पिछले महीने भारत और वेस्टइंडीज के बीच कोलकाता में खेले गए तीसरे और अंतिम टी20 मैच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। उनकी जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था।

# पहले पांच मैच नहीं खेल सकेंगे कमिंस और फिंच: हसी

**भाषा।** मुंबई



**कोलकाता** नाइट राइडर्स को इंडियन प्रीमियर लीग 15 के पहले पांच मैचों में आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस और बल्लेबाज आरोन फिंच की कमी खलेगी।

टीम के मार्गदर्शक डेविड हसी ने बुधवार को यह जानकारी दी। केकेआर को पहला मैच गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स से 26 मार्च को खेलना है। हसी ने कहा, आप चाहते हैं कि आपके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी खेलें लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से जुड़ी व्यस्तताएं है। हर क्रिकेटर देश के लिए खेलना चाहता है और खेलना भी चाहिए। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि कमिंस और फिंच पहले पांच मैच नहीं खेल सकेंगे लेकिन वे मैच फिट रहेंगे। मैदान पर आते ही ड्रेसिंग रूम में जल्दी ढल जाएंगे। आस्ट्रेलियाई टीम का पाकिस्तान दौरा पांच अप्रैल को खत्म होगा जबकि केकेआर का पांचवां मैच दस अप्रैल को है। हसी का मानना है कि टीम के नए कप्तान श्रेयस अय्यर को क्रिकेट की अच्छी समझ है और उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान के रूप में अपने नेतृत्व कौशल को साबित किया है। दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल 2020 के फाइनल में पहुंचाने वाले अय्यर को केकेआर ने पिछले महीने मेगा नीलामी में 12.25 करोड़ रुपए में खरीदा था। केकेआर टीम प्रबंधन ने उन्हें आस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम के कप्तान तेज गेंदबाज पैट कमिंस पर प्राथमिकता दी।

हसी ने बुधवार को वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, श्रेयस जन्मजात नेतृत्वकर्ता हैं। वह काफी सम्मानित खिलाड़ी हैं। मैं पैट (कमिंस) को अच्छी तरह से जानता हूं। वह अच्छे उप कप्तान साबित होंगे और वह आगे बढ़कर भी नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा, लेकिन श्रेयस ने जिस तरह से अतीत में दिल्ली की कप्तानी की है। वह क्रिकेट की बहुत अच्छी समझ रखता है और जानता है परिस्थितियों के अनुसार खेल कैसे खेलना है। मुझे लगता है कि उसे कप्तान नियुक्त करना ब्रेंडन (मैकुलम) और केकेआर प्रबंधन का अच्छा फैसला है।

## आईपीएल में 25 प्रतिशत दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश की अनुमति

**नई दिल्ली।** मुंबई में शनिवार से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इस साल दर्शक स्टेडियम में बैठकर मैचों का आनंद ले पाएंगे। आयोजकों ने बुधवार को बताया कि स्टेडियम की कुल क्षमता के 25 प्रतिशत दर्शकों को प्रवेश की अनुमति मिल गई है। मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स शनिवार को वानखेड़े स्टेडियम में आईपीएल 2022 के पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगा। आईपीएल की विज्ञप्ति में कहा गया है, यह मैच एक महत्वपूर्ण अवसर होगा क्योंकि महामारी के कारण संक्षिप्त अंतराल के बाद आईपीएल प्रशंसकों का स्टेडियम में फिर से स्वागत करेगा। विज्ञप्ति के अनुसार मुंबई, नवी मुंबई और पुणे के स्टेडियमों में मैच खेले जाएंगे, जिसमें कोविड-19 प्रोटोकॉल के अनुसार स्टेडियम की क्षमता के 25 प्रतिशत दर्शक स्टेडियम में बैठकर मैच देख पाएंगे। आईपीएल में दो नई टीम लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटन्स के जुड़ने से इस सत्र में कुल 74 मैच होंगे। लीग चरण के लिए टिकटों की ऑनलाइन बिक्री बुधवार से शुरू होगी।

## वीजा मुद्दों के कारण चेन्नई के लिए आईपीएल के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे मोईन

**भाषा।** नई दिल्ली

**मौजूदा** चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 के अपने शुरुआती मैच में मोईन अली की सेवाएं नहीं मिल पाएंगी क्योंकि इंग्लैंड के इस आलराउंडर को 26 मार्च से मुंबई में शुरू होने वाले इस टी20 टूर्नामेंट के लिए अभी तक भारतीय वीजा नहीं मिला है। सीएसके के सीईओ कासी विश्वनाथन ने इसकी पुष्टि की। विश्वनाथन ने पीटीआई से कहा, यह तय है कि मोईन अली पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे। उन्हें अभी तक वीजा नहीं मिला है। हम और बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। उम्मीद है एक दो दिन में मामला सुलझ जाएगा। उन्होंने कहा, यह निराशाजनक है कि वह अभी तक टीम से नहीं जुड़ पाए हैं। पाकिस्तान मूल के खिलाड़ियों के लिए निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया जाता है। (देरी के लिए) यही कारण लगता है।

मोईन के दादा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से इंग्लैंड चले गए थे लेकिन मोईन का जन्म इंग्लैंड में हुआ है और वह अक्सर भारत आते रहते हैं। आईपीएल 2022 का पहला मैच शनिवार को वानखेड़े स्टेडियम में चार बार के चैंपियन चेन्नई और पिछले साल के उप विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला जाएगा। विश्वनाथन ने कहा कि यदि वह गुरुवार को भी भारत पहुंच जाते हैं तब भी आईपीएल के लिए तय किए गए पृथकवास के नियमों के कारण पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे। उन्होंने कहा, मोईन को आईपीएल के जैव-सुरक्षित वातावरण में प्रवेश करने के लिए तीन दिन तक पृथकवास पर रहना होगा और ऐसे में यदि उन्हें कल वीजा मिल भी जाता है तब भी वह पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे।